जबलपुर
शुक्रवार 31 जुलाई 2026
- श्रावण मास 'कृष्ण पक्ष-2
- वर्ष : 21, अंक : 88
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00

मौसम
अधि. 27
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

2023 विधानसभा चुनाव में हुआ था 80.2 प्रतिशत मतदान


# दतिया उप चुनाव में 71.44 फीसदी मतदान, पिछली बार से 9 फीसदी कम


- बारिश के कारण दोपहर बाद मतदान में आया व्यवधान
- 3 अगस्त को होगी मतगणना, उसी दिन आएगा परिणाम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा सीट उप चुनाव में गुरुवार को हुए मतदान में शाम 6 बजे तक 71. 44 फीसदी मतदाताओं के वोट डालने की खबर है। 2023 के विधानसभा चुनाव की तुलना में यह लगभग 9 फीसदी कम है। तब यहां 80.2 फीसदी मतदान हुआ था। इससे पता चलता है कि उप चुनाव में मतदाताओं ने मतदान में पहले जैसी रुचि नहीं दिखाई। मतदान के दौरान दतिया में बारिश भी हुई।


आशुतोष तिवारी


घनश्याम सिंह


नरोत्तम मिश्रा


दामोदर सिंह यादव

## कांग्रेस ने की फर्जी वोटिंग की शिकायत

मतदान के दौरान कांग्रेस ने सिरोल और जिगना में फर्जी वोटिंग की शिकायत की। पार्टी प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से बात की। उधर, रामसागर गांव के मतदान केंद्र से पुलिस, कांग्रेस के पोलिंग एजेंट को अपने साथ ले गई।

### कांग्रेस जब हारती है तो आरोप लगाती है: नरोत्तम

कांग्रेस के आरोप पर पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस जब हारती है तो आरोप लगाती है। इससे पहले उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक-121 स्थित पुराने केंद्रीय विद्यालय में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। डॉ. मिश्रा ने दतिया में भाजपा के पक्ष में माहौल होने का दावा किया।


### ऐसे बढ़ा मतदान

| समय | मतदान (%) |
|---|---|
| सुबह 9 बजे | 12.94% |
| सुबह 11 बजे | 32.53% |
| दोपहर 1 बजे | 50.26% |
| दोपहर 3 बजे | 61.48% |
| शाम 5 बजे | 68.78% |
| शाम 6 बजे तक | 71.44 |

### इस वजह से कराना पड़ा उपचुनाव

दतिया सीट कांग्रेस के तत्कालीन विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के बाद रिक्त हुई थी। बैंक एफडी धोखाधड़ी मामले में अदालत द्वारा तीन वर्ष की सजा सुनाए जाने के बाद उनका चुनाव शून्य घोषित कर दिया गया था।

### मतदान के दौरान की झलकियां


1 मतदान केंद्रों की कंट्रोल रूम से निगरानी


2 बुजुर्ग महिला मतदान केंद्र पहुंचीं


3 अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता


4 बुजुर्गों में भी दिखा उत्साह

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एमपी हाईकोर्ट बार एसो. चुनाव 17 अगस्त को



**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के बाद अब मध्य प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सत्र 2026-28 के चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो गई है। नए पदाधिकारियों के चुनाव के लिए 17 अगस्त 2026 को मतदान होगा, 18 अगस्त से मतगणना होगी। मुख्य चुनाव अधिकारी संजय सेठ के अनुसार प्रक्रिया सिल्वर जुबली हॉल में होगी।

### कुए में डूबने से दो मासूम चचेरे भाई-बहन की मौत



**शहडोल।** गोहपारू थाना अंतर्गत खोहरी गांव में खुले कुएं में गिरने से दो मासूम चचेरे भाई-बहन प्रयाग (3) और सालवी (4) की डूबने से मौत हो गई। घटना के वक्त बच्चों के माता-पिता खेत में धान रोपाई के लिए गए थे। दोनों बाड़ी में स्थित बिना मुंडेर के खुले कुएं के पास पहुंच गए और पैर फिसलने से अंदर जा गिरे।

### गुना में तेंदुए का सिर और पैर कटा शव मिला



**गुना।** जिले के उत्तर वन परिक्षेत्र अंतर्गत भादौरा सबरेंज के आगरा-हंसली जंगल में गुरुवार को एक तेंदुए का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। तेंदुए का सिर और चारों पैर गायब थे, जबकि केवल धड़ बरामद हुआ है। अंगों की तस्करी के लिए शिकारियों द्वारा तेंदुए की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

## राज्यसभा में हंगामा : खरगे ने 'मनुस्मृति' का उल्लेख किया और भाजपा व संघ को घेरा

# खरगे : सिलेबस मनुस्मृति के आधार पर बनवा रहा है संघ

जो सिलेबस बदल रहे हैं, उसमें आपत्तिजनक चीजें आ रही हैं। उसमें ये भी आ रहा है- शूद्र के वेद पाठ सुनने पर शीशे और जस्ते से उनके कान भर दिए जाएं। वेद मंत्र का उच्चारण करने पर उसकी जीभ काट ली जाए और वेद मंत्र धारण करने पर उसका शरीर काट लिया जाए

# नड्डा: ये तो अशांति फैला रहे टिप्पणी रिकॉर्ड से हटाई गई

जेपी नड्डा ने कहा कि खरगे ने जो कुछ कहा तथ्यों से परे है। वे मनुस्मृति की मूल प्रति दिखाएं। सभापति ने इस बीच खरगे से कहा कि आप इसे ऑथेंटिकेट कीजिए। उन्होंने ये भी कहा कि मनुस्मृति पर जो कुछ कहा गया उसे रिकॉर्ड से हटाया जाएगा


मल्लिकार्जुन खरगे

**खरगे का आरोप:** 10 वर्षों में 152 पेपर लीक, शिक्षा पर आरएसएस का कब्जा

**एंटी पेपर लीक बिल अधूरा** इसमें सिर्फ सजा और जुर्माना बढ़ाया गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के उच्च सदन राज्यसभा में गुरुवार को एंटी पेपर लीक बिल यानी 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026' पर चर्चा हुई। चर्चा में भाग लेते हुए सदन में नेता विपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा कि ये सरकार युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में कुल 152 पेपर लीक हुए हैं लेकिन एक भी दोषी को सजा नहीं हुई। उन्होंने पूछा कि ऐसे में सरकार क्या कर रही थी और एजेंसियां क्या सो रही थीं? इसके बाद खरगे ने मनुस्मृति की बातों का हिंदी अनुवाद बताते हुए कहा कि सरकार भी चाहती है कि विश्वविद्यालयों में अच्छे शिक्षक, अच्छे कुलपति आएं ।


जेपी नड्डा

### शिक्षा पर जीडीपी का सिर्फ 3 फीसदी ही खर्च

खरगे ने कहा कि देश में जीडीपी का 6 फीसदी शिक्षा पर खर्च होना चाहिए लेकिन तीन फीसदी ही खर्च कर रहे हैं। इससे शिक्षण का सुधार नहीं हो सकता है। इसी वजह से शिक्षा प्राइवेट हाथों में जा रही है और इसकी वजह से दलितों और गरीबों के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर कुछ लोगों का विशेषाधिकार है। सरकार की नीतियां बार-बार उस मनुवादी सोच की याद दिलाती हैं(

### सत्ता व विपक्षी सदस्य ने पुस्तक दिखाई


सुधांशु त्रिवेदी

सुधांशु त्रिवेदी ने कलकत्ता हाई कोर्ट के एक पूर्व जज विलियम जोंस के साथ ही बाबासाहेब डॉक्टर आंबेडकर की किताब को कोट किया और कई किताबों का संदर्भ दिया और कहा कि इसीलिए कह रहा हूं कि ये ऑथेंटिकेट करें। इस पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने एक किताब दिखाते हुए (कहा कि यह किताब इनके कार्यकाल में छपी है, चल रही है, प्रतिबंधित नहीं है।

### हरिभूमि नॉलेज


## खरगे ने जो बोला वह मनुस्मृति में नहीं बल्कि प्राचीन गौतम धर्मसूत्र में

गौतम धर्मसूत्र में उल्लेख है कि यदि शूद्र जानबूझकर वेद सुनता है, तो उसके कानों को टिन या लाख से भर दिया जाना चाहिए। यदि वह उच्चारण करता है, तो उसकी जीभ काट दी जानी चाहिए। मनुस्मृति में शूद्रों के वेद सुनने या उच्चारण करने पर कान में पिघला हुआ शीशा डालने या जीभ काटने जैसा कोई प्रत्यक्ष शारीरिक दंड नहीं लिखा है। इसमें कुछ अन्य प्रकार के प्रतिबंध या नियम अवश्य हैं।


भोजशाला परिसर से सटी दरगाह

**भोजशाला विवाद: सुप्रीम कोर्ट का बड़ा निर्देश**

# शुक्रवार नमाज के लिए परिसर के पास जगह दे मप्र की सरकार



**कोर्ट ने कहा** कानून-व्यवस्था संभालने के साथ धार्मिक अधिकारों की रक्षा करना भी संवैधानिक दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ धार

धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम निर्देश दिया है। अदालत ने मध्य प्रदेश प्रशासन को शुक्रवार की नमाज़ के लिए भोजशाला परिसर के बिल्कुल पास एक स्थान उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम समुदाय को खसरा नंबर 596 वाली भूमि पर जिसे दरगाह की भूमि बताया गया है। शुक्रवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नमाज अदा करने की अनुमति दी जाए।

### राज्य सरकार का ध्यान सिर्फ कानून व्यवस्था संभालने पर

सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज ने तर्क दिया कि एक राज्य के रूप में सरकार दो पक्षों के बीच अधिकारों की लड़ाई में नहीं पड़ना चाहती और उसका मुख्य ध्यान सिर्फ कानून-व्यवस्था संभालने पर है।

**कैब्स की मनमानी पर लगाम**

## एयरपोर्ट या अस्पताल की राइड कैंसिल की तो 5 गुना जुर्माना

एजेंसी ▶▶ मुंबई


- महाराष्ट्र सरकार का एग्रीगेटर कंपनियों को अल्टीमेटम

महाराष्ट्र सरकार ने ओला, उबर और रैपिडो जैसी एप-आधारित कैब कंपनियों और उनके ड्राइवरों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए सख्त रुख अपनाया है। राज्य के नए नियमों के तहत अब एयरपोर्ट, अस्पताल या रेलवे स्टेशन जैसे बेहद जरूरी स्थानों के लिए बुक की गई राइड को यदि चालक बिना किसी जायज वजह के कैंसिल करता है।

**तहसील दफ्तर में अधिकारी नदारद**

## कोर्ट रूम में ही बिस्तर बिछाया और आकर सो गए कांग्रेस नेता


- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**सतना।** जिले की बिरसिंहपुर तहसील कार्यालय में गुरुवार को उस समय अजीबोगरीब स्थिति बन गई, जब अधिकारियों की अनुपस्थिति से नाराज कांग्रेस नेता संतोष तिवारी ने कोर्ट रूम के भीतर ही बिस्तर बिछाकर अनोखा प्रदर्शन शुरू कर दिया। गुरुवार को बिरसिंहपुर में मझगवां एसडीएम की लिंक कोर्ट लगनी थी, लेकिन दोपहर 1 बजे तक कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। दूर-दराज से आए ग्रामीणों को भटकता देख कांग्रेस नेता पहले तहसीलदार की टेबल पर लेटे और फिर एसडीएम कोर्ट में गद्दा बिछाकर आराम करने लगे। इस वाकए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अफसर समय पर नहीं आते, जिससे आम जनता का समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। प्रदर्शन के दौरान दफ्तर में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

**स्वास्थ्य सेवाओं की ये हालत**

## अस्पताल में डॉक्टर न नर्स गैलरी में ही हो गई डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर


- एंबुलेंस न मिलने पर लिफ्ट के पास जन्मे जुड़वा बच्चे

जिला अस्पताल की चरमराती स्वास्थ्य सेवाओं का एक शर्मनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है। समय पर एंबुलेंस न मिलने और अस्पताल पहुंचने के बाद भी डॉक्टर-नर्स की मदद न मिलने के कारण एक प्रसूता ने लिफ्ट के बाहर ठंडे फर्श पर जुड़वा बच्चों को जन्म दे दिया।

**दमोह, झाबुआ, नरसिंहपुर और ग्वालियर के मामले**

# गुरुवार को रिश्वतखोरी के 'गुरु' दबोचे गए

**दमोह: 8 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ाया रोजगार सहायक**



सागर लोकायुक्त की टीम ने रोजगार सहायक राजेश सिंह लोधी को 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों दबोचा। शिकायतकर्ता संजू रैकवार के अनुसार उसे स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त जारी करने और जियो टैगिंग के बदले रोजगार सहायक ने 30 हजार रुपए की मांग की थी।

**झाबुआ: फार्मर आईडी के लिए 2 हजार लेते पटवारी ट्रैप**



इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने सारंगी उप तहसील कार्यालय में बड़ी कार्रवाई करते हुए पटवारी संजय अमलियार को 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है।

**नरसिंहपुर: नक्शा दुरुस्ती के नाम पर 3 हजार लेते पकड़ा**



जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने गाडरवारा तहसील कार्यालय में कार्रवाई करते हुए तहसीलदार के बाबू अजय कुमार श्रीवास्तव को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है।

**ग्वालियर: रिटायरमेंट से एक दिन पहले 6 हजार लेता धराया इंजीनियर**



लोकायुक्त पुलिस ने ग्वालियर नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सुशील कटारे को 6,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों दबोचा है। हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपी इंजीनियर 31 जुलाई को ही सेवामुक्त (रिटायर) होने वाला था।

**बंगाल में अब तक की बड़ी रेड**

# पत्थर कारोबारी के घर से 21.5 करोड़ का सोना और 28.5 करोड़ कैश जब्त

- नोट गिनते-गिनते खराब हुईं 5 मशीनें आरोपी गिरफ्तार
- 100 करोड़ी शादी रचाने वाला मास्टरमाइंड फरार

एजेंसी ▶▶ बीरभूम

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में पुलिस ने बुधवार रात एक बड़े छापेमारी अभियान के तहत एक पत्थर कारोबारी के ठिकाने से 21.5 करोड़ मूल्य का 15 किलो सोना और 28.5 करोड़ से अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद की है। नोटों का पहाड़ इतना बड़ा था कि गिनती के दौरान 5 करेंसी काउंटिंग मशीनें खराब हो गईं। पुलिस ने मौके से पूर्व बस ड्राइवर और अब पत्थर कारोबारी मिनार मंडल को गिरफ्तार कर लिया है।



### बेटी की शादी में खर्च किए थे 100 करोड़

मामले का मुख्य आरोपी तुलु मंडल वर्ष 2024 में अपनी बेटी की भव्य शादी में करीब 100 करोड़ खर्च करने के बाद सुर्खियों में आया था। उस शाही शादी में बंगाली सिनेमा के दिग्गज और बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान व जरीन खान जैसे बड़े सितारे शामिल हुए थे। तुलु को पूर्व टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल का करीबी माना जाता है।

**आज नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा व खरगोन में अति भारी का ऑरेंज अलर्ट**

बैतूल में 24 घंटे में हुई 89 मिमी बारिश

# कई जिलों में अति भारी बारिश, दीवार गिरने से युवक की मौत, सतपुड़ा डेम के 7 गेट खोले

भोपाल में जुलाई के औसत कोटे से गुरुवार तक करीब 100 मिमी कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के दक्षिण पूर्वी हिस्से में डीप डिप्रेशन बनने के साथ शियर जोन के कारण अभी एक से दो दिन प्रदेश में बारिश में तेजी बनी रहेगी। शुक्रवार तक एक दर्जन जिलों में अति भारी से भारी बारिश का अलर्ट है।

प्रदेश में तेज से भारी बारिश के बीच बुधवार देर रात बैतूल के गंज थाना क्षेत्र में रेलवे की बाउंड्रीवॉल उससे सटी झोपड़ी पर गिर गई। हादसे में झोपड़ी में सो रहे 27 वर्षीय राहुल उइके की मौत हो गई।


बैतूल जिले के सतपुड़ा बांध के गेट सीजन में पहली बार खुले

### भोपाल में अब तक 253.7 मिमी बारिश

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार राजधानी में इस साल एक जुलाई से गुरुवार तक महीने के औसत कोटे से करीब 100 मिमी कम बारिश हुई है। जुलाई महीने में यहां औसतन 367.7 मिमी बारिश होती है, जबकि अब तक कुल 253.7 मिमी हुई है। यह औसत बारिश से करीब 100 मिमी कम है। हालांकि, शुक्रवार तक अभी कुछ और बारिश की उम्मीद है। इसके बावजूद औसत बारिश का कोटा कुछ कम रहेगा। इस बीच तापमान में भी 2 डिग्री तक और कमी आएगी। गुरुवार को प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 31 डिग्री रहा। भोपाल में 1.2 डिग्री बढ़कर 31.4 डिग्री रहा।




## शाह पर बोले खरगे तो मचा राज्यसभा में हंगामा

# गृहमंत्री.. बंद एसी कमरे में आप मेरी बात सुन रहे होंगे, लेकिन छिपकर आप बहुत दिन रह नहीं सकते, एक दिन हम आपको बाहर खींचकर लाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के उच्च सदन राज्यसभा में हंगामे के बीच विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर ऐसा बोले कि हंगामा मच गया। उन्होंने एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान कहा कि छात्र जब महीनों से धरने पर बैठे थे, तब आप क्यों नहीं उनकी बात सुनी। जब वह धरने पर बैठे थे, उसके दो दिन बाद ही नड्डा जाते तो छात्र लाठी नहीं खाते। शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि इस तरफ क्यों नहीं आते, मुझे मालूम नहीं। प्रधानमंत्री भी मुंह नहीं खोल रहे हैं। मेरे विद्यार्थी जो गांव-गांव से आए, उनको पैलेट गन का इस्तेमाल करके मार रहे हैं। उनके हाथ-पैर टूटे। इसका जिम्मेदार कौन है। होम मिनिस्टर है। बंद एसी कमरे में आप मेरी बात सुन रहे होंगे, लेकिन बहुत दिन रह नहीं सकते। एक दिन हम बाहर खींचकर लाएंगे।

## पेपर चुराने वाले बचते रहे, मेहनत करने वाले पिटते रहे, पहले यह काम क्यों नहीं किया?



खरगे नेभाषण की शुरुआत एक शायरी से की, जिसमें उन्होंने कहा कि पेपर लीक करने वाले बचते रहे और छात्र आवाज उठाने पर पीट दिए गए। पेपर चुराने वाले बचते रहे, मेहनत करने वाले पिटते रहे। ये कैसा न्याय, ये कैसी रीत, गुनहगार हंसते रहे, मासूम सिसकते रहे। जो काम आप दो साल बाद कर रहे हैं, उसे आपने 2024 में ही क्यों नहीं किया?

संसद के बाहर 1997 का हिसाब

## हमारे नेता को तोड़ाः प्रियंका, कल्याण बोले- दीदी को किसने निकाला था?

संसद परिसर में मकर द्वार के बाहर टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी गद्दार लिखे पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। वहां कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा पहुंचीं। दोनों के बीच पुरानी यादों और शिकायतों को लेकर हल्की-फुल्की बहस छिड़ गई। प्रियंका के साथ पप्पू यादव भी थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आप लोगों ने कांग्रेस के नेताओं को तोड़ा और टीएमसी में मिला लिया। प्रियंका का इशारा उन ताओं की तरफ था, जो तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए हैं।



**1997 के इतिहास पर क्या हुआ पलटावार?**
कल्याण ने तुरंत पलटवार किया और इतिहास की याद दिलाई। ममता बेनर्जी को तो 1997 में कांग्रेस से बाहर निकाल दिया गया।



## अब लोकसभा में पास हो गया वंदे मातरम बिल

राज्यसभा के बाद लोकसभा में भी वंदे मातरम बिल पास हो गया है। अब ये बिल राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

**अपमान करने पर मिलेगी 3 साल की सजा और जुर्माना :** बिल के कानून बनने के बाद अब राष्ट्रीय गीत को भी राष्ट्रगान जन-गण-मन जैसी कानूनी सुरक्षा मिलेगी। नए कानून के लागू होने से वंदे मातरम का अपमान करना अपराध माना जाएगा। इसके गाए जाने के दौरान बाधा डालना या किसी को वंदे मातरम गाने से रोकना भी अपराध होगा। अपमान करने पर 3 साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### छात्रसंघ चुनाव को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले चार वर्षों से बंद छात्रसंघ चुनावों की बहाली की मांग को लेकर गुरुवार को जयपुर में एनएसयूआई के 3छात्र नेताओं ने टोंक फाटक पुलिया के पास रेलवे प्रशासन की पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में नारेबाजी कर रहे हैं।



### एआई की बिल्डिंग में होगा देवेंद्र का ऑफिस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का ऑफिस राज्य सचिवालय (मंत्रालय) से मुंबई की मशहूर एअर इंडिया बिल्डिंग में शिफ्ट हो रहा है।एअर इंडिया की ये बिल्डिंग नरीमन प्वाइंट के पास है। एअर इंडिया के प्राइवेटाइजेशन के बाद इसकी गैर-मुख्य संपत्तियां को एअर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड को सौंप दिया गया।



### 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' को मिले यूनिफॉर्म, हेलमेट

**कोलकाता।** यहां दुर्गा पूजा के लिए सुरक्षा और तैयारियां शुरू होने लगी हैं। कोलकाता पुलिस के 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' की सदस्य, अब ड्यूटी के दौरान अपनी यूनिफॉर्म के ऊपर खास तौर पर डिजाइन की गई गुलाबी और नारंगी रंग की वेस्टकोट पहनेंगी। इन वेस्टकोट पर देवी दुर्गा और त्रिशूल बनी होगी। जागरूकता के लिए इसे शुरू किया था।



### अब स्टालिन से नाराज पन्नीरसेल्वम छोड़ेंगे पार्टी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक ओ. पन्नीरसेल्वम डीएमके से नाराज हैं। उनकी नाराजगी की वजह स्टालिन की ओर से डीएमके में कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दिया जाना है। पन्नीरसेल्वम चुनाव से पहले अपने बेटे के साथ डीएमके में शामिल हुए थे, लेकिन न उन्हें और न ही उनके बेटे को कोई जिम्मेदारी दी गई है।



### स्कूलों में परोसी जाएगी चिकन बिरयानी!

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार की मिड डे मील योजना में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री राजमोहन ने कहा है कि सरकार विचार कर रही है कि छात्रों को हफ्ते में एक दिन चिकन बिरयानी परोसी जाए। इस संबंध में प्रस्ताव मुख्यमंत्री विजय को भेजा गया है और वे इस पर विचार कर रहे हैं।



## नीट पेपर लीक के खिलाफ छात्र प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# पुलिस कर सकती है पैलेट गन का इस्तेमाल आरएएफ के असलहा का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें

### किसी विशेष घटना में इस्तेमाल की वैधता की हो सकती है जांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक के खिलाफ हालिया छात्र प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जंतर-मंतर पर तैनात रैपिड एक्शन फोर्स आरएएफ ) के गोला-बारूद का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो की एडवाइजरी के अनुसार पुलिस को असाधारण परिस्थितियों में पैलेट गन के इस्तेमाल का अधिकार है। ऐसे में पैलेट गन के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग साफ नहीं है। कोर्ट ने कहा कि किसी विशेष घटना में पैलेट गन के इस्तेमाल की वैधता की जांच की जा सकती है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि छात्र आंदोलन के दौरान कथित तौर पर पैलेट गन से घायल हुए लोगों का अच्छी तरह से इलाज कराएं। पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल हुए लोगों का इलाज कराया जाए, और खासकर उन लोगों का जो कथित तौर पर पैलेट गन से घायल हुए।

### पैलेट गन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध की मांग

सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश आईबी के पूर्व विशेष निदेशक और सेंट्रल इंफोर्मेशन कमिश्नर रहे यशोवर्धन आजाद और दो अन्य पीड़ितों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। पैलेट गन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध की मांग की गई है और साथ ही छात्र आंदोलन के पीड़ितों को मुआवजा देने की भी मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है। याचिका में दावा किया गया है कि 20 जुलाई को 'संसद चलो' मार्च के दौरान, कनॉट प्लेस के पास भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात आरएफ ने पहले आंसू गैस और लाठीचार्ज किया, उसके बाद पैलेट से लैस पंप-एक्शन गन का इस्तेमाल किया।



### मांग को बताया अस्पष्ट

जस्टिस बागची ने कहा कि आम लोगों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पैलेट गन के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग अस्पष्ट है, क्योंकि इसमें पुलिस के उन नियमों को चुनौती नहीं दी गई थी जो ऐसे हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत देते हैं। कोर्ट ने माना कि ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट एडवाइजरी के नियमों के तहत पुलिस विशेष परिस्थितियों में पैलेट गन का इस्तेमाल कर सकती है।

### आवश्यक सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जाएंगेः एसजी मेहता

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती और उनके गोला बारूद के इस्तेमाल के रिकॉर्ड भी सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को भरोसा दिलाया कि जांच के लिए आवश्यक सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जाएंगे। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कभी भी असामाजिक तत्वों की घुसपैठ के कारण हिंसक हो सकता है। ऐसी स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों को परिस्थितियों के अनुसार चरणबद्ध प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता पड़ सकती है।



बॉर्डरलाइन पर्सनैलिटी डिसऑर्डर से जूझ रहे

## आईआईटी रुड़की में ट्रांसफर करें, प्रमाणपत्र भी दें

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार कोआईआईटी खड़गपुर के एक छात्र को, जिसे 'बॉर्डरलाइन पर्सनैलिटी डिसऑर्डर' है, मेडिकल आधार पर रुड़की में ट्रांसफर करने की इजाजत दे दी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने विशेष अधिकारों का उपयोग करते हुए आर्किटेक्चर के छात्र को रुड़की में ट्रांसफर करने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने आईआईटी खड़गपुर को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर छात्र को ट्रांसफर और माइग्रेशन से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज और प्रमाणपत्र जारी करे।

### छात्र ने इलाज के लिए मांगी थी ट्रांसफर की अनुमति



याचिकाकर्ता छात्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आईआईटीखड़गपुर द्वारा ट्रांसफर की अनुमति नहीं दिए जाने के कारण उसे जरूरी चिकित्सा उपचार नहीं मिल पा रहा था। छात्र का कहना था कि इसी तरह के मेडिकल कारणों से पहले भी कुछ छात्रों को दूसरे संस्थानों में ट्रांसफर की अनुमति दी जा चुकी है।

## छत्तीसगढ़ में बारिश का कहर

# कई इलाके हो गए जलमग्न मुख्य मार्ग बंद व 5 की मौत



एजेंसी ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार वर्षा से निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं, नदियां और नाले उफान पर हैं। बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। वर्षाजनित विभिन्न हादसों में अब तक कम से कम 5 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

रायपुर, बस्तर और दुर्ग संभाग इस आपदा से सबसे अधिक प्रभावित हैं। रायपुर को पड़ोसी राज्य ओडिशा से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-130 भारी जलभराव के कारण पूरी तरह बंद है। गरियाबंद-महासमुंद, गरियाबंद-नगरी-धमतरी और कोचबाय-मालगांव-कसानाला मार्ग भी यातायात के लिए बाधित हैं।

### पीएम मोदी ने अरुणाचल नगालैंड के सांसदों के साथ बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में आई भीषण बाढ़ की स्थिति को गंभीरता से लिया है। उन्होंने दोनों राज्यों के सांसदों के साथ संसद भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक की और बाढ़ से उत्पन्न चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव और पुनर्वास के कार्यों में राज्य सरकारों के साथ मिलकर पूरी ताकत से काम करेगी।

### 2 दिन के बाद फिर शुरू हुई चारधाम यात्रा

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा दो दिन स्थगित रहने के बाद गुरुवार को फिर से संचालित की गई। यात्रा प्रशासन के विशेष कार्यधिकारी (एसओडी) प्रजापति नौटियाल ने यह जानकारी दी। विशेष कार्यधिकारी प्रजापति नौटियाल ने समाचार एजेंसी को बताया कि शासन और गढ़वाल आयुक्त के निर्देशानुसार गुरुवार को यात्रा सुबह 6 बजे से सुचारु संचालित कर दी गई है।

### संसद में गोमूत्र विवाद का मामला गहराया, उठे सवाल

कामकोटि पर दिया था गलत बयान

## प्रियंका की टिप्पणी गलत और निंदनीय 215 कुलपति-शिक्षाविदों ने पत्र लिखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि पर प्रियंका गांधी की 'गोमूत्र एक्सपर्ट' टिप्पणी को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले में 215 से अधिक कुलपतियों, पूर्व कुलपतियों और शिक्षाविदों ने संयुक्त रूप से एक खुला पत्र जारी कर इसकी निंदा की है। कहा गया है किसी विद्वान के विचारों पर बहस के बजाय उसे संबोधित करना वैज्ञानिक सोच और स्वस्थ सार्वजनिक संवाद को कमजोर करता है।



### पूरे शैक्षणिक और वैज्ञानिक समुदाय को गलत संदेश दिया

पत्र में कहा गया है कि संसद ऐसे मंच के रूप में देखी जाती रही है, जहां विचारों पर गंभीरता से चर्चा हो,किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसके तर्कों के आधार पर किया जाए, न कि व्यंग्य या कटाक्ष के आधार पर। हस्ताक्षरकर्ताओं ने लिखा कि गांधी की कामकोटि के लिए 'गोमूत्र एक्सपर्ट' शब्द का इस्तेमाल किया गया। इससे शैक्षणिक वैज्ञानिक समुदाय में गलत संदेश जाता है।

## सिर्फ सजा-जुर्माने पर नहीं, पेपर लीक रोकने पर चर्चा करे सरकार

### पेपर लीक की समस्या को लेकर सियासी बयानबाजी तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

परीक्षा प्रणाली में पेपर लीक की समस्या को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हैं। सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने विधेयक पर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार से मांग की कि केवल सजा और जुर्माने की बात नहीं, बल्कि पेपर लीक रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। दीपके ने आंदोलन की चेतावनी दी है।



### वांगचुक ने की रेलवे की तारीफ, परीक्षा सुधार

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने गुरुवार को एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में उन्होंने भारतीय रेलवे की सराहना की है। उन्होंने सरकार से सीजेपी के साथ हुए समझौते के पालन का भी आग्रह किया। दिल्ली से श्रीनगर तक वंदे भारत की जो सेवा शुरू की गई है, उस पर मेरा पहला अनुभव था और चेनाब पर बने पुल को भी देखना चाहता था।



### विधेयक लाने पर जताई खुशी

उन्होंने परीक्षा प्रणाली में सुधार के मुद्दे पर कहा कि मैं खुश हूं संसद में विधेयक लाया गया। सुधार सिर्फ परीक्षाओं में नहीं, शिक्षा प्रणाली में भी हो। ये जारी रहे।

'चलो संसद' प्रदर्शन में एआई का इस्तेमाल

### हैट,मास्क व चश्मे तक पहुंची पुलिस की जांच

दिल्ली पुलिस ने बताया कि सीजेपी के चलो संसद प्रदर्शन की जांच चल रही है। कुछ ने मुकाबला करने एआई उपकरणों का उपयोग किया हो। इसमें गीले जूट के बैग का, हैट मास्क का उपयोग शामिल है।

## 1 अगस्त से बदलेंगे तत्काल टिकट और सीकेवाईसी के नियम

# तत्काल टिकटों के लिए नया 'टोकन सिस्टम' लागू होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर नए महीने की पहली तारीख देश में कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं, जो सीधे आपकी जेब, यात्रा, टैक्स और बैंकिंग सेवाओं से जुड़े हुए हैं। इन नए नियमों में रसोई गैस की कीमतों से लेकर, रेलवे की तत्काल टिकट खिड़की, क्रेडिट कार्ड, आईटीआर पेनल्टी और पहचान सत्यापन की पूरी व्यवस्था शामिल है। केंद्र सरकार 5 बड़े बदलाव करने वाली

**केंद्र सरकार कर रही 5 बड़े बदलाव**

### एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें



तेल विपणन कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडरों के दामों की समीक्षा करती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव को देखते हुए 1 अगस्त कोएलपीजी सिलेंडरों के नए रेट जारी किए जाएंगे। अगर सिलेंडरों के दाम बढ़ते हैं, तो बाहर होटलों और रेस्टोरेंट में खाना-पीना महंगा हो सकता है।

### तत्काल टिकट के लिए सुबह 8:30-9:00 बजे तक मिलेंगे टोकन



पश्चिम मध्य रेलवे 1 अगस्त से रिजर्वेशन काउंटरों पर तत्काल टिकटों की बुकिंग के लिए नया 'टोकन सिस्टम' लागू कर रहा है। अब काउंटरों पर लंबी लाइन और धक्का-मुक्की रोकने के लिए टोकन बांटने का समय तत्काल बुकिंग खुलने के समय के साथ मिलाया जा रहा है। एसी तत्काल के लिए सुबह 8:30-9:00 बजे और नॉन-एसी के लिए सुबह 9:00-9:30 बजे टोकन मिलेंगे, इसके बाद ही तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे।

### क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग चार्ज में बड़ा बदलाव

1 अगस्त से कुछ बैंक अपने क्रेडिट कार्ड से जुड़े शुल्क, रिवॉर्ड पॉइंट्स या अन्य नियमों में बदलाव कर सकते हैं।यह बदलाव सभी बैंकों पर लागू नहीं होगा। इसलिए अगर आप क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो अपने बैंक की वेबसाइट या एप पर जाकर नए नियम और शुल्क जरूर चेक करें।

### आईटीआर फाइलिंग पर भारी लेट फीस और पेनल्टी

बिना जुर्माने के इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। जो रिटर्न फाइल नहीं करेंगे भारी जुर्माना (पेनल्टी) देनी होगा।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा

# कीड़े मिलने पर होटल 'बंद' गलत, एफडीए का आदेश रद्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन को कहा,हम भारत में हैं। कोर्ट ने यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया है। स्वच्छता संबंधी मुद्दों को लेकर नवी मुंबई के एक चार सितारा होटल का लाइसेंस निलंबित करने वाले उसके आदेश को रद्द कर दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रविंद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि एफडीए का निर्णय 2 छोटे कीड़ों की मौजूदगी के आधार पर लिया गया था , जो लाइसेंस के निरंतर निलंबन को उचित नहीं ठहराता है।



### यह था पूरा मामला

कोर्ट ने कहा कि एफडीए ने पार्क इन बाय रेडिसन होटल का भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण लाइसेंस निलंबित कर दिया, जिसमें उसने परिसर के अचानक निरीक्षण के एक दिन बाद स्वच्छता, सफाई, खाद्य भंडारण और खाद्य प्रबंधन प्रथाओं में गंभीर खामियों का हवाला दिया।

## बलूचिस्तान में आतंक का खूनी खेल

# बीएलए ने अगवा किए 6 मजदूरों की हत्या की

बीएलए ने चीन के सहयोग से चल रही किसी भी परियोजना, खान या खनिज स्थल के पास काम करने वाले लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे इन जगहों से दूर रहें

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

बलूचिस्तान में तुर्बत के पास केच जिले में अगवा किए गए 6 निर्दोष मजदूरों के शव बरामद होने के साथ ही क्षेत्र में आतंक का एक नया अध्याय खुल गया है। सुरक्षा अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पर डाली है। उनके अनुसार, यह खूनी खेल 27 जुलाई को केच जिले के क्लातुक इलाके में शुरू हुआ।

हथियारबंद आतंकवादियों के एक समूह ने विकास कार्यों में लगे मजदूरों के एक काफिले को रास्ते में रोक लिया। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के स्वाबी जिले के रहने वाले जावेद नाम के एक मजदूर को मौके पर ही गोली मारकर हत्या कर दी।

मृतकों में पंजाब के 4 और खैबर पख्तूनख्वा के 2 मजदूर


बलूच लिबरेशन आर्मी फाइल फोटो

### कई दिनों तक बंधकों का नहीं मिला था सुराग

इसके बाद उन्होंने 6 अन्य मजदूरों को जबरन अगवा कर लिया और अज्ञात स्थान की ओर ले गए। कई दिनों तक इन बंधकों का कोई सुराग नहीं मिल सका। और अब तुर्बत के पास एक दूरदराज और सुनसान इलाके से इन 6 मजदूरों के शव बरामद किए गए।

**विकास परियोजनाओं को बंद करने की चेतावनी**

बीएलए ने चीन के सहयोग से चल रही किसी भी परियोजना, खान या खनिज स्थल के पास काम करने वाले लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे इन जगहों से दूर रहें। यह धमकी सिर्फ बाहरी प्रांतों से आने वाले मजदूरों के लिए नहीं, बल्कि पाकिस्तानी और चीनी विकास परियोजनाओं से जुड़े स्थानीय मजदूरों, इंजीनियरों, अधिकारियों और ठेकेदारों के लिए भी है।

## खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला

### 9 सुरक्षाकर्मी की मौत, 15 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक अभियान में 9 सुरक्षा अधिकारी और 15 आतंकवादी मारे गए। वहीं, कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह अभियान अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हांगू जिले में बुधवार को एक पुलिस चौकी पर हुए हमले के प्रतिशोध में शुरू किया गया था। चौकी पर हुए हमले के बाद सहायता के लिए अतिरिक्त कर्मियों को ले जा रहे वाहन पर भी आतंकवादियों ने गोलीबारी की। इस दौरान 9 पुलिसकर्मी की मौत हुई। जबकि 28 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान हुई भीषण गोलीबारी में 15 आतंकवादी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा के सीएम सुहैल अफरीदी ने आतंकवादी हमले की निंदा की और विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

## पीओके में पाक सेना का दमन

### यूएन पहुंचा मामला, तत्काल हिंसा रोकने की मांग

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के खिलाफ लगातार प्रदर्शन जारी है। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के लॉन्ग मार्च पर पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स की अंधाधुंध फायरिंग में 40 लोगों की मौत हो गई, जबकि 200 से अधिक नागरिक गंभीर रूप से घायल



हो गए। वहीं, सेना की इस बर्बर कार्रवाई में सैकड़ों लोग घायल बताए जा रहे हैं। लोगों का आरोप है की सेना ने बहुत सी लाशों को गायब कर दिया है। इसके साथ ही पूरे पीओके में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं जिससे लोग अपना दर्द दुनिया को न बता सकें। जम्मू-कश्मीर ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन ने संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क को ज्ञापन सौंपकर हिंसा पर तत्काल रोक की मांग की है। ज्ञापन में मांग की गई है कि निहत्थे नागरिकों पर सीधी गोलीबारी तुरंत रोकी जाए। रावलकोट में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार विशेषज्ञ और मानवीय सहायता टीमें पहुंचाई जाएं। इधर मुजफ्फराबाद स्थित ह्यूमन राइट्स काउंसिल ऑफ आजाद जम्मू एंड कश्मीर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव, रेड क्रॉस, एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच से यही अपील की है।

## खबर संक्षेप

### रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, 8 की मौत

**कीव।** रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से



कम 8 नागरिकों, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। यह हमला यूक्रेन के कई इलाकों में हुआ, जिनमें पोलैंड सीमा के पास के क्षेत्र भी शामिल हैं। हमले के बाद पोलैंड ने जांच शुरू की कि क्या रूस की एक क्रूज मिसाइल उसके हवाई क्षेत्र में दाखिल हुई थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने कम से कम 10 क्षेत्रों पर हमला किया, जिससे दर्जनों घर, कारोबारी प्रतिष्ठान और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

### ऑस्ट्रेलिया ने भी दिखाई टेलीग्राम पर सख्ती

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े वीडियो और



पोस्ट को न हटाने के मामले को लेकर कानूनी मोर्चा खोल दिया है। ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेट रेगुलेटर (ई-कमिश्नर) ने टेलीग्राम पर आरोप लगाया है कि वह अपने प्लेटफॉर्म से 'आतंकवाद का समर्थन' करने वाले पोस्ट और वीडियो हटाने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। रेगुलेटर के मुताबिक, इस लापरवाही के लिए कंपनी पर 54.6 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 38 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का भारी-भरकम जुर्माना लगाया जा सकता है।

### ऑल्टमैन बोले- एआई को धीमा करना होगा

**वॉशिंगटन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े बढ़ते साइबर जोखिमों और स्वायत्त सिस्टम



की क्षमताओं को देखते हुए ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने पहली बार स्वीकार किया है कि भविष्य में एआई के विकास की गति को नियंत्रित करना जरूरी हो सकता है, ताकि समाज इस तकनीक के साथ सुरक्षित तरीके से तालमेल बिठा सके। बताया गया है कि ओपनएआई और एंथ्रोपिक के 1,100 से अधिक कर्मचारियों ने पेसिंग द फ्रंटीयर नाम की एक याचिका का समर्थन किया है।

## होर्मुज संकट पर एक्शन मोड में सरकार!

# पीएम मोदी ने मंत्रियों संग की समीक्षा बैठक कहा- जनता व किसान को नहीं हो दिक्कत

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में काम कर रहे हर भारतीय नाविक की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जरूरत पड़ने पर सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी


पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

**ऊर्जा, कृषि, व्यापार, सुरक्षा पर हो नियमित समीक्षा**

**सरकार वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े हालात को देखते हुए केंद्र सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। इसी मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाद की उपलब्धता, भारतीय नाविकों की सुरक्षा और निर्यात पर पड़ने वाले असर जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

पीएम ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में आम लोगों और किसानों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में काम कर रहे हर भारतीय नाविक की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह भारतीय जहाज पर तैनात हैं या किसी विदेशी जहाज पर। जरूरत पड़ने पर सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी।

### पीएम की फेसबुक पोस्ट मामला सरकार ने मेटा से मांगा विस्तृत जवाब

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा के वरिष्ठ अधिकारियों को सरकार के सामने पेश होकर पीएम नरेंद्र मोदी की उस पोस्ट के लिए विस्तृत जवाब देने को कहा है, जिस पर कुछ समय के लिए फेसबुक ने अस्थाई रोक लगा दी थी। यह बैठक अगले 7 से 10 दिनों के बीच हो सकती है। इस मामले को लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और




सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि सरकार मामले को पूरी तरह से समझने के लिए मेटा से नीतिगत स्तर और तकनीकी स्तर दोनों प्रकार का स्पष्टीकरण लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी चिंताएं सीधे मेटा तक पहुंचाना चाहता है और उन हालात के बारे में पूरी जानकारी चाहता है जिनकी वजह से यह अस्थायी रोक लगाई गई थी। कृष्णन ने बताया कि मेटा ने इस घटना पर पहले ही खेद जताया है और सरकार को शुरुआती स्पष्टीकरण दिया है। हालांकि, केंद्र सरकार ने और अधिक विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है, जिसमें यह भी शामिल है कि कंपनी ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए क्या उपाय कर रही है।

**निर्यातकों को राहत देने पर चर्चा**

*होर्मुज संकट का असर भारत के निर्यात कारोबार पर भी पड़ सकता है। इसी को देखते हुए बैठक में निर्यातकों को राहत देने के संभावित उपायों पर चर्चा की गई। साथ ही देश की अर्थव्यवस्था पर इस संकट के प्रभाव का भी आकलन किया गया। सरकार ने संकेत दिए कि जरूरत पड़ने पर समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सरकार का कहना है कि वह वैश्विक परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। ऊर्जा, कृषि, व्यापार और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े हर पहलू की नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी चुनौती का समय रहते प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।*

**आपूर्ति निरंतर बनी हुई**

कैबिनेट सचिव ने सीसीएस को मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एलपीजी की खरीद के स्रोतों में पहले ही विविधता लाई जा चुकी है और प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों का कुल स्टॉक और आपूर्ति की स्थिति पर्याप्त बनी हुई है। कच्चे तेल की पर्याप्त उपलब्धता के कारण केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) की रिफाइनरियां 100% से अधिक क्षमता पर काम कर पा रही हैं, जिससे पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन लगातार जारी है।

**पीएनजी का उपयोग बढ़ाएं**

पीएम ने देश में पीएनजी के इस्तेमाल को और तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि ऊर्जा आपूर्ति मजबूत बनी रहे और किसी भी संभावित संकट का असर कम किया जा सके। ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए, सौर ऊर्जा और गैर जीवाश्म ईंधन वाले अन्य स्रोतों सहित नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों पर जोर दिया जाना चाहिए।

**खाद का रिजर्व तैयार करें**

बैठक में कृषि क्षेत्र की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। पीएम को बताया कि अगली रबी फसल के लिए पर्याप्त खाद का भंडार उपलब्ध है। साथ ही 2027 की खरीफ फसल के लिए भी खाद का रिजर्व तैयार करने का काम जारी है। सरकार का उद्देश्य है कि किसानों को किसी भी तरह की खाद की कमी का सामना न करना पड़े।

## कोयंबटूर बम धमाका मामला

# जांच में ईडी ने की 3 राज्यों में 16 स्थानों पर 'छापेमारी'




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को तीन राज्यों में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई वर्ष 2022 में कोयंबटूर में हुए आईएसआईएस से प्रेरित कार बम धमाके के लिए कथित तौर पर जुटाई गई आतंकी फंडिंग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई।

■ ईडी ने पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया

अधिकारियों के अनुसार, सुबह से ही तमिलनाडु के चेन्नई और कोयंबटूर, तेलंगाना के हैदराबाद तथा महाराष्ट्र के मुंबई में कुल 16 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। केंद्रीय एजेंसी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई कोयंबटूर के संगमेश्वर मंदिर के पास वर्ष 2022 में हुए आत्मघाती कार बम विस्फोट के संबंध में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर की जा रही है।

**आरोपी आईएसआईएस की विचारधारा से प्रेरित**

ईडी के मुताबिक, आरोपियों को कोवई अरबी कॉलेज के प्रमोटर जमील बाशा ने मार्गदर्शन दिया। यह हमला जेमेशा मुबीन और उसके अन्य साथियों ने आईएसआईएस की विचारधारा से प्रेरित होकर अंजाम दिया था। इसके लिए विस्फोटकों से भरी एक मॉडिफाइड कार का इस्तेमाल किया गया था। आरोपियों ने अपनी कथित आतंकी गतिविधियों के लिए दो तरीकों से धन जुटाया। पहला, कोविड-19 महामारी के दौरान फर्जी वैक्सीन प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने का नेटवर्क चलाकर और दूसरा, कोयंबटूर के कोवई अरबी कॉलेज में कथित तौर पर धोखाधड़ी वाले निवेश (डोनेशन) के माध्यम से। जांच में पता चला कि इस मामले के एक दर्जन आरोपी, जिनमें जेमेशा मुबीन भी शामिल था, ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से कोवई अरबी कॉलेज के विभिन्न सत्रों में शामिल हुए थे।

### कुलगाम में आतंकी ठिकाना ध्वस्त

**कुलगाम।** कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों का एक और षड्यंत्र बुधवार को विफल कर दिया। सुरक्षाबलों को इनपुट मिले थे कि आतंकी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसके लिए आतंकियों ने कुलगाम के सुरसूनू इलाके में हथियार छिपा रखे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस, सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ 18वीं बटालियन ने संयुक्त अभियान चलाकर तंत्रिपोरा सुरसूनू इलाके व्यापक स्तर पर तलाशी अभियान चलाया। इसे सर्च एंड डिस्ट्रॉय ऑपरेशन (साडो) नाम दिया गया। इसी दौरान सुरक्षाबलों ने एक छिपाकर रखे गए हथियारों को खोज निकाला।


## चीन-भारत के बीच बढ़ेंगे संबंध

# कल से खुलेगा परंपरागत बार्टर ट्रेड, खच्चरों से होगी माल ढुलाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी ला दर्रे से होकर परंपरागत बार्टर-ट्रेड ( सामान के बदले सामान ) रूट 1 अगस्त से फिर से खुलने वाला है।

भारत-चीन सीमा पर 3,930 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह व्यापार मार्ग पिछले 6 वर्षों से बंद पड़ा है। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास स्थित यह क्षेत्र भारत और तिब्बत के बीच परंपरागत व्यापार मार्ग रहा है। पहले यह मार्ग इस साल 1 जून से ही


शिपकी ला दर्रा

खुलने वाला था, लेकिन इमिग्रेशन से जुड़ी औपचारिकताओं की वजह से इसमें दो महीने की देरी हो रही है। भारत के व्यापारी वास्तविक नियंत्रण रेखा तक माल को वाहनों से ले जा सकेंगे। इसके बाद अंदर के दो किलोमीटर तक उन सामानों को खच्चरों पर लाद कर ले जाना होगा।

## नेपाल में शांत नहीं हुई सांप्रदायिक हिंसा

# सुरक्षा के बीच मधेस प्रांत के कुछ जिलों में लगा 'कर्फ्यू'

एजेंसी ⏭ काठमांडू

भारत की सीमा से लगे पड़ोसी कोशी प्रांत के सुनसरी जिले में इस सप्ताह की शुरुआत में सांप्रदायिक हिंसा हुई। इसके बाद बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर नेपाली अधिकारियों ने गुरुवार को मधेस प्रांत के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया। मधेश प्रांत के धनुसा और सिराहा जिलों में कर्फ्यू लगाया गया है। धनुषा के सहायक मुख्य जिला अधिकारी भूदेव झा ने कहा कि लक्ष्मीनिया हाटबाजार, बेलौनी रोड, नागराईन नगर पालिका, दूधमती ब्रिज और



जनकपुर सहित धनुषा के विभिन्न हिस्सों में तनाव के कारण एहतियात के तौर पर दोपहर 3:30 बजे से अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह ने सुनसरी जिले में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई।

## भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन का कार्यकाल पूरा

# कहा- दोनों देशों के बीच सबमरीन समझौते पर बहुत जल्द होगी डील

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन का कार्यकाल पूरा हो गया है। इस बीच राजदूत फिलिप ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच जल्द ही सबमरीन समझौते पर हस्ताक्षर हो सकता है। उन्होंने कहा कि सबमरीन डील को लेकर मैं बहुत आशावान और आश्वस्त हूं कि यह बहुत जल्द, शायद अगले महीने तक, साइन हो जाएगी।


राजदूत फिलिप एकरमैन और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

**जर्मनी यूरोप में भारत का बड़ा साझेदार**

एकरमैन ने कहा कि जर्मनी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका हर साल 50 बिलियन डॉलर से ज्यादा का ट्रेड वॉल्यूम है। यह बिजनेस के लिहाज से भारत के सबसे जरूरी साझेदारों में से एक है। उन्होंने कहा कि 'इंडो-जर्मन इंडस्ट्रीज डायलॉग' एक बहुत जरूरी मीटिंग है।

**पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा**

राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि पीएम हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक बहुत ही मिलनसार, बहुत ही सक्रिय साझेदार रहे हैं। हमने उन्हें ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा है जो इस द्विपक्षीय संबंध में वास्तव में बहुत रुचि रखते हैं, और मैं यह बताना चाहता हूं कि उन्होंने फेडरल चांसलर को निमंत्रित किया है। इससे पहले भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जर्मनी के राजदूत एकरमैन से मुलाकात की थी।

## पीओके के मुद्दे पर अमेरिकी अखबार को भारत की लताड़

# दूतावास बोला- पाक कश्मीर जैसा कोई क्षेत्र नहीं, पाक का अवैध कब्जा

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर के शीर्षक पर कड़ी आपत्ति जताई है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स की हेडलाइन भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत है। दूतावास ने कहा कि 'पाकिस्तानी कश्मीर' जैसी कोई इकाई मौजूद नहीं है, केवल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) है। दूतावास ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश पहले भी भारत का अभिन्न हिस्सा थे, आज भी हैं और हमेशा रहेंगे।


वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास

### पीओके में विरोध प्रदर्शन पर छापी रिपोर्ट

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों और स्वतंत्र आकलनों के हवाले से बताया गया है कि जून की शुरुआत से लेकर हालिया हिंसा तक प्रदर्शनकारियों, सुरक्षाकर्मियों और आम नागरिकों सहित कम से कम 30 लोगों की मौत हो चुकी है।

### लोगों को मूल अधिकारों से वंचित कर रहेः भारत

रिपोर्ट के मुताबिक, जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी नामक संगठन पिछले महीने से तथाकथित क्षेत्रीय विधानसभा की 12 विवादित सीटों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहा है। संगठन का आरोप है कि इन सीटों का इस्तेमाल अपनी पसंद की सरकार बनाने के लिए किया जाता है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जारी जनआंदोलन पाकिस्तान के आर्थिक शोषण, लोगों के मूल अधिकारों से वंचित किए जाने और प्रशासनिक दमन का सीधा परिणाम है।

## 4 महासागरों में 314 दिनों की 'समुद्र प्रदक्षिणा' त्रि-सेवा यात्रा पूरी

करीब 25,500 नॉटिकल मील दूरी तय की

# भारतीय सेनाओं की 9 महिलाओं को रक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज तीनों सेनाओं की उन नौ महिला अधिकारियों को सम्मानित किया, जिन्होंने 'समुद्र प्रदक्षिणा' नाम के पहले 'ट्राई-सर्विस ऑल-वूमेन सर्कमनेविगेशन सेलिंग एक्सपेडिशन' (तीनों सेनाओं की महिलाओं का दुनिया का चक्कर लगाने वाला नौका अभियान) को सफलतापूर्वक पूरा किया। ये अधिकारी भारतीय सेना के सेलिंग वेसल 'त्रिवेणी' पर 314 दिन की यात्रा के बाद लौटीं। नई दिल्ली में अधिकारियों से बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने चार महासागरों में लगभग 25 हजार 500 नॉटिकल मील की दूरी तय करने के लिए टीम को बधाई दी।


'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान की टीम के साथ राजनाथ सिंह

**यह उपलब्धि हर भारतीय के लिए प्रेरणा**

*राजनाथ सिंह ने इस अभियान को 'नारी शक्ति' और तीनों सेनाओं के आपसी सहयोग का एक शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हर भारतीय को प्रेरित करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि टीम की सफलता साहस, दृढ़ संकल्प और समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मजबूत विश्वास और लगन से जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।*

### रक्षा मंत्री ने बढ़ाया हौसला


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं पूरे देश की ओर से आप सभी का स्वागत करना चाहता हूं।



आपने न सिर्फ समुद्र को जीता है, बल्कि उन सभी को भी गलत साबित किया है, जो कहते थे कि हमारी बेटियां ऐसे मुश्किल अभियानों का हिस्सा नहीं बन सकतीं।

### बेटियां दुनिया जीत सकती हैं

राजनाथ सिंह ने कहा कि टीम की यह उपलब्धि देश की हर बेटी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी सफलता युवा महिलाओं को बड़े सपने देखने, चुनौतियों का सामना करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करेगी। आज, भारत की हर बेटी आपको देख रही है और उसे पूरा भरोसा है कि वह भी समुद्र पार कर सकती है और पूरी दुनिया को जीत सकती है।



# मिस्ट्री गर्ल संग नजर आए शाहरुख के बेटे आर्यन

**नई दिल्ली।** आर्यन खान अपनी किसी मूवी या सीरीज को लेकर नहीं, बल्कि लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। असल में आर्यन खान की कुछ तस्वीरें और वीडियोज इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं, जिनमें वो किसी मिस्ट्री गर्ल के साथ दिखाई दे रहे हैं। आर्यन की ये तस्वीरें लंदन की सड़कों से वायरल हुईं हैं। ऐसे में हर कोई ये जानने के लिए बेताब है कि आखिर आर्यन की ये मिस्ट्री गर्ल है, जिसने उनका दिल चुरा लिया है। दरअसल, आर्यन खान इन दिनों विदेश में अपना वेकेशन एंजॉय कर रहे हैं। ऐसे में आर्यन अपनी फैमिली नहीं, बल्कि अपने दोस्तों के साथ लंदन में छुट्टियां बिता रहे हैं। आर्यन के लंदन वेकेशन की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर जंगल में लगी आग की तरफ वायरल हो रही हैं।

## लाइफ Style

# महिमा

## प्रीति मेरे कॅरियर का सबसे यादगार किरदार रहेगा


*कुछ किरदार सिर्फ पर्दे पर नहीं रहते, कलाकार के भीतर भी बस जाते हैं। अभिनेत्री महिमा मकवाना के लिए 'मुसाफिर कैफे' की 'प्रीति' ऐसा ही किरदार रही। महिमा कहती हैं कि इस रोल ने उन्हें खुद को स्वीकार करना और खुद से प्यार करना सिखाया। महिमा कहती हैं कि 'मुसाफिर कैफे' की स्क्रिप्ट पढ़ते ही उन्हें लगा कि वह प्रीति का किरदार निभाना चाहती हैं।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

'जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी मुझे लगा कि मुझे प्रीति ही बनना है। वह बहुत एस्पिरेशनल है। सोलो ट्रैवल करती है, अपने आसपास के लोगों को अपनापन महसूस कराती है, बहुत अच्छी लिस्नर है और बेहद इमोशनली इंटेलिजेंट है। अगर मुझे कभी असल जिंदगी में प्रीति मिले, तो मैं उससे दोस्ती जरूर करना चाहूंगी। वह ऐसी इंसान है, जो आपको रास्ता भी दिखाएगी और यह भी महसूस कराएगी कि आप अकेले नहीं हैं।' महिमा के लिए 'प्रीति' सिर्फ एक रोल नहीं रही। वह मानती हैं कि इस किरदार ने उनकी निजी जिंदगी पर भी असर डाला ..'मुझे पहले खुद को स्वीकार करना बहुत मुश्किल लगता था। आसपास का शोर और लोगों की बातें कहीं न कहीं असर करती थीं। लेकिन प्रीति ने मुझे खुद को एक्सेप्ट करना सिखाया। उसने मुझे खुद से प्यार करना सिखाया। मुझे एहसास हुआ कि जब तक आप खुद को आजादी नहीं देंगे... तब तक आप अपने आसपास के लोगों को भी आजादी महसूस नहीं करा पाएंगे। मेरे लिए इससे बड़ा गिफ्ट कोई नहीं हो सकता। मैं यह सिर्फ फिल्म प्रमोट करने के लिए नहीं कह रही हूं। मुझे सच में लगता है कि प्रीति मेरे करियर का सबसे यादगार किरदार रहेगी।' जिंदगी और कॅरियर के इस सफर ने महिमा का नजरिया भी बदला है।



## हॉलीवुड मसाला



# निजी पलों की तस्वीरें वायरल

**लॉस एंजिल्स।** कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और सिंगर कैटी पेरी रिश्ते में हैं। उनके डेटिंग की अफवाहें 2025 के बीच में शुरू हुई थीं और बाद में, पब्लिक अपीयरेंस और इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दोनों ने कन्फर्म किया कि वे साथ हैं। अब, सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें जस्टिन, कैटी की बॉडी पर सनस्क्रीन लोशन लगाते हुए दिख रहे हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों फ्रांस में छुट्टियां मना रहे हैं और वायरल तस्वीरें चर्चा का विषय बन गई हैं।





# स्पाइडर मैन-ब्रांड न्यू डे में चला टॉम का जादू

**मुंबई।** मार्वल स्टूडियो की 'स्पाइडर मैन' फ्रैंचाइजी की फिल्मों की दुनिया भर में अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। गुरुवार को सिनेमाघरों में 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' रिलीज हुई। अब सोशल मीडिया पर फैंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक फैन ने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर फिल्म देखने के बाद कमेंट लिखा, 'कई आलोचकों का कहना है कि 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे', 'स्पाइडर-मैन 2' के बाद आई सबसे बेहतरीन स्पाइडर-मैन फिल्म है।'इसी तरह एक फैन ने कमेंट में लिखा, 'यह फिल्म मेरी पसंदीदा स्पाइडर-मैन फिल्म है। यह सच में जबरदस्त है। यह बहुत शानदार दिखती है। इसकी कहानी बहुत बढ़िया है। सभी की परफॉर्मेंस बेहतरीन है। मैं पूरी फिल्म के दौरान मुस्कुराता रहा।



# भूमि हुईं भगवान शिव की आराधना में लीन

**मुंबई।** सावन का महीना शुरू हो गया है और बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। दरअसल, गुरुवार के दिन उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो और कुछ फोटोज पोस्ट की हैं, जिसमें वे शिवलिंग पर जल अर्पित करती दिख रही हैं। हालांकि, उनके लुक ने लोगों को खफा कर दिया और वे अब उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। सामने आए वीडियो में भूमि पेडनेकर ब्लैक टॉप और ब्लू डेनिम जीन्स पहनकर पूजा करती नजर आ रही हैं। हालांकि, लोगों को इससे कोई समस्या नहीं है। वे कह रहे हैं कि शिवलिंग पर जल चढ़ाते वक्त भूमि ने काला चश्मा क्यों पहना है। उन्हें लग रहा है कि भूमि पूजा करने नहीं बल्कि फोटोशूट कराने गई हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में अपनी नाराजगी जाहिर की।



# तेरा साईं का पोस्टर रिलीज संजय निभाएंगे लीड रोल

**मुंबई।** संजय मिश्रा पर्दे पर साईं बाबा की भूमिका में नजर आएंगे। वे फिल्म 'तेरा साईं' में यह रोल करने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन पलाश मुछाल करेंगे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें संजय मिश्रा को साईं बाबा के रूप में देखा जा सकता है। पलाश मुछाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का पोस्टर साझा किया ह साथ उन्होंने लिखा है, 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः'॥ बता दें कि संजय मिश्रा के अलावा इस फिल्म में सयाजी शिंदे, मनोज जोशी, ओंकारदास मानिकपुरी, अविकागोर और रोहन मेहरा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'तेरा साईं' हिंदी, मराठी, तेलगु और तमिल भाषाओं में रिलीज की जाएगी।


## टीवी मसाला




# अलायंस के सेट पर पहुंचे सलमान, सोहेल से की बातचीत

**नई दिल्ली।** सलमान खान हाल ही में रियलिटी शो 'अलायंस' के सेट पर एक खास मेहमान के तौर पर पहुंचे। बॉलीवुड सुपरस्टार अपने छोटे भाई सोहेल खान से मिलने आए थे। सोहेल खान इस कॉम्पिटिशन में वाइल्ड-कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुए थे। सलमान शो में सोहेल का हौसला बढ़ाने और फिनाले के करीब आने पर उन्हें गाइड करने के लिए आए। 'अलायंस' के सेट पर पहुंचे सलमान खान पैपराजी का अभिवादन किया। उन्होंने कैजुअल डेनिम आउटफिट में तस्वीरें खिंचवाईं, जिसके साथ उन्होंने काउबॉय हैट पहनी थी। खबरों के मुताबिक, सलमान ने सेट पर सोहेल के साथ बातचीत करते हुए लगभग एक घंटा बिताया। इस दौरान, उन्होंने अपने भाई को गेमप्ले बेहतर बनाने के लिए टिप्स और गाइडेंस दी, क्योंकि कॉम्पिटिशन अब अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। सोहेल की एक्स-वाइफ सीमा सजदेह भी 'अलायंस' में वाइल्ड-कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुई थीं, लेकिन हाल ही में शो से एलिमिनेट हो गईं। शो से बाहर होने से पहले, उन्होंने साथी कंटेस्टेंट कुशल टंडन से उन्हें बाहर करने का अनुरोध किया था।

## कातिल अदाओं से कहर ढाती हैं 'बबीता जी'



नई दिल्ली। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने 18 साल पूरे कर लिए है। शो सालों से फैंस को एंटरटेन कर रहा है। शो की स्टारकास्ट को भी काफी पसंद किया जाता है। हर कैरेक्टर की अपनी एक अलग पहचान बन गई है। एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता को भी बहुत पसंद किया जाता है। वो शो में बबीता जी के रोल में हैं। मुनमुन शो में एक मॉडर्न और फैशनेबल महिला के रोल में हैं। जो अपनी फिटनेस का बहुत ख्याल रखती है। मुनमुन दत्ता इन 18 सालों में काफी बदल गई हैं। शो में जब मुनमुन आई थीं तो तब से अब तक मुनमुन का लुक बदल गया है। हालांकि, उनका फैशन गेम आज भी ऑन प्वॉइंट रहता है।

# रावण बनकर छाए यश, साई-रवि की मिली पहली झलक

**मुंबई।** फिल्म 'रामायण' के ट्रेलर में यश को रावण के रूप में देखने के लिए फैंस काफी वक्त से इंतजार कर रहे थे। मेकर्स ने इस मौके को बखूबी भुनाया और आखिरकार 30 जुलाई की तड़के सुबह 'रामायण'का ट्रेलर लॉन्च कर दिया। लगभग चार मिनट के इस ट्रेलर में यश, रणबीर कपूर, साई पल्लवी, रवि दुबे, अरुण गोविल, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह और विवेक ओबेरॉय समेत अधिकतर कलाकार नजर आए। मेकर्स ने एक धमाकेदार इंट्रो के साथ साउथ सुपरस्टार यश को रावण के किरदार में पेश किया है। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया कि रावण तीनों लोकों का स्वामी बन चुका है। इस किरदार में यश भारी-भरकम, जटाधारी लुक में बड़ी-बड़ी सेनाओं से अकेले ही युद्ध करते दिखे। अब रावण का अहंकार मिटाने और पृथ्वी पर बढ़ते पाप का बोझ कम करने के लिए भगवान विष्णु, श्रीराम के रूप में जन्म लेने वाले हैं। यश के इंट्रो के बाद बारी आती है रणबीर के इंट्रो की।



राम के रूप में रणबीर कपूर का लुक तो पहले ही रिलीज हो चुका था पर इस ट्रेलर में उनका किरदार और बेहतर निखर कर सामने आया है। आमतौर पर जल्दी-जल्दी डायलॉग बोलने वाले रणबीर, राम के किरदार में ढलते ही शांत हो गए। फिल्म के उन्हें युवा अवस्था में भी दिखाया है और हर रूप में उनको बढ़े ही सलीके से पेश किया गया। ट्रेलर में पहली बार सीता माता के रोल में साई पल्लवी और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे की झलक मिली है।

## सिंगर ने फिर गाया ऐसा गाना, रच दिया इतिहास

# किशोर कुमार के इस गाने को सुन डायरेक्टर छोड़ गए स्टूडियो

*किशोर कुमार उन सिंगर्स में से थे जिनकी आवाज को हर संगीतकार और एक्टर अपने गाने में चाहते थे। कई स्टार्स तो किशोर कुमार के लिए डायरेक्टर से लड़ तक जाते थे। अब हम आपको बताते हैं एक किस्से के बारे में जब राजेश खन्ना, डायरेक्टर से लड़ गए थे किशोर कुमार के लिए, लेकिन वही डायरेक्टर तब रिकॉर्डिंग स्टूडियो छोड़कर चले गए जब किशोर ने गाना गाया।*

**नई दिल्ली।** दरअसल, हुआ ये कि राजेश खन्ना की ज्यादातर फिल्मों में किशोर उनके लिए गाना जाते थे या ये कहें कि वह उनकी ही आवाज बन गए थे। डायरेक्टर शक्ति सामंत फिल्म बना रहे थे महबूबा और इसका एक गाना था मेरे नैना सावन भादौं। शक्ति इस गाने के लिए मोहम्मद रफी को चाहते थे, लेकिन राजेश खन्ना ने साफ कह दिया कि ये गाना किशोर कुमार ही गाएंगे। वह बोले कि किशोर दा ने अगर ये गाना नहीं गाया तो वह फिल्म नहीं करेंगे। किशोर दा को जब इस बारे में पता चला तो उन्होंने कहा कि पहले लता मंगेशकर को ये गाना रिकॉर्ड करने दीजिए फिर वह उसे सुनकर गाएंगे क्योंकि ये गीत राग शिवरंजनी पर आधारित था। लेकिन, रिकॉर्डिंग के दिन कुछ ऐसा हुआ जो किसी ने सोचा भी नहीं होगा। किशोर दा के सुर बार-बार बिगड़ रहे थे। ये देखकर डायरेक्टर शक्ति स्टूडियो से बाहर हो गए। वहीं, राजेश खन्ना परेशान हो गए कि क्या ये गाना कभी पूरा हो पाएगा।



### महबूबा फिल्म का था गाना

हालांकि, फिर कुछ देर बाद किशोर दा ने माइक संभाला और उनका जो वर्जन रिकॉर्ड हुआ और उसने इस गाने को अमर बना दिया। गाने की बात करें तो इसका म्यूजिक आर डी बर्मन ने किया था। लिरिक्स आनंद बक्षी ने लिखे हैं। वहीं फिल्म थी महबूबा जो 1976 में आई थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना, हेमा मालिनी, प्रेम चोपड़ा, आशा सचदेव, असरानी। किशोर कुमार के बारे में बता दें कि वह हिंदी के अलावा बंगाली, मराठी, गुजराती, कन्नड़ और भोजपुरी भाषा में भी गा चुके हैं।

## रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' अपने 15वें सीजन के साथ आ रहा वापस


# इस वीकएंड ओटीटी पर मिलेगा एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज

*सिनेमाघरों में 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' सज गई है। नीम करौली बाबा के जीवन पर बनी 'हनुमान अंश' भी 31 जुलाई को रिलीज होगी। दिलचस्प बात है कि थिएटर्स के साथ-साथ ओटीटी पर भी खूब रंग जमने वाला है। कई नए शो शुरू हो रहे हैं, तो फिल्में और सीरीज के भी विकल्प हैं। कुल मिलाकर दर्शकों को एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलेगा।*

**नई दिल्ली।** यह मलयालम ड्रामा फिल्म है, 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इसी वीक इसने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है। 'चिन्ना चिन्ना आसाई' 28 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होनी शुरू हुई। वर्षा वासुदेवन द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म वाराणसी में दो अजनबी और अकेले लोगों के बीच एक दिन की दोस्ती पर आधारित है।

### द डेविल्स माउथ

अगर आपको एक्शन थ्रिलर फिल्में पसंद हैं, तो इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। फिल्म 'द डेविल्स माउथ' बुधवार 29 जुलाई 2026 को ओटीटी पर रिलीज हुई। इस फिल्म को थिएटर्स में नहीं, बल्कि सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया है। जेफ वाडलो निर्देशित फिल्म में कैथरीन न्यूटन, लाना कोंडोर और गैविन कैसालेग्नो हैं। यह प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### हार्ट बीट सीजन 3

चर्चित तमिल मेडिकल ड्रामा वेब सीरीज का तीसरा पार्ट भी इस वीकएंड देखा जा सकता है। 'हार्ट बीट सीजन 3' सीरीज 30 जुलाई 2026 को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होनी शुरू हुई है। सीरीज के इस सीजन में रीना 'रीना 2.0' के रूप में नजर आएगी। यह सीजन रीना की जिंदगी और उसके एएम हॉस्पिटल में जाने की कहानी पर आधारित है। इसमें नए इंटर्न, रोमांस और अस्पताल की राजनीति को दिखाया जाएगा।

### द डेविल वियर्स प्राडा 2

यह अमेरिकी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। डेविड फ्रैंकल निर्देशित यह फिल्म 29 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई। इसमें एनी हैथवे, मेरिल स्ट्रीप, स्टेनली टोक्सी और सिमोन ऐश्ली जैसे सितारे हैं।

### 'द लीजेंड ऑफ कर्ण'

वीकएंड पर इस सीरीज का लुत्फ आप बच्चों के साथ उठा सकते हैं। यह महाभारत के योद्धा कर्ण के जीवन पर बनी एक एनिमेटेड वेब सीरीज है। यह सीरीज 31 जुलाई को दस्तक देगी। 'द लीजेंड ऑफ कर्ण' को रद देवराजन और जीवन जे कांग ने बनाया है। इस सीरीज में महाभारत के वीर योद्धा कर्ण के जन्म, संघर्ष और महान धनुर्धर बनने की गाथा दिखाई जाएगी।

### भोजपुरी बवाल'

इस वीक ओटीटी पर बवाल होने जा रहा है। दरअसल, शो 'भोजपुरी बवाल' शुरू हो रहा है। यह नया भोजपुरी रियलिटी एंटरटेनमेंट शो है, जिसमें पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे मुख्य कलाकार हैं। शो 02 अगस्त 2026 से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

### खतरों के खिलाड़ी सीजन 15

रोहित शेट्टी का चर्चित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' अपने 15वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। रोहित शेट्टी बतौर होस्ट कमान संभालेंगे। इस बार गौरव खन्ना, रुबीना दिलैक, जैस्मीन भसीन, करण वाही, ओरी, फरहाना भट्ट समेत कई चर्चित सेलेब्स इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

## हाईकोर्ट ने खारिज की पति की अपील

**दुष्कर्म पीड़िता पत्नी की मदद न करना और परित्यक्त छोड़ना कानूनी रूप से 'डेजर्शन' और क्रूरता माना**

# संकट में पत्नी का साथ छोड़ना व दूसरी शादी करना 'वैवाहिक क्रूरता'

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के रिश्ते और नैतिक-कानूनी जिम्मेदारियों को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस ए.के. सिंह की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया है कि संकट की घड़ी में पत्नी का साथ न देना, उसके साथ हुए अपराध या हिंसा के समय अकेला छोड़ देना और पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी कर लेना वैवाहिक क्रूरता तथा परित्याग की श्रेणी में आता है। मामले के अनुसार, दोनों की शादी 21 जून 2017 को आर्य समाज मंदिर में हुई थी। परिजनों के विरोध के कारण दोनों किराए के मकान में रहने लगे, लेकिन बाद में विवाद के कारण पत्नी मायके लौट गई। इसी दौरान महिला के साथ एक अन्य व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। पत्नी ने पति से मदद और सहारा मांगा, लेकिन पति ने कोई सहयोग नहीं किया और न ही उसका खर्च उठाया। इतना ही नहीं, उसने पहली शादी के कायम रहते हुए दूसरी शादी कर ली। हाईकोर्ट ने पाया कि पति जिरह के दौरान यह साबित करने में पूरी तरह असमर्थ रहा कि उसने पीड़िता पत्नी की मदद की थी। इसके अलावा, वह दूसरी शादी के आरोपों पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। अदालत ने कहा कि विवाह केवल साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि मुश्किल वक्त में एक-दूसरे का सहारा बनने की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी है। वैवाहिक अधिकारों की बहाली का अवसर मिलने के बावजूद पति ने पत्नी के साथ रहने या उसे संभालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की। इन्हीं आधारों को क्रूरता मानते हुए हाईकोर्ट ने पति की ओर से दायर अपील को खारिज कर दिया।



## अलग-अलग वर्षों की चयन प्रक्रियाओं के सभी अंतिम परिणाम तलब

### असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती मामले में हाईकोर्ट का 'मास्टरस्ट्रोक'

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग(एमपीपीएससी) की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती को लेकर सालों से छिड़ी कानूनी जंग में अब एक बड़ा और दिलचस्प मोड़ आ गया है! मप्र हाईकोर्ट अब इस उलझे हुए मामले में आर-पार के मूड में आ चुका है।एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने आयोग पर कड़ा रुख अपनाते हुए अलग-अलग वर्षों की चयन प्रक्रियाओं के सभी अंतिम परिणाम तलब कर लिए हैं। कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि आयोग इन तमाम नतीजों को तुरंत हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (आईएल) विकास शर्मा के समक्ष पेश करे।

**याचिकाओं की 'पंच-कैटेगरी'**

वर्षों से लटकी अनगिनत अर्जियों को सुलझाने के लिए अदालत ने मामलों को 5 मुख्य श्रेणियों- जनभागीदारी अतिथि विद्वान का मुद्दा,अलाइड (संबद्ध) विषय की कानूनी पेचदगियां,न्यूनतम योग्यता से जुड़े विवाद,अर्हकारी परीक्षा की शर्तें व आयु सीमा में छूट की मांग में बांटकर एक साथ सुनवाई की योजना बनाई है। जिन उम्मीदवारों का चयन नहीं हो पाया है, उनकी याचिकाओं को अलग श्रेणी में रखकर अंतिम फैसले के लिए लिस्ट किया जाएगा।

**जनभागीदारी विद्वानों की हुंकार**

इस मामले में सबसे अहम मुद्दा 25% आरक्षण और 10 साल की उम्र में मिलने वाली छूट का है। मौजूदा नियमों के तहत यह फायदा सिर्फ स्वीकृत पदों पर कार्यरत अतिथि विद्वानों को ही मिलता है। हालांकि, जनभागीदारी विद्वानों का सीधा सवाल है कि जब हमारी योग्यता, मेहनत और काम की प्रकृति बिल्कुल समान है, तो यह भेदभाव क्यों? सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध 'मनीष गुप्ता केस' का हवाला देकर इन्होंने बराबरी के हक की गुहार लगाई है।हाईकोर्ट के इस रुख के बाद अब सालों से इंतजार कर रहे हजारों अभ्यर्थियों की सांसें थमी हुई हैं। सुनवाई के दौरान दो याचिकाओं को वापस लेने की अनुमति भी दी गई।

**मुस्कान गोल्ड प्रोजेक्ट में फ्लैट बुक कराने के बाद भी नहीं मिला कब्जा**

# 15 साल बाद उपभोक्ता को राहत बिल्डर लौटाएगा पांच लाख रुपये

**जबलपुर ।** मुस्कान गोल्ड प्रोजेक्ट, जबलपुर में फ्लैट बुक कराने के करीब 15 साल बाद जिला उपभोक्ता आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आयोग ने बिल्डर को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बुकिंग के लिए जमा पांच लाख रुपये सात प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार और परिवाद व्यय के दो हजार रुपये भी देने होंगे। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना और सदस्य मनोज कुमार मिश्रा ने यह आदेश सुनाया। आदेश के अनुसार भुगतान आदेश की तारीख से दो माह के भीतर करना होगा।



**2011 में बुक किया था 24.50 लाख का फ्लैट**

परिवादी जबलपुर निवासी सुदीश कुमार चौरसिया की ओर से अधिवक्ता अरुण जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मेसर्स श्रीकृष्णा बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के मुस्कान गोल्ड प्रोजेक्ट में श्री बीएचके फ्लैट नंबर 336, तीसरी मंजिल, 1808 वर्गफीट क्षेत्रफल का फ्लैट 15 दिसंबर, 2011 को बुक किया था। फ्लैट की कीमत 24.50 लाख रुपये तय हुई थी और परिवादी ने पांच लाख रुपये एडवांस जमा किए थे। एग्रीमेंट के मुताबिक फ्लैट का कब्जा 36 से 48 माह में दिया जाना था। लेकिन समय बीतने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं हुआ और कब्जा मिलने की कोई स्थिति नहीं बनी।

## सम्बलपुर-जबलपुर के बीच 1 अगस्त को वन-वे स्पेशल ट्रेन चलेगी

**जबलपुर।** अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए रेल प्रशासन ने सम्बलपुर जंक्शन–जबलपुर के बीच गाड़ी संख्या 08301 वन-वे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन शनिवार, 1 अगस्त 2026 को सम्बलपुर जंक्शन से सुबह 6:15 बजे रवाना होकर झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चांपा जंक्शन, बिलासपुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल एवं कटनी साउथ होते हुए शाम 6:25 बजे जबलपुर पहुंचेगी। रेल प्रशासन के अनुसार अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा के लिए संचालित इस विशेष ट्रेन में 20 स्लीपर तथा 2 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच लगाए जाएंगे।




# रिश्वत लेते तहसील का डाटा एंट्री ऑपरेटर लोकायुक्त टीम के हत्थे चढ़ा

**जबलपुर।** लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गाडरवाड़ा तहसील कार्यालय में पदस्थ डाटा एंट्री ऑपरेटर अजय कुमार श्रीवास्तव को 3 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी नक्शा दुरुस्ती के आदेश की प्रति उपलब्ध कराने के एवज में रिश्वत मांग रहा था।लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, बरहटा निवासी आशीष कुमार कौरव ने शिकायत की थी कि उनकी खरीदी गई भूमि के नक्शा दुरुस्ती संबंधी प्रकरण में तहसीलदार कार्यालय का बाबू अजय कुमार श्रीवास्तव आदेश की प्रति दिलाने के नाम पर 5 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी 3 हजार रुपये लेने पर तैयार हो गया।योजना के तहत गुरुवार को जैसे ही फरियादी ने तहसीलदार न्यायालय कक्ष, गाडरवाड़ा में आरोपी को 3 हजार रुपये दिए, पहले से मौजूद लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश एवं पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में निरीक्षक जितेंद्र यादव, राहुल गजभिये, बृजमोहन सिंह नरवरिया सहित लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने की।



## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित अन्य विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड में होगा, इसलिए मंच और मैदान से जुड़ी सभी तैयारियां अभी से सुनिश्चित कर ली जाएं। साथ ही परेड और उसकी रिहर्सल 1 अगस्त से शुरू कर दी जाए। उन्होंने कहा कि बारिश की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी और वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी पहले से ही तैयार रखें। बैठक में समारोह के दौरान फहराए जाने वाले झंडे और गुब्बारों की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई है। इसके अलावा, अतिथियों और गणमान्य नागरिकों के बैठने के लिए नेम प्लेट के साथ व्यवस्थित बैठक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों के बैठने की व्यवस्था एवं मिठाई वितरण की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी को दी। साथ ही, बैठक में मीसाबंदियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बैठने की भी विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने समारोह के आमंत्रण पत्र और छपाई का काम समय पर पूरा कर जनप्रतिनियों एवं अन्य अतिथियों को आमंत्रित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा 14 और 15 अगस्त की रात को शहर के सभी सरकारी कार्यालयों और महत्वपूर्ण इमारतों पर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।




## पीसीपीएनडीटी उल्लंघन पर तीन सोनोग्राफी सेंटरों के लाइसेंस निरस्त

**जबलपुर।** पीसीपीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने तीन सोनोग्राफी सेंटरों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। राजस्व, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के बाद मालवीय चौक स्थित आरके डिजिटल एक्स-रे एवं सोनोग्राफी सेंटर, आधारताल स्थित सरल सोनोग्राफी सेंटर तथा इनसे जुड़े ईस्ट घमापुर कांचघर स्थित महेश सोनोग्राफी सेंटर की मान्यता समाप्त कर दी गई है।जांच के दौरान सामने आया कि आरके डिजिटल सेंटर से महिलाओं को लिंग परीक्षण के लिए सरल सोनोग्राफी सेंटर भेजा जाता था। निरीक्षण में फॉर्म-एफ, रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज जब्त किए गए। जांच में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के गंभीर उल्लंघन के प्रमाण मिलने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध पुलिस ने भी प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि लाइसेंस निरस्त होने के बाद संबंधित संस्थान पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत किसी भी प्रकार की सोनोग्राफी अथवा पंजीकृत गतिविधियों का संचालन नहीं करेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## बिना एलोपैथिक योग्यता इलाज करते दो क्लीनिक सील, दवाइयों के सैंपल जब्त

**जबलपुर।** प्रशासन की जांच में बिना वैध एलोपैथिक योग्यता के मरीजों का उपचार करते पाए जाने पर दो क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। निरीक्षण के दौरान शाहीन दवाखाना में होम्योपैथी डिग्रीधारक शाहीन मोहम्मद खान द्वारा एलोपैथिक दवाओं से उपचार किया जाना पाया गया। वहीं रहमानी सिफाखाना क्लीनिक में भी संचालक निसार अंसारी द्वारा बिना सक्षम चिकित्सकीय डिग्री के एलोपैथिक इलाज किए जाने की पुष्टि हुई। जांच दल ने दोनों संस्थानों से एलोपैथिक दवाइयां एवं उपचार सामग्री जब्त कर दवाओं के सैंपल लिए। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अधारताल वीर बहादुर धुर्वे, शासकीय चिकित्सक डॉ. शत्रुघन दाहिया, डॉ. के.के. वर्मा एवं हनुमानताल थाना पुलिस बल मौजूद रहा। प्रथम दृष्टया नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोनों क्लीनिकों को आगामी कार्रवाई तक सील कर दिया गया है।

# बायोकेमिस्ट्री अभ्यर्थियों को हाई कोर्ट से राहत

**असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति का रास्ता साफ**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बायोकेमिस्ट्री विषय के पीजी अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने अंतरिम आदेश के आधार पर चयन प्रक्रिया में शामिल होकर अंतिम चयन सूची में स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों की याचिकाएं स्वीकार कर लीं। इससे उनकी असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। याचिकाकर्ताओं डा. सुशील कुमार प्रतापति सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता नित्यानंद मिश्रा ने पक्ष रखा। मामला वर्ष 2022 की एमपीपीएससी भर्ती से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि 2017 में बायोकेमिस्ट्री को बाटनी-जूलाजी के एलाइड सब्जेक्ट के रूप में मान्यता थी, लेकिन 2022 में इसे हटा दिया गया। वहीं 2025-26 की भर्ती में सरकार ने फिर इसे शामिल कर लिया। सरकार ने तेज प्रकाश पाठक बनाम राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। कोर्ट ने पूछा कि 2017 व 2025 में मान्यता के बावजूद 2022 में बायोकेमिस्ट्री क्यों हटाई गई।

## डॉ. कैलाश नाथ मेहरा की प्रथम पुण्यतिथि पर निःशुल्क श्रवण जांच शिविर 1 से

**जबलपुर।** स्वर्गीय डॉ. कैलाश नाथ मेहरा की प्रथम पुण्यतिथि पर वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक प्रा. लि. द्वारा 1 एवं 2 अगस्त को दो दिवसीय निःशुल्क श्रवण क्षमता जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। क्लिनिक की डायरेक्टर डॉ. सोनल मेहरा ने प्रेसवार्ता में बताया कि शिविर का उद्देश्य शिशुओं, बच्चों, युवाओं, वयस्कों एवं वरिष्ठ नागरिकों में श्रवण संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान कर उचित उपचार और परामर्श उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि शिविर में चीफ ऑडियोलॉजिस्ट विशाल मेहरा एवं उनकी विशेषज्ञ टीम अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से श्रवण परीक्षण कर विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करेगी। आवश्यकता अनुसार डिजिटल रिचार्जेबल हियरिंग एड्स भी रियायती दरों पर उपलब्ध रहेंगे। शिविर में वर्टिगो एवं टिनिटस से संबंधित जांच और परामर्श की सुविधा भी रहेगी। क्लिनिक ने नागरिकों से पूर्व पंजीकरण कराने तथा पुरानी जांच रिपोर्ट साथ लाने की अपील की है।



**अज्ञात व्यक्ति के बैठने से मचा हड़कंप, अब चल रही जांच पड़ताल**

## जेडीए के सीईओ की कुर्सी में आखिर कौन बैठा था ...?

**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में पिछले दिनों फर्जी अध्यक्ष का मामला सामने आया था. अब कथित सीईओ को लेकर चर्चाओ का बाजार गर्म है. जेडीए के सीईओ दीपक वैध का ताबादला होने के बाद वे कार्यमुक्त होकर अपना प्रभार वरिष्ठ कार्यपालन यंत्री संजय खरे को सौंप गये. इसके बाद बुधवार को एक नाटकीय घटनाक्रम सामने आया. एक अज्ञात व्यक्ति जेडीए कार्यालय पहुंचा और सीईओ की कुर्सी में करीब आधा घंटा बैठा रहा. इस दौरान कार्यालय में खुसुर पुसुर चलती रही. लेकिन किसी ने पूछने की जहमत नहीं उठाई आप कौन है. सब इसी भ्रम में रहे की कहीं को सरकारी आदेश लेकर तो नहीं आया.जिसने कर्मचारियों और अधिकारियों को असमंजस में डाल दिया। दरअसल बताया जा रहा है कि एक अज्ञात व्यक्ति अचानक जेडीए के सीईओ कक्ष में पहुंचा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी की कुर्सी पर करीब आधे घंटे तक बैठा रहा। कर्मचारियों को जब तक स्थिति की जानकारी होती और वे उससे पूछताछ करते, उससे पहले ही वह वहां से निकल गया। घटना के बाद कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कर्मचारियों ने पूरे घटनाक्रम की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई है, लेकिन देर शाम तक इस संबंध में कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया। सूत्रों का कहना है कि घटना के बाद कार्यालय परिसर में पूरे दिन चर्चाओं का दौर चलता रहा। कर्मचारी यह जानने का प्रयास करते रहे कि वह व्यक्ति कौन था और किस उद्देश्य से अधिकारी के कक्ष तक पहुंचा। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है। फिलहाल जेडीए प्रबंधन की ओर से मामले की आंतरिक स्तर पर जानकारी जुटाई जा रही है। हालांकि, अज्ञात व्यक्ति की पहचान और उसके कार्यालय में प्रवेश के कारणों को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार सीईओ दीपक वैद्य के तबादले के बाद वरिष्ठ कार्यपालन यंत्री संजय खरे को सीईओ का प्रभार सौंपा गया।

**जिला अधिवक्ता संघ चुनाव**

# सचिन, सुनीता ने उपाध्यक्ष पद पर मारी बाजी

**नेहा मिश्रा कोषाध्यक्ष और शैलेन्द्र यादव सह सचिव निर्वाचित**
**पुस्तकालय सचिव व कार्यकारिणी सदस्यों की मतगणना आज**

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव 2026-28 की मतगणना के दूसरे दिन गुरुवार को पुरुष उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सह सचिव पदों के परिणाम घोषित किए गए। पुरुष उपाध्यक्ष पद पर सचिन गुप्ता, महिला उपाध्यक्ष पद पर सुनीता सूद गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर नेहा मिश्रा और सह सचिव पद पर शैलेन्द्र यादव ने जीत दर्ज की। महिला उपाध्यक्ष पद पर सुनीता सूद गुप्ता ने 495 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल की। शुक्रवार को पुस्तकालय सचिव और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए पड़े मतों की गिनती होगी।

**पुरुष उपाध्यक्ष :** -सचिन गुप्ता को 469, मनोज तिवारी को 412, मनोज शिवहरे को 388, प्रशांत कोहरे को 292, दिलीप कुमार श्रीवास्तव को 277, प्रमोद त्रिपाठी को 266, अजय शुक्ला को 165, शेख मंजूर को 106, कमल बघेल को 104 और सुखवीर को 34 मत मिले। सचिन गुप्ता ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनोज तिवारी को 57 मतों से हराया।

**महिला उपाध्यक्ष :** -सुनीता सूद गुप्ता ने 1182 मत हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। मधु राणा को 687 और वर्षा तिवारी को 666 मत मिले। सुनीता ने मधु राणा को 495 मतों से पराजित किया।

**कोषाध्यक्ष :** -नेहा मिश्रा को 831 मत मिले। रेणु वाला सिंह को 678, रेणुका शुक्ला को 637 और नीलम दत्त को 497 मत मिले।

**सह सचिव :**-शैलेन्द्र यादव ने 964 मत हासिल कर सर्वाधिक मतों के साथ जीत दर्ज की। दामोदर पाटकर को 667, आवेश पटेल को 470, विनोद विश्वकर्मा को 401 और सतीश कुमार शर्मा को 149 मत मिले।

**आज होगी अगली मतगणना :** -\पुस्तकालय सचिव और कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए शुक्रवार को मतगणना होगी। इसके साथ ही संघ की नई कार्यकारिणी की तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी।

## विखंडन विरोधी प्रस्ताव पारित करे ईसी

**एनएसयूआई ने एमपीएमएसयू कुलगुरु को सौंपा ज्ञापन**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय (एमपीएमएसयू) के प्रस्तावित विखंडन के विरोध में आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने छात्र नेता अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम एक ज्ञापन उपकुलसचिव अजय मिश्रा को सौंपर विश्वविद्यालय की एकता एवं मूल स्वरूप को बनाए रखने की मांग की।ज्ञापन के माध्यम से एनएसयूआई ने मांग की कि विश्वविद्यालय की कार्य परिषद (ईसी) की शीघ्र बैठक आहूत की जाए तथा उसमें सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया जाए कि कुलगुरु एवं संपूर्ण कार्य परिषद मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय के किसी भी प्रकार के विखंडन का स्पष्ट रूप से विरोध करती है। साथ ही यह प्रस्ताव मध्यप्रदेश शासन को भेजकर विश्वविद्यालय की एकता एवं स्वायत्तता को यथावत बनाए रखने का आग्रह किया जाए।इस अवसर पर छात्रनेता अनुराग शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय जबलपुर की ऐतिहासिक पहचान होने के साथ-साथ प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। इसका विखंडन न केवल विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों के विपरीत होगा, बल्कि चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। इस दौरान रिजवान अली कोटी, कपिल भोजक, सागर शुक्ला, अमित सोनकर, देवकी पटेल,शफी खान,अंकित शुक्ला,एजाज अंसारी, प्रतीक गौतम, अंकित कोरी, वकार खान,युग ठाकुर,अदील सैय्यद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निगम के आउटसोर्स कर्मियों को 3 माह से नहीं मिला वेतन



**जबलपुर।** तीन माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज नगर निगम के आउटसोर्स कर्मचारियों का गुरुवार को आक्रोश फूट पड़ा। कर्मचारियों ने कामकाज पूरी तरह बंद कर निगम परिसर में प्रदर्शन करते हुए बकाया वेतन का तत्काल भुगतान करने की मांग की। हड़ताल के चलते नगर निगम की कई महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित रहीं और अपने काम से पहुंचे नागरिकों को घंटों इंतजार के बाद मायूस लौटना पड़ा।

**निगम परिसर में प्रदर्शन कर किया कामकाज ठप्प**

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले तीन महीनों से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई बार अधिकारियों के समक्ष समस्या रखने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं की गई, जिससे मजबूर होकर उन्हें कार्य बहिष्कार का रास्ता अपनाना पड़ा।

हड़ताल का असर नगर निगम के विभिन्न विभागों में साफ दिखाई दिया। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, टैक्स जमा करने, दस्तावेजों के सत्यापन सहित कई जरूरी सेवाएं प्रभावित रहीं। सुबह से ही निगम कार्यालय में लोगों की भीड़ लगी रही, लेकिन अधिकांश नागरिकों को बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने साफ कहा कि जब तक तीन महीने का बकाया वेतन उनके खातों में जमा नहीं किया जाता, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। कर्मचारियों ने अधिकारियों पर उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी करने का भी आरोप लगाया।

उधर, नगर निगम प्रशासन का कहना है कि कर्मचारियों की मांगों पर विचार किया जा रहा है और स्थिति सामान्य बनाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि देर शाम तक हड़ताल समाप्त होने को लेकर कोई सहमति नहीं बन सकी।

# श्रावण मास में हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ

## 27 अगस्त तक होंगे दैनिक आयोजन



जबलपुर।

श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल, जाबालिपुरम के तत्वावधान में श्रावण मास के अवसर पर 10वें वर्ष प्रतिदिन आयोजित होने वाले श्री हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। मंडल के संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि 30 जुलाई से 27 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे शहर के विभिन्न स्थानों पर घर-घर हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। श्रृंखला के प्रथम दिवस विजय नगर के मानस चौक स्थित रीता एवं पं. राकेश मिश्रा के निवास पर संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे के सानिध्य में पूजन-अर्चन के साथ संकीर्तन प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए। मंडल ने बताया कि दूसरा आयोजन 31 जुलाई को सुबह 8:30 बजे शिव शारदा मंदिर, हनुमानताल में पं. राहुल चौबे के सौजन्य से होगा। इस अवसर पर सतीश दुबे, कार्तिक अग्निहोत्री, पवन दुबे, प्रभाकर चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मेडीकल यूनिवर्सिटी विखंडन पर प्रदर्शन आज

**जबलपुर।** मेडीकल यूनिवर्सिटी के विखंडन पर चारों मंत्री प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, राकेश सिंह, राजेन्द्र शुक्ल तथा प्रहलाद पटेल ने निराश किया है। विरोधस्वरूप जन संगठनों ने 31 जुलाई को दोपहर 01 बजे घंटाघर के पास प्रदर्शन का आयोजन किया है। प्रदर्शन में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, सुशील कनौजिया, गीता पांडे, मनीष शर्मा, सुभाष चंद्रा, पीएस राजपूत सहित अन्य ने उपस्थिति की अपील की है।

# जनेकृविवि के इमलिया फार्म में वृहद वृक्षारोपण, कुलपति ने लगाए फलदार पौधे

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि) के इमलिया फार्म में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस दौरान कुलपति, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एनसीसी-एनएसएस के विद्यार्थियों ने चीकू, आम एवं नींबू के पौधे लगाए। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और शुद्ध जल उपलब्ध कराने में सहायक होगा। वृक्षारोपण प्रकृति, समाज और भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस अवसर पर कुलसचिव एवं संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. अश्वनी जैन, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# दहेज की मांग और मारपीट से परेशान महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**जबलपुर।** ग्राम छेड़ी बरौदा, तहसील पाटन निवासी राधा चौधरी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर अपने पति दीपक अहिरवार पर दहेज की मांग, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2024 में विवाह के कुछ माह बाद से पति का व्यवहार बदल गया और वह ऑटो रिक्शा खरीदने के लिए मायके से दहेज लाने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। आवेदिका का कहना है कि बीमारी के दौरान भी पति ने सहयोग करने के बजाय प्रताड़ित किया तथा उस पर बेवजह शक कर आए दिन विवाद करता है। शिकायत के अनुसार समाज के लोगों ने कई बार समझाइश दी, लेकिन पति के व्यवहार में सुधार नहीं आया। महिला ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



# स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया वृक्षारोपण



**जबलपुर।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर त्रिमूर्ति मिडल स्कूल आधारताल एवं त्रिमूर्ति हायर सेकेंडरी स्कूल विजय नगर द्वारा नगर निगम जबलपुर के सहयोग से दीनदयाल चौराहे के पास बने डिवाइडर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष डॉक्टर दिव्या चौबे, स्कूल प्राचार्या डॉक्टर मृदुला चौरसिया, पुष्पलता वाजपेई, नीलम रैकवार एवं शबाना अंजुम उपस्थित रहीं। नगर निगम के एस.आई. एवं अन्य सहयोगी जन सेवा साईं समिति के सदस्य इस पुनीत कार्य में उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉक्टर मृदुला चौरसिया ने बताया कि हमारा स्कूल समय-समय पर ऐसे अनेक कार्य करता रहता है। साथ ही शाला के छात्र-छात्राओं ने पॉलिथीन का उपयोग न करने का भी एक जागरूकता संदेश दिया एवं सैकड़ों की संख्या में कपड़े के थैले आमजनों को निःशुल्क वितरित किए गए।

### लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राजेश मिश्रा सेवानिवृत्त



**सिहोरा।** लोक निर्माण विभाग सिहोरा में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजेश मिश्रा आज अपनी 38 वर्ष 5 माह की गौरवशाली शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी सेवानिवृत्ति पर विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया है। राजेश मिश्रा ने अपनी सेवाकाल के दौरान जबलपुर, मंडला, बालाघाट सहित विभिन्न स्थानों पर पदस्थ रहते हुए अनेक महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को अनुकरणीय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भव्य समारोह में मॉल 11 का शुभारंभ

## शहर को मिला नया लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन

**जबलपुर।** संस्कारधानी को आधुनिक शॉपिंग, मनोरंजन और लाइफस्टाइल का नया केंद्र गुरुवार को मिल गया। सत्यप्रकाश समूह के बहुप्रतीक्षित मॉल 11 का शुभारंभ विश्वविख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. कौल ने विधिवत लोकार्पण कर किया। समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। छह मंजिला अत्याधुनिक मॉल में पीवीआर इनॉक्स के तीन मल्टीप्लेक्स, शॉपर्स स्टॉप, फॉरेस्ट एसेंशियल, मार्केट 99, रेमंड और एसिक्स सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के आउटलेट शुरू किए गए हैं। फूड जोन में पिज्जा हट, कोस्टा कॉफी, बिरयानी बाय किलो, नूडल स्टेशन सहित विभिन्न फूड ब्रांड्स की सुविधा उपलब्ध है। आधुनिक गेम ज़ोन, विश्वस्तरीय इंटीरियर, डबल-लेयर पार्किंग और हाई-स्पीड लिफ्ट्स मॉल के प्रमुख आकर्षण हैं। उद्घाटन समारोह में नरेश ग्रोवर एवं कमल ग्रोवर ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि अखिल ग्रोवर और निखिल ग्रोवर ने शहरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मॉल 11 को जबलपुर का नया पारिवारिक एवं लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन बनाने का विश्वास जताया।




# विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस पर आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान



**जबलपुर।** विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट जबलपुर ने ऑपरेशन आहट के तहत रेलवे स्टेशन परिसर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व उपनिरीक्षक अरविंद सिंह ने आरपीएफ स्टाफ के साथ किया। इस दौरान मनोबल संस्था की सदस्य सीबा सोफिया सिंह भी मौजूद रहीं। अभियान में यात्रियों को मानव तस्करी एवं बाल तस्करी की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल आरपीएफ को देने, नशाखोरी से बचाव तथा सुरक्षित रेल यात्रा के संबंध में जानकारी दी गई। यात्रियों से अपील की गई कि स्टेशन या ट्रेनों में किसी संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस बच्चे या मानव तस्करी से जुड़ी गतिविधि दिखने पर तुरंत आरपीएफ अथवा रेलवे हेल्पलाइन को सूचना दें। अभियान में करीब 100 से 150 यात्रियों ने भाग लेकर मानव तस्करी के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

**विजय भारती यादव**
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.)
Presiding Officer :सुश्री विजया भारती यादव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (MJC/0000077/2025)
कृष्णा पटेल व अन्य..............वादी Vs
पूजा साहू व अन्य ............. प्रतिवादी
Process Id- / 2026
पेशी दिनांक :- 12/09/2026
प्रेषिती- (1) अनूप कुमार साहू पिता महेन्द्र सिंह साहू पता - निवासी ग्राम कन्तोरा तहसील पाटन जिला जबलपुर (2) दिलीप कुमार साहू पिता महेन्द्र सिंह साहू पता- निवासी ग्राम कन्तोरा तहसील पाटन जिला जबलपुर (3) लक्ष्मी बाई पिता स्व. भागवान दास पति कृष्ण कुमार पता - निवासी महाराजपुर जगदम्बा कालोनी जिला जबलपुर (4) प्रतीक शुक्ला पिता दिनेश शुक्ला पता- निवासी संजीवनी नगर गढ़ा तहसील एवं जिला जबलपुर (5) विकास कुशवाहा पिता राजेश कुशवाहा पता - निवासी ग्राम कन्तोरा तहसील पाटन जिला जबलपुर (6) महेन्द्र सिंह पिता स्व. भगवानदास कुर्मी पता- निवासी ग्राम कन्तोरा तहसील पाटन जिला जबलपुर (7) राशि जैन पिता अनिल कुमार जैन पता- निवासी ग्राम कन्तोरा तहसील पाटन जिला जबलपुर
यह कि प्रार्थी कृष्णा पटेल व अन्य ने आपके विरूद्ध विविध व्यवहार वाद के लिए वाद संस्थित किया है, ग्राम कंतोरा, प.ह.-कन्तोरा, तहसील पाटन, जिला जबलपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर- २८, ५०/१, ५०/२, ५०/३, ५२/१, ५२/२/१/१, ५२/२/१/२, ५२/२/२, ५२/३, ५२/४, ५२/५, ५२/६, ५२/७, ५२/८/१, ५२/८/२, ५२/९, ५२/१०, ५२/११, रकवा क्रमशः ३.३८, ०.३५, २.००, २.००, ०.२५, ०.२०, ०.४०, ०.४०, ०.४०, ०.२०, ०.२८, १.००, ०.२४, ०.०४, ०.२०, ०.२५, ०.२५, ०.२५ हे. कुल रकवा १२.०९ हे. भूमि विवादित है के संबंध में आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
सील
**विजय भारती यादव**
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने निकाली जन आक्रोश रैली, सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जितेंद्र कुमार कुर्मी के नेतृत्व में किसानों, युवाओं एवं आमजन ने मझगवां में जन आक्रोश रैली निकालकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार सिहोरा को सौंपा। ज्ञापन में दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच, पेट्रोल-डीजल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के निर्णय पर पुनर्विचार, मझगवां में महाविद्यालय, आईटीआई, डीएड एवं बीएड कॉलेज की स्थापना, समान शिक्षा नीति लागू करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां को सिविल अस्पताल का दर्जा देकर पर्याप्त चिकित्सकों की नियुक्ति सहित कई मांगें रखी गईं। प्रदर्शनकारियों ने मांगों का शीघ्र निराकरण करने की अपील की। इस दौरान एड. इंद्रकुमार पटेल, प्रदीप पटेल, सुनील विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



# गुरुपूर्णिमा पर आदर्श गुरुओं का हुआ सम्मान

**जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पारंपरिक गुरुओं के साथ समाज के प्रेरणास्त्रोत एवं मार्गदर्शक व्यक्तित्वों का भी सम्मान किया गया। इसी क्रम में सुहाने न्यूज़ एजेंसी के संचालक कैलाश नामदेव का उनके 40 वर्षों के समर्पित एवं निष्ठापूर्ण कार्य के लिए प्रेस कर्मियों और समाचार पत्र विक्रेताओं ने सम्मान किया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने कैलाश नामदेव का तिलक कर, मिठाई खिलाई तथा चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। सम्मान से भावुक हुए कैलाश नामदेव ने इसे अपने लंबे कार्यकाल की ईमानदारी, मेहनत और समर्पण का सबसे बड़ा पुरस्कार बताते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।






**श्री राम प्रसाद बंशकार-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री श्याम लाल बंशकार के पुत्र श्री राम प्रसाद बंशकार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कृष्णकांत सिंह-** सिद्धनाथ छापर रामपुर निवासी श्री मनमोहन सिंह के पुत्र श्री कृष्णकांत सिंह (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता कुचबंधिया-** चांदमारी टेस्टिंग रोड लालमाटी निवासी श्री राजू कुचबंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता कुचबंधिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुभद्रा बाई रजक-** गली नं. 15, सदर निवासी श्री भरत लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा बाई रजक (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला दाहिया-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री बृजेश दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती विमला दाहिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जमुना बाई पासी-** संजय गांधी नगर सदर निवासी श्री बाबू लाल पासी की धर्मपत्नी श्रीमती जमुना बाई पासी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटू चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री रज्जू लाल चौधरी के पुत्र श्री छोटू चौधरी (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री शंभू बर्मन-** नगर निगम कम्पाउंड निवासी श्री शंभू बर्मन (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लल्लूराम विश्वकर्मा-** कांचघर दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री लल्लूराम विश्वकर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**डी. आदिशेषू-** कांचघर चुंगी चौकी निवासी डी. आदिशेषू (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# बिजली समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

**मझौली।** बिजली कटौती एवं अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ तहसील मझौली इकाई ने मुख्य अभियंता के नाम कनिष्ठ यंत्री महेंद्र विश्वकर्मा (मझौली) एवं कनिष्ठ यंत्री सत्यदेव पाठक (इन्द्राना) की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों को दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने, 132 केवी सब स्टेशन निर्माण की स्वीकृति देने, रानीताल कटाव में चार वर्षों से निर्माणाधीन 33 केवी सब स्टेशन को शीघ्र प्रारंभ करने, ओवरलोड एवं जले हुए ट्रांसफार्मरों को बदलने सहित विभिन्न मांगें रखी गईं। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, मंत्री रंजीत पटेल, जिला कार्यकारिणी सदस्य अटल पटेल, राजू पटेल, अभिनेष, जयकुमार, सुरेंद्र कुशवाहा, हरिश्चंद्र यादव, सुरेंद्र चक्रवर्ती, दिव्यांश साहू सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### महिंद्रा एंड महिंद्रा के लाभ में 34 प्रतिशत की वृद्धि



**मुंबई।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 34 प्रतिशत बढ़कर 5,455 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी ने 4,083 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### वेदांता के शुद्ध लाभ में 72 फीसदी का उछाल



**नई दिल्ली।** धातु एवं खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 71.8 प्रतिशत बढ़कर 5,473 करोड़ रुपये रहा। रुपये की विनिमय दर में गिरावट और अधिक बिक्री के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी का 2025-26 की पहली (अप्रैल) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 3,185 करोड़ रुपये था।

### रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 95.67 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मजबूती और विदेशी पूंजी के प्रवाह के बीच रुपया बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ नौ पैसे मजबूत होकर 95.67 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। डॉलर में नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला। कारण कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से इसकी तेजी सीमित रही।

### आर्सेलरमित्तल के लाभ में 62 प्रतिशत गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलरमित्तल ने बृहस्पतिवार को कहा कि अप्रैल-जून, 2026 तिमाही में उसका शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 62 प्रतिशत घटकर 68.3 करोड़ डॉलर रह गया। भारत में भी खासी मौजूदगी रखने वाली कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 179.3 करोड़ डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### लोहिया कॉर्प का शेयर आठ प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** औद्योगिक मशीनरी विनिर्माता लोहिया कॉर्प लिमिटेड का शेयर अपने 425 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले आठ प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 460 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 8.23 प्रतिशत अधिक है।

### इंडो-एमआईएम का शेयर 53 फीसदी चढ़कर सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी इंडो एमआईएम लिमिटेड का शेयर बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 485 रुपये के मुकाबले करीब 53 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 703 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 44.94 प्रतिशत अधिक है। बाद में यह 56.18 प्रतिशत चढ़कर 757.50 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 700 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य की तुलना में 44.32 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है।

# एचसीएल टेक की रोशनी नाडर बनीं देश की सबसे अमीर महिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एचसीएलटेक की चेयरपर्सन रोशनी नाडर मल्होत्रा संपित्त सृजन के मामले में सबसे आगे हैं। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक प्रिया नायर ने 'पेशेवर सीईओ' श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया जो 5,06,600 करोड़ रुपये मूल्य वाली कंपनी का नेतृत्व कर रही हैं। 'कैंडेयर हुरुन इंडिया महिला नेतृत्व सूची' में यह कहा गया है। इस साल की सूची में 117 महिलाओं को शामिल किया गया है, जबकि 2025 में यह संख्या 97 थी। इस तरह सूची में शामिल महिलाओं की संख्या में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल नौ श्रेणियों वाली इस सूची का दायरा बढ़ाकर 2026 में 12 श्रेणियों तक कर दिया गया है, ताकि महिला नेतृत्व के व्यापक स्वरूप को शामिल किया जा सके।

- एचयूएल की प्रिया नायर सीईओ श्रेणी में शीर्ष पर

## कैंडेयर हुरुन इंडिया ने जारी की महिला नेतृत्व सूची

### अनुभवी श्रेणी में प्रीता रेड्डी को शीर्ष स्थान

अपोलो हॉस्पिटल्स की प्रीता रेड्डी (68) और सुनीता रेड्डी (67) ने संयुक्त रूप से 'अनुभवी' श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनकी कंपनियों का संयुक्त मूल्यांकन 1,21,000 करोड़ रुपये से अधिक है। रीन्यू पावर की सह-संस्थापक और चेयरपर्सन (सस्टेनेबिलिटी) वैशाली निगम सिन्हा (56) ने न्यू इकोनॉमी श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उनकी कंपनी का मूल्यांकन 22,230 करोड़ रुपये है।




### सूची में शामिल सभी महिलाओं की औसत आयु 48 वर्ष

सूची में शामिल सभी महिलाओं से जुड़ी कंपनियों का संयुक्त मूल्यांकन 39 लाख करोड़ रुपये है, जो फिनलैंड के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से भी अधिक है। सूची में शामिल महिलाओं की औसत आयु 48 वर्ष है और उनकी आयु 19 से 86 वर्ष के बीच है। बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ और नायका की संस्थापक फाल्गुनी नायर सूची में शामिल प्रमुख नामों में हैं।

### शीतल देवी सूची में सबसे कम उम्र की महिला

महज 19 वर्ष की पैरा तीरंदाज शीतल देवी इस सूची में शामिल सबसे कम उम्र की महिला हैं, जबकि 86 वर्षीय उद्यमी रजनी बेक्टर सबसे वरिष्ठ सम्मानित महिला हैं। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा, जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था और समाज अधिक विविध हो रहे हैं, हमारा लक्ष्य उन क्षेत्रों, उभरते क्षेत्रों और कम चर्चित उपलब्धियों तक पहुंचना है, जहां अगली पीढ़ी की महिलाएं नेतृत्व स्तर पर पहले से काम कर रही हैं और पहचान मिलने का इंतजार कर रही हैं।

### नए मानक स्थापित करने वाली महिलाएं सम्मानित

कैंडेयर के प्रबंध निदेशक संजय रघुरामन ने कहा, इस सूची के दूसरे संस्करण में विभिन्न क्षेत्रों में नए मानक स्थापित करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया है। हुरुन इंडिया के साथ मिलकर हम उम्मीद करते हैं कि यह सम्मान आगे और प्रतिष्ठित होगा, प्रभावशाली कहानियों को सामने लाएगा और उन असाधारण महिलाओं का सम्मान करेगा, जिनकी उपलब्धियां आज के भारत को आकार दे रही हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए नेतृत्व की स्थायी विरासत छोड़ रही हैं।

## विश्व स्वर्ण परिषद ने जारी की दूसरी तिमाही रिपोर्ट

# मौसमी सुस्ती से भारत में सोने की मांग अप्रैल-जून तिमाही में छह प्रतिशत घटी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मौसमी सुस्ती, सीमा शुल्क में बढ़ोतरी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोने की खरीद कम करने की अपील के कारण भारत में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सोने की मांग सालाना आधार पर छह प्रतिशत घटकर 131.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

डब्ल्यूजीसी की वर्ष की दूसरी तिमाही पर आधारित 'क्यू2 2026 गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स' रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की समान अवधि में कुल मांग 139.7 टन थी। डब्ल्यूजीसी के भारत क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने कहा, हालांकि, मूल्य के लिहाज से मांग रिकॉर्ड स्तर पर रही।

- सीमा शुल्क में वृद्धि व पीएम की अपील का पड़ा असर
- सालाना आधार पर मांग घटकर 131.4 टन रही
- सोने की खपत का मूल्य 1,98,100 करोड़ रुपए रहा



### सोने की मांग 650 से 750 टन के बीच रहेगी

सोने की खपत का मूल्य 1,98,100 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2025 की समान अवधि में यह 1,32,500 करोड़ रुपये था। यह 2025 की दूसरी तिमाही की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है जो दर्शाता है कि ऊंची कीमतों के बावजूद उपभोक्ता सोने को प्राथमिकता दे रहे हैं। आगामी स्थिति पर जैन ने कहा कि डब्ल्यूजीसी का अनुमान है कि समूचे वर्ष के दौरान सोने की मांग 650 से 750 टन के बीच रहेगी।

### सोने के बिस्कुट और सिक्कों की मांग बढ़ी

जैन ने कहा, '' हमारा मानना है कि तस्करी और अवैध सोने का बाजार में पहुंचना इस उद्योग के लिए सबसे बड़ा जोखिम है और हमें इसके संकेत मिलने लगे हैं। आने वाली तिमाहियों में हम इस पर नजर रखेंगे।'' इस बीच, निवेश मांग उत्साहजनक रही। सोने के बिस्कुट और सिक्कों की मांग सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 50.3 टन हो गई जबकि वैश्विक स्तर पर निकासी के बावजूद भारत के गोल्ड ईटीएफ में 4.2 टन का शुद्ध निवेश आया।

### भारत में आभूषणों की मांग 15 फीसदी गिरी

सीईओ ने कहा, '' हमें अब भी इस वर्ष मांग 650 से 750 टन के दायरे में रहने की उम्मीद है। हालांकि, मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों, ब्याज दरों और मुद्रास्फीति को देखते हुए हमारा मानना है कि मांग इस दायरे के मध्य के आसपास रहेगी। यदि सीमा शुल्क कम किया जाता है, तो मांग इस दायरे के ऊपरी स्तर तक पहुंच सकती है।'' समीक्षाधीन तिमाही में भारत में आभूषणों की कुल मांग 15 प्रतिशत घटी।

### पुराना सोना देकर नया सोना लेने की मात्रा घटी

इस बीच, डब्ल्यूजीसी के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-जून तिमाही में भारत में पुराना सोना देकर सोने का नया सामान लेने की मात्रा 17 प्रतिशत घटकर 19.2 टन रह गई, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 23.1 टन थी। वर्ष 2026 की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही में भारत का कुल सोना आयात 98.1 टन रहा जो 2025 की समान अवधि के 127.4 टन की तुलना में 23 प्रतिशत कम है।

### विदेशी मुद्रा बचाने पीएम ने किया था आग्रह

जैन ने कहा, मौसमी सुस्ती, प्रधानमंत्री की सोने की खरीद कम करने की अपील और सीमा शुल्क में वृद्धि सहित अन्य कारणों का मांग पर असर पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वर्ष मई में लोगों से अस्थिर कच्चे तेल की कीमतों के कारण बढ़ती आयात लागत के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए गैर-जरूरी सोना खरीद कम करने और बचत के अन्य विकल्प अपनाने का आग्रह किया था।

# एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर पर खर्च किए 1316 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




एचडीएफसी बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 में अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल पर 1,316.18 करोड़ रुपये खर्च किए। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है।

- पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक
- 10.77 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा

बैंक ने बयान में कहा कि उसकी सीएसआर पहल 'परिवर्तन' के माध्यम से अब तक 10.77 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। बयान के अनुसार, एचडीएफसी बैंक ने अपने इस कार्यक्रम के तहत अब तक लगभग 7,492 करोड़ रुपये का संचयी निवेश किया है। इसके तहत सीएसआर पहल अब देश के सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच चुकी हैं। बैंक के प्रमुख 'समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम' (एचआरडीपी) का दायरा बढ़कर देश के 11,000 से अधिक गांवों तक पहुंच गया है, जबकि एक वर्ष पहले यह 10,430 से अधिक गांवों में संचालित था।

### दुर्गम क्षेत्रों में गतिविधियों का विस्तार

बयान में कहा गया है कि वर्ष के दौरान उसने दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में भी अपनी गतिविधियों का विस्तार किया और सीमा क्षेत्र के 498 गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ाई, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 298 थी। यह पहल केंद्र सरकार के 'बॉर्डर क्षेत्र विकास कार्यक्रम' और 'वाइब्रेंट ग्रामीण कार्यक्रम' के तहत राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है।

# विदेशी पूंजी के प्रवाह से सेंसेक्स 274 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ के साथ बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली और विदेशी पूंजी के प्रवाह से बीएसई सेंसेक्स 274 अंक चढ़ा एनएसई निफ्टी में 67 अंक का लाभ रहा।

- रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में रही खरीदी
- उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के अंतिम समय में निकली खरीदारी

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद अंतिम घंटे में लिवाली से तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 273.55 अंक की बढ़त के साथ 77,928.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 566.18 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी भी 66.95 अंक बढ़कर 24,317.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और पावर ग्रिड के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं अदाणी पोर्ट्स, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फिनसर्व और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर नुकसान में रहे।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किए जाने का फैसला पहले से ही अपेक्षित था, लेकिन महंगाई पर नियंत्रण को लेकर उसका सख्त रुख बरकरार रहा।

### अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का एसएसई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजार दोपहर के कारोबार में बढ़त में रहे। अमेरिकी बाजार बुधवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# स्विच मोबिलिटी को मिला 650 ईवी बस का ठेका



**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की इलेक्ट्रिक बस विनिर्माता कंपनी स्विच मोबिलिटी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के लिए ग्रीन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से 650 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति का ठेका मिला है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस ठेके से भारत सरकार की पीएम ई-ड्राइव द्वितीय चरण निविदा के तहत मुंबई और पुणे में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। स्विच मोबिलिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गणेश मणि ने कहा, ''650 इलेक्ट्रिक बस की तैनाती भारत में उत्सर्जन में कमी लाने, परिचालन लागत को कम करने और सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के आधुनिकीकरण के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''

# सेबी वैकल्पिक निवेश कोष योजनाएं करेगी जल्द पेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) की योजनाओं को जल्द और आसान तरीके से शुरू करने के लिए कदम उठाया है। इसके तहत सरल और तेज मंजूरी वाली व्यवस्था 'गरुड़' को लेकर परिचालन रूपरेखा जारी की गयी है। सेबी (वैकल्पिक निवेश कोष) विनियमन, 2012 में इस महीने की शुरुआत में किए गए संशोधनों के बाद 'ग्रीन-चैनल: दस्तावेज प्राप्ति की पुष्टि के बाद एआईएफ योजनाओं की शुरुआत (गरुड़)' व्यवस्था पेश की गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में कहा कि संशोधित रूपरेखा के तहत नियमित योजनाएं शुरू करने वाले एआईएफ, जब तक कि नियामक की ओर से कोई अन्य निर्देश न दिया जाए।

### तेज मंजूरी वाली व्यवस्था गरुड़ को लेकर रूपरेखा जारी

*स्वतंत्र जांच मर्चेंट बैंकर करेंगे* : ऐसे कोषों को अब पीपीएम को मर्चेंट बैंकर के माध्यम से दाखिल करने से छूट दी गई है। ये अब सेबी के पास पीपीएम जमा करते ही अपनी योजनाएं शुरू कर सकते हैं। सेबी ने अनिवार्य किया है कि नियमित योजनाओं के पीपीएम में किए गए सभी खुलासों की स्वतंत्र जांच मर्चेंट बैंकर करेंगे और यह प्रमाणित करेंगे कि ये खुलासे सही, निष्पक्ष और पर्याप्त हैं।

## वेदांता एल्युमीनियम का लाभ तीन गुना बढ़ा...





**नई दिल्ली।** वेदांता एल्युमीनियम मेटल लिमिटेड (वीएएमएल) का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 6,597 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनी ने 2,162 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। बीएसई को बृहस्पतिवार को दी सूचना के अनुसार, इस दौरान कंपनी की परिचालन आय 45.9 प्रतिशत बढ़कर 21,393 करोड़ रुपये हो गई। वेदांता समूह के विभाजन (डीमर्जर) के बाद बनी चार कंपनियां- वेदांता एल्युमीनियम मेटल, वेदांता पावर, वेदांता ऑयल एंड गैस और वेदांता आयरन एंड स्टील 15 जून को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई थीं।

# अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त पड़ी

- जून तिमाही में 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिकी अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून तिमाही में आयात में तेज वृद्धि के दबाव के बीच धीमी होकर 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी। बृहस्पतिवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

वाणिज्य विभाग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में यह वृद्धि जनवरी-मार्च तिमाही की 2.1 प्रतिशत दर और अनुमान से भी नीचे रही। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में करीब 70 प्रतिशत हिस्सा रखने वाला उपभोक्ता व्यय जून तिमाही में मजबूत बना रहा और 3.2 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा। यह जनवरी-मार्च की 0.5 प्रतिशत वृद्धि से काफी अधिक है। जून तिमाही के दौरान व्यापार निवेश में भी मजबूती दिखी और यह 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े निवेश का प्रमुख योगदान रहा। दूसरी तरफ, एआई गतिविधियों से जुड़े उत्पादों की मांग बढ़ने से आयात 11.5 प्रतिशत बढ़ा जिससे जीडीपी वृद्धि में करीब 1.5 प्रतिशत अंक की गिरावट आई।

### बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन बढ़े

अमेरिका में बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन करने वालों की संख्या पिछले सप्ताह बढ़ी है। हालांकि, छंटनी अब भी ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर बनी हुई है। श्रम विभाग ने बृहस्पतिवार को बताया कि 25 जुलाई को समाप्त सप्ताह में बेरोजगारी सहायता के लिए नए आवेदन 9,000 बढ़कर 1.97 लाख हो गए। इससे पिछले सप्ताह के आंकड़े को भी संशोधित कर 1,000 बढ़ाकर 1.88 लाख कर दिया गया है, जो अब भी 50 साल से अधिक समय में सबसे निचले स्तर में से एक है।

### ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने पांचवीं बार ब्याज दर स्थिर रखी



**लंदन।** ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को इस साल पांचवीं बार अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर स्थिर रखने की घोषणा की। बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति समिति ने 6-3 के बहुमत से नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला किया। हालांकि, तीन सदस्यों ने ऊर्जा कीमतों में हाल की तेजी को देखते हुए दर को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर चार प्रतिशत करने की बात कही थी।

## संयंत्र में ढाई लाख वाहनों की वार्षिक उत्पादन क्षमता

# मारुति के हंसलपुर संयंत्र की इकाई में उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने बृहस्पतिवार को गुजरात के हंसलपुर स्थित अपने संयंत्र की चौथी इकाई में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने की घोषणा की।

- हंसलपुर संयंत्र की कुल क्षमता बढ़कर 10 लाख वाहन वार्षिक हुआ

कंपनी ने शेयर बाजार को दी नियामकीय सूचना में बताया कि 2.5 लाख वाहनों के उत्पादन की वार्षिक क्षमता वाली इस नई इकाई के शुरू होने से हंसलपुर संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 7.5 लाख वाहन से बढ़कर 10 लाख वाहन प्रति वर्ष हो गई है।

### हरियाणा व गुजरात के संयंत्रों की क्षमता हुई 29 लाख इकाई

कंपनी ने बताया कि हंसलपुर संयंत्र के 'प्लांट डी' में उत्पादन शुरू होने के बाद हरियाणा और गुजरात में स्थित उसके सभी संयंत्रों की कुल उत्पादन क्षमता 29 लाख इकाइयां प्रति वर्ष हो गई है। एमएसआईएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा कि मजबूत बुनियादी ढांचे और प्रगतिशील औद्योगिक माहौल के चलते गुजरात कंपनी के लिए एक प्रमुख विनिर्माण एवं निर्यात केंद्र के रूप में उभरा है।



### नई इकाई में ई-विटारा का उत्पादन होगा

चौथी इकाई के विकास पर करीब 3,900 करोड़ रुपये निवेश होने का अनुमान है। इस नई इकाई में शुरुआत में कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन 'ई-विटारा' का उत्पादन होगा। हंसलपुर संयंत्र में फिलहाल फ्रॉन्क्स, बलेनो, स्विफ्ट और ई-विटारा मॉडल का उत्पादन होता है।

### हंसलपुर देश का सबसे बड़ा उत्पादन केंद्र बना

एमएसआईएल ने कहा, 'यह पहली बार है जब सुजुकी के इतिहास में किसी एक विनिर्माण स्थल की वार्षिक उत्पादन क्षमता 10 लाख वाहन तक पहुंच गई है। इसके साथ ही हंसलपुर संयंत्र किसी एक जगह पर यात्री वाहन उत्पादन का देश का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है।'

### सालाना 40 लाख इकाइयों के उत्पादन का लक्ष्य

ताकेउची ने यह भी कहा कि गुजरात में हंसलपुर और प्रस्तावित साणंद संयंत्र एक साथ मिलकर भारत में सालाना 40 लाख इकाइयों के उत्पादन के दीर्घकालिक लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मारुति सुजुकी ने हंसलपुर परियोजना में अब तक कुल 25,288.7 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## चिंतन

# विद्वानों पर टिप्पणी करने से बचें राजनेता

विद्वान और शिक्षाविद देश की अमूल्य धरोहर होते हैं। वे किसी भी दल, धर्म, जाति या दल से ऊपर होते हैं। ऐसे में राजनेताओं को विद्वानों पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से बचना चाहिए। हाल ही में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के नवगठित शिक्षा सुधार समिति के एक सदस्य आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि को गोमूत्र विशेषज्ञ कहे जाने पर लोकसभा में हंगामा हो गया। प्रोफेसर कामकोटि गोमूत्र के कथित औषधीय गुणों पर अपनी राय के कारण पहले भी चर्चा में रहे हैं। इस मामले को लेकर 215 वर्तमान और पूर्व कुलपतियों तथा शिक्षाविदों ने प्रियंका गांधी को खुला पत्र लिखकर इसी चिंता को सामने रखा है। पत्र में कहा गया है कि किसी शिक्षाविद् से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, उनके विचारों और शोध पर सवाल भी उठाए जा सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक मंच पर उनका मजाक उड़ाना उचित नहीं है। प्रो. कामकोटि को पारंपरिक ज्ञान या किसी वैज्ञानिक परिकल्पना पर अपनी राय रखने का अधिकार है। यदि उनके किसी दावे या विचार से असहमति है तो उसके प्रमाणों और वैज्ञानिक आधार को चुनौती दी जानी चाहिए। वैज्ञानिक विमर्श की यही स्वस्थ परंपरा है। प्रो. वी. कामकोटि कंप्यूटर वैज्ञानिक और शिक्षाविद् हैं तथा आईआईटी मद्रास के निदेशक हैं। उन्होंने इसी संस्थान से कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा और पीएचडी हासिल की। उनके नेतृत्व में उस टीम ने भारत के स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर 'शक्ति' के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे देश की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि माना जाता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों में भी भूमिका निभा चुके हैं। ऐसे व्यक्ति की किसी एक राय को आधार बनाकर उसकी पूरी विद्वत्ता को एक उपहासपूर्ण संबोधन में सीमित कर देना निश्चित रूप से स्वस्थ बहस का तरीका नहीं हो सकता। यदि गोमूत्र के औषधीय गुणों को लेकर कोई दावा वैज्ञानिक कसौटी पर खरा नहीं उतरता, तो वैज्ञानिक समुदाय और राजनेताओं को उसके प्रमाण मांगने चाहिए। शोध को शोध से चुनौती दी जानी चाहिए, व्यक्ति का उपहास नहीं करना चाहिए। यह भी ध्यान रखना होगा कि शिक्षा और परीक्षा सुधार जैसे गंभीर विषयों पर बनी समितियों में अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है। पेपर लीक जैसी समस्या केवल शिक्षा विभाग की समस्या नहीं है। इसमें तकनीक, साइबर सुरक्षा, प्रशासन, खुफिया तंत्र और परीक्षा संचालन से जुड़े विशेषज्ञों की भी भूमिका हो सकती है। राजनीतिक दलों के बीच तीखी बहस लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है, लेकिन व्यक्तिगत कटाक्ष और उपहास से बहस का स्तर गिरता है। सत्ता पक्ष के नेताओं पर भी यही कसौटी लागू होनी चाहिए। किसी वैज्ञानिक, शिक्षक, न्यायविद् या अन्य विद्वान की राजनीतिक विचारधारा से असहमति हो सकती है, लेकिन उसकी शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान बना रहना चाहिए। शिक्षाविदों की आपत्ति को इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उनका संदेश स्पष्ट है कि विचारों पर कठोर बहस कीजिए, प्रमाण मांगिए, गलत दावों को तथ्यों से खारिज कीजिए, लेकिन विद्वानों का उपहास मत उड़ाइए। भारत को आज ऐसी ही संवाद संस्कृति की जरूरत है, जिसमें राजनीतिक असहमति के बावजूद ज्ञान और विद्वता के प्रति सम्मान बना रहे।



मुद्दा
रोहित कौशिक

# फर्जी शिक्षण संस्थानों पर नकेल जरूरी

देश में उच्च शिक्षा के लिए नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। सत्र से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को चेताया है कि वे प्रवेश लेने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता, संबंधित कोर्स और डिग्री की मंजूरी के बारे में सही तरीके से जांच कर लें। यूजीसी ने सभी राज्यों व विश्वविद्यालयों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी और निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों की डिग्री मान्य नहीं होगी। दरअसल, हर साल देश के अनेक युवा फर्जी शिक्षण संस्थानों के चक्कर में फंस जाते हैं। बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। इन दिनों देश में कई संदिग्ध शिक्षण संस्थान अनेक तरह की फर्जी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं।

देश में उच्च शिक्षा के लिए नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। सत्र से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को चेताया है कि वे प्रवेश लेने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता, संबंधित कोर्स और डिग्री की मंजूरी के बारे में सही तरीके से जांच कर लें। यूजीसी ने सभी राज्यों व विश्वविद्यालयों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी और निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों की डिग्री मान्य नहीं होगी। दरअसल, हर साल देश के अनेक युवा फर्जी शिक्षण संस्थानों के चक्कर में फंस जाते हैं। बाद में उन्हें पछताना पड़ता है। इन दिनों देश में कई संदिग्ध शिक्षण संस्थान अनेक तरह की फर्जी डिग्रियां प्रदान कर रहे हैं। ऐसे अनेक मामले प्रकाश में आते भी रहते हैं। ऐसे संस्थानों के संदिग्ध क्रियाकलापों का खुलासा होने पर कार्रवाई भी होती है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर ऐसे संस्थान फिर शुरू हो जाते हैं।

पिछले दिनों राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित पीटीआई भर्ती में फर्जी बीपीएड डिग्रियां बांटने वाले उत्तर प्रदेश के एक विश्वविद्यालय पर कार्रवाई भी की गई थी। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने एक निजी विश्वविद्यालय में चल रहे फर्जी डिग्री घोटाले का भंडाफोड़ कर बड़ी कार्रवाई की थी। एसटीएफ ने छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में फर्जी डिग्रियां, प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत अन्य कई तरह की सामग्री बरामद की थीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ फर्जी डिग्रियों के माध्यम से शिक्षा का मजाक बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ फर्जी विश्वविद्यालय छात्रों को ठग रहे हैं। कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है। शर्मनाक यह है कि ये विश्वविद्यालय हाल ही में पैदा नहीं हुए हैं, बल्कि कई वर्षों से चल रहे हैं। सही जानकारी के अभाव में हजारों छात्र इन फर्जी विश्वविद्यालयों के भंवर में फंस जाते हैं। सवाल यह है कि कई वर्षों से चल रहे इन फर्जी विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? अगर इन पर पहले ही कार्रवाई हो जाती तो हजारों छात्रों के भविष्य पर मंडराते खतरे को दूर किया जा सकता था। दरअसल, ऐसे मामलों में हर कोई अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहता है। यूजीसी समय-समय पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराता रहता है। सवाल यह है कि जब यूजीसी और सरकार को फर्जी विश्वविद्यालयों की जानकारी है तो उनके संचालकों की धरपकड़ कर इन अवैध विश्वविद्यालयों को बन्द क्यों नहीं कराया जाता? फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची प्रकाशित कर देने मात्र से ही यूजीसी और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो जाते। यह विडम्बना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है ? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालांकि इससे पहले भी कुछ राज्यों में उच्च शिक्षा निजी हाथों में जा चुकी थी, लेकिन नब्बे के दशक में




व्यापक रूप से पूरे देश में शिक्षा को निजी हाथों में सौंपने का काम किया गया। सरकार ने खुद खाओ, खुद कमाओ की नीति के तहत शिक्षा का निजीकरण करते हुए गर्व का अनुभव किया। सरकार की इस नीति से अनेक औद्योगिक घराने अपना पारम्परिक व्यापार त्याग कर शिक्षा के क्षेत्र में कूद पड़े। उनके लिए यह उपक्रम सिर्फ एक व्यापार को त्याग कर दूसरे व्यापार को अपनाना भर था। इनकी देखा देखी छोटे व्यापारी भी इस क्षेत्र की तरफ भागने लगे। हमारे देश में प्रारम्भ से ही शिक्षा प्रदान करने का प्रायोजन धर्मार्थ माना गया है। इसलिए सरकार की नई नीति के तहत शिक्षा प्रदान करते हुए इन सभी व्यापारियों को धर्म एवं समाज सेवा का आवरण अपने आप मिल गया। धर्म एवं समाजसेवा के आवरण में मुनाफा कमाने का इससे अच्छा साधन और कोई नहीं हो सकता था। इसलिए शिक्षा के निजीकरण ने एक नए किस्म के व्यापार को जन्म दिया, जिसमें मुनाफा तो पूरा था, लेकिन व्यापारी की छवि मुनाफा कमाने वाले की नहीं बल्कि उपकार करने वाले की थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक के बाद एक सरकारें इसी नीति पर चलती रहीं। सभी सरकारों द्वारा धड़ल्ले से निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों को मान्यता दी जाती रही। सरकारें बार-बार ये बताती रहीं कि हमारे देश के हालात को देखते हुए अभी और विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। इस हड़बड़ी में शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। कई बार जानबूझकर इन विसंगतियों को नजरअन्दाज किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध रहती है। अपना मुंह बन्द रखने और अवैध रूप से मान्यता देने के लिए शिक्षण संस्थाओं द्वारा इन अधिकारियों को मोटी रकम दी जाती है। स्पष्ट है कि शिक्षा जगत में फैले भ्रष्टाचार को बढ़ाने में इस क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और विभिन्न समितियों में स्थान प्राप्त प्रोफेसर्स भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दरअसल, निजी शिक्षण संस्थानों के मालिक विभिन्न राजनेता और अन्य प्रभावशाली लोग होते हैं इसलिए इस मामले में जानबूझकर चुप्पी साध ली जाती है। ऐसे मामलों में जितने दोषी विश्वविद्यालयों के संचालक हैं, उतनी ही दोषी सरकार और उससे जुड़े अधिकारी भी हैं।

आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए, लेकिन ये प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ये संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गम्भीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाया जा सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# आम आदमी की बोली के रचनाकार थे मुंशी प्रेमचंद


आज उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती है। ग्रामीण जन जीवन के चितेरे लेखक मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं आज भी न केवल प्रासंगिक हैं अपितु हिंदी साहित्य की अमर अजय रचनाएं हैं। प्रेमचंद ने कहानी और उपन्यास विधा में एक नई और जीवंत परंपरा की शुरुआत की। उनकी प्रत्येक रचना सच्चाई के इर्दगिर्द घूमती है। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से आम आदमी की समस्याओं और पीड़ाओं को यथार्थ रूप से चित्रित किया। यही कारण है कि वे साहित्य के अमर अजर रचनाकार के रूप में ख्यात हैं। उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को बनारस के पास लमही नामक गांव में हुआ था। उनका असली नाम धनपतराय था। प्रेमचंद ने 1901 में उपन्यास लिखना शुरू किया। कहानी 1907 से लिखने लगे। उर्दू में नवाबराय नाम से लिखते थे। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों लिखी गई उनकी कहानी सोजेवतन 1910 में जब्त की गई। उसके बाद अंग्रेजों के उत्पीड़न के कारण वे प्रेमचंद नाम से लिखने लगे। 1923 में उन्होंने सरस्वती प्रेस की स्थापना की। 1930 में हंस का प्रकाशन शुरु किया। इन्होंने मर्यादा, हंस, जागरण तथा माधुरी जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं का संपादन किया। ये आधुनिक कथा साहित्य के जन्मदाता कहलाए। उन्हें कथा सम्राट की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने 300 से अधिक कहानियां लिखी हैं। इन कहानियों में आम आदमी



की घुटन, चुभन व कसक को अपनी कहानियों में उन्होंने प्रतिबिम्बित किया। उनकी कहानियों में रूढ़ियों, अंधविश्वासों, अंधपरंपराओं पर कड़ा प्रहार किया गया है वहीं दूसरी ओर मानवीय संवेदनाओं को भी उभारा गया है। ईदगाह, पूस की रात, शतरंज के खिलाड़ी, नमक का दारोगा, दो बैलों की आत्म कथा जैसी कहानियां कालजयी हैं। तभी तो उन्हें कलम का सिपाही, कथा सम्राट, उपन्यास सम्राट आदि अनेक नामों से पुकारा जाता है। प्रेमचंद के साहित्य में समस्याओं को न केवल उठाया गया है, बल्कि उनका समाधान भी प्रस्तुत किया गया है। सेवा सदन में वेश्यावृत्ति की समस्या, गबन में नारी के आभूषण प्रेम की समस्या, कर्म भूमि में जमीदारों के अत्याचारों का पूंजीपतियों की हठधर्मिता की समस्या, निर्मला में अनमेल विवाह की समस्या आदि का चित्रण किया गया है। इस प्रकार प्रेमचंद अपने साहित्य में इन समस्याओं को उनके दुष्प्रभावों से परिचित कराते हैं तथा उन्हें दूर करने के लिए प्रेरित भी करते हैं। प्रेमचंद का साहित्य ग्रामीण जीवन की संपूर्ण झांकी को प्रस्तुत करता है। गोदान उपन्यास तो ग्रामीण जीवन का महाकाव्य कहलाता है। बड़े घर की बेटी, पंच परमेश्वर, दो बैलों की कथा आदि कहानियां भी ग्रामीण पृष्ठभूमि में लिखी गई हैं। इन रचनाओं में उन्होंने ग्रामीणों के प्रति एक नवीन व स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाकर उनकी समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से उठाया है। मुंशी प्रेमचंद एक महान कथाकार के साथ-साथ एक अच्छे समाज सुधारक भी रहे हैं, उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम सामाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया है। मुंशी प्रेमचंद देश के ऐसे पहले रचनाकार थे जिन्होंने उपन्यास साहित्य को तिलस्मी और ऐयारी से बाहर निकाल कर जमीनी हकीकत से परिचय कराया। उन्होंने अपनी रचनाओं में आम लोगों विशेषकर मेहनतकश वर्ग की भावनाओं और सच्चाइयों को वर्णित किया। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से देश की वास्तविक और जमीनी समस्याओं से देशवासियों को अवगत कराया। प्रेमचंद ने साहित्य को सच्चाई के धरातल पर उतारा। वह आम भारतीय के रचनाकार थे। उनकी रचनाओं में ऐसे नायक हुए,जिसे भारतीय समाज अछूत और घृणित समझता था। उन्होंने सरल,सहज और जनसाधारण की बोल-चाल की भाषा का उपयोग किया और अपने प्रगतिशील विचारों को दृढ़ता से समाज के सामने प्रस्तुत किया। प्रेमचंद हिन्दी साहित्य के युग प्रवर्तक माने गए। उनकी रचनाओं में समाज का पूरा 'परिवेश' उसकी 'कुरूपता' और 'असमानता', 'छुआछूत', 'शोषण' की विभीषिका कमजोर वर्ग और स्त्रियों का दमन आदि वास्तविकता प्रकट हुई है। उन्होंने सामान्य आदमी का जीवन अत्यंत निकट से देखा था तथा खुद उस जिंदगी को भोगा भी था। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर बंगाल के विख्यात उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें उपन्यास सम्राट कहकर संबोधित किया था। प्रेमचंद ने हिन्दी कहानी और उपन्यास की एक ऐसी परंपरा का विकास किया, जिसने पूरी सदी के साहित्य का मार्गदर्शन किया। प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं में सामाजिक कुरीतियों जमकर विरोध किया और आम आदमी की कहानी उनकी बोलचाल की भाषा में चित्रित की।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है।

## संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है। श्रीपर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग स्थित है।

## सटाका




## आज की पाती

### क्या इस्तीफे लेने-देने से भ्रष्टाचार रुक जाएगा?

पेपर लीक के मामलों और अन्य गड़बड़ घोटालों के लिए शत-प्रतिशत भ्रष्टाचार जिम्मेदार है और हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं। जब तक भ्रष्टाचार की जड़ों को काटने के लिए काम नहीं किया जाएगा, तब तक देश में कोई भी गलत काम नहीं रुकेगा। सरकारों में चेहरे बदलने से भ्रष्टाचार नहीं रुकेगा, बल्कि सरकारों को धरातल पर काम करना होगा। अफसरों और अन्य सभी भ्रष्ट लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिसके लिए सरकारें ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं।

- **नेहा**, रोहतक

## करंट अफेयर

### सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले रिश्वत लेते पकड़ाया अभियंता

पुलिस ने बृहस्पतिवार को ग्वालियर नगर निगम के एक कार्यकारी अभियंता (ईई) को लंबित बिलों के भुगतान के लिए एक ठेकेदार से कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लोकायुक्त के पुलिस अधीक्षक निरंजन शर्मा ने बताया कि आरोपी सुशील कटारे (62) 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले थे। उन्होंने बताया कि ठेकेदार सचिन पचौरी ने दो दिन पहले भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी से संपर्क किया था और आरोप लगाया था कि कटारे ने पचौरी द्वारा किए गए सिविल कार्यों के लिए लगभग 36 लाख रुपये के बिल को मंजूर करने के लिए एक प्रतिशत कमीशन या 36,000 रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त पुलिस को बताया कि वह पहले ही आरोपी अभियंता को 30,000 रुपये का भुगतान कर चुका है। शर्मा ने बताया, ''नगर निगम कार्यालय में जाल बिछाया गया। जैसे ही ठेकेदार ने 6,000 रुपये की शेष राशि कार्यकारी अभियंता को सौंपी, हमारी टीम ने उसे पकड़ लिया।'' उन्होंने बताया कि कटारे के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।



## ऑफ बीट

### प्रतिदिन मांस खाने से बढ़ता है कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा


प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि



हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।

## ट्रेंड

### विपक्ष की भूमिका



संसद में विपक्ष की भूमिका पूरी तरह से नकारात्मक और गैर-जिम्मेदाराना रही है। सत्र शुरू होने के बाद से ही उनका एकमात्र मकसद सदन की कार्यवाही में बाधा डालना रहा है। विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है।

- **जगत प्रकाश नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### टेलीकॉम सेक्टर



टेलीकॉम सेक्टर को लेकर भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के बीच होने वाला एमओयू ग्वालियर के लिए एक बड़ी सौगात है... इस समझौते के ज़रिए देश की कई टेलीकॉम कंपनियाँ मध्य प्रदेश में निवेश करेंगी, जिससे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।

- **डॉ. मोहन यादव**, सीएम, मध्यप्रदेश

### युवा आंदोलन



युवा आंदोलन से बड़े मीडिया घरानों के लिए भी एक अहम सबक मिलता है: मुख्यधारा की मीडिया को 'मेन स्ट्रीट मीडिया' बनना होगा। आज संकट सिर्फ़'राष्ट्रीय सरकार' के लिए ही नहीं, बल्कि तथाकथित 'राष्ट्रीय मीडिया' के लिए भी उतना ही बड़ा है।

- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

### फास्ट-ट्रैक कोर्ट



आज सरकार फास्ट-ट्रैक कोर्ट की बात तो करती है, लेकिन 2024 के नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को क्लीन चिट दे दी गई है। हालात ऐसे हैं कि पिछले 10 सालों में 152 बार पेपर लीक हुए हैं।

- **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## बॉटब्रो कंपनी ने निवास के लोगों से लूटे करोड़ों रूपये

# ज्यादा ब्याज के चक्कर में गई पूंजी

* प्रारंभ में मिला पैसा तो फिर न किसी से पूछा न किसी को बताया।

* बढ़ाया मंडला जिले का मान।

हरिभूमि न्यूज मण्डला/निवास




यह दुबई स्थित एक समर्पित कंपनी है, जिसकी स्थापना 2016 में लविश चौधरी ने की थी। यह एआई-आधारित फॉरेक्स ट्रेडिंग बॉट प्रदाता के रूप में काम करती है, कंपनी के 27 सक्रिय प्रतिस्पर्धी हैं इसके प्रमुख प्रतिस्पर्धियों में आर्या, लाइटपिप्स और ट्रेडमिनेटर जैसी कंपनियां शामिल हैं।

जमा धन राशि के चीटिंग मामले से सुर्खियों में आई और चर्चित दुबई की निजी बैंकिंग कम्पनी (बॉटब्रो) के निवास के एजेंट द्वारा ग्राहकों से करोड़ों रुपये बसूले गये। शुरुआत में ग्राहकों को जमा राशि के हिसाब से 6 से 7% ब्याज दिया जाता रहा ग्राहकों को हर महीने समय पर ब्याज की मोटी रकम मिलने से उपभोक्ता भारी खुश होते रहे, लेकिन कुछ ही वर्षों में यह विदेशी कम्पनी बंद हो गई।

पश्चात लाखों की राशि के जमाकर्ता सकते में आ गये और सम्बन्धित एजेंट से सम्पर्क साधकर कुछ लोग अपनी राशि निकालने में सफल हो गये, वहीं कुछ ऐसे उपभोक्ता जो 50 हजार से 1,00000 तक की राशि जमाकर मिलने वाले ब्याज से संतुष्ट थे, वो ठगे गये और ऐसे अनेकों ग्राहक निवास नगर व आसपास गावों के हैं जो अब अपने खुन पसीने की कमाई खोकर हाथ मल रहे हैं।

उक्त कंपनी का एजेंट ग्राहकों से अब यह कहकर पल्ला झाड़ रहा है कि में क्या कर सकता हूं, विदेशी कम्पनी थी बंद हो गई।

### बड़ी राशि के जमाकर्ता बनाते गये चैन

ज्ञात हो की उक्त कम्पनी चैन लिंक बनाकर बड़ी राशि जमा करवाने वाले ग्राहक को न सिर्फलोगों बोनस की राशि दी बल्कि ऐसे लोगों को दुबई जैसे विदेश तक की यात्रा करवाई जिससे छोटे व अन्य निवेशकों का कम्पनी पर भरोसा बढ़ा और दिनों दिन इस कम्पनी के ग्राहकों में में बढ़ोत्तरी होती गई।

### अचानक ब्रॉड ब्रो बंद कैसे मिले इनकी जमा राशि

ज्ञात हो कि उक्त विदेशी कम्पनी का मुख्य एजेंट निवास नगर का ही निवासी है, जो अज्ञात माध्यमों से उक्त कंपनी से जुड़ा और ग्राहकों को कम्पनी के लेनदेन की बड़ी 2 बातें बताकर लोगों को विश्वास में लिया और लोग ब्याज की बड़ी राशि मिलने के लालच में फँसते चले गये।

वहीं अब उक्त कम्पनी के बंद हो जाने पर वे लोग बेहद खुश हैं जो अपनी लाखों की राशि निकालने में सफल हो गये, ऐसे में बड़ा सवाल यह कि छोटे निवेशक जिनको बड़ी राशि जमा कर्ताओं ने विश्वास में लेकर उनकी पूंजी इन्वेस्ट करवाई थी, ऐसे जालसाजों पर विधि अनुरूप कार्रवाई होना न सिर्फ जनहित में होगा बल्कि भविष्य में ऐसे लोग गरीब लोगों से ठगी करने से बाज भी आएंगे।

## नन्ही क्रिषा दुबे राष्ट्रीय ऑनलाइन वेशभूषा प्रतियोगिता में बनी विजेता




* बढ़ाया मंडला जिले का मान।

हरिभूमि न्यूज मण्डला/बम्हनीबंजर

जिले के बम्हनी बंजर की मात्र चार माह की नन्ही बालिका क्रिषा दुबे ने राष्ट्रीय ऑनलाइन वेशभूषा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का स्थान प्राप्त कर मंडला जिले तथा दुबे परिवार का गौरव बढ़ाया है।

यह प्रतियोगिता चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली बच्चों ने भाग लिया। क्रिषा ने अपनी आकर्षक वेशभूषा, मनमोहक प्रस्तुति एवं सहज अभिव्यक्ति से निर्णायक मंडल को प्रभावित करते हुए यह उपलब्धि अपने नाम की।

इतनी कम आयु में मिली इस सफलता से बम्हनी बंजर सहित पूरे दुबे परिवार में हर्ष का वातावरण है। क्रिषा की इस उपलब्धि पर परिजनों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

क्रिषा, पंडित ओमप्रकाश दुबे एवं बसंत दुबे की सुपौत्री हैं तथा शीतला वार्ड, बम्हनी बंजर, जिला मंडला की निवासी हैं। परिजनों ने विश्वास व्यक्त किया है कि क्रिषा भविष्य में भी अपनी प्रतिभा के बल पर नई-नई उपलब्धियाँ हासिल कर जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेगी।

### नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने गौवंशों को रौंदा

**शहडोल।** नेशनल हाईवे-43 पर रफ्तार का कहर अब बेजुबानों की बलि लेने लगा है। बुढ़ार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचवटी चौराहे के समीप एक दिल दहला देने वाली हिट एंड रन की वारदात सामने आई है, जहां रात के अंधेरे में एक बेकाबू अज्ञात काल-रूपी वाहन सडक पर बैठे मासूम गौवंशों को बेरहमी से कुचलता हुआ निकल गया। इस रोंगटे खड़े कर देने वाले हादसे में आधा दर्जन (6 से अधिक) गौवंशों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 4 से अधिक बेजुबान लहूलुहान होकर जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद चालक वाहन लेकर रफूचक्कर हो गया। पंचवटी चौराहे पर रोज की तरह सडक किनारे विश्राम कर रहे गौवंशों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

## गर्भवती महिला से परिवार के लोगों ने की जमकर मारपीट



**रीवा।** जिले के लालगांव चौकी क्षेत्र से एक गर्भवती महिला द्वारा अपने ही परिवार के सदस्यों पर लगातार प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है, पूरी करने की शिकायत महिला ने पुलिस अधीक्षक से की है, महिला ने बताया कि उसके पति ट्रक चालक हैं और अधिकांश समय बाहर रहते हैं। इसका फायदा उठाकर परिवार के ही कुछ लोग आए दिन घर पहुंचकर उसके साथ मारपीट करते हैं। वही शिकायत करने के बावजूद स्थानीय लालगांव पुलिस ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, महिला ने डायल-112 में तैनात एक पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई के नाम पर रिश्वत मांगने का भी आरोप लगाया है।शिकायतकर्ता नेहा यादव पत्नी लल्ले यादव, निवासी ग्राम सरई, चौकी लालगांव, जिला रीवा ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि वह अपने चार छोटे बच्चों के साथ घर में अकेली रहती हैं। उनके पति ट्रक चालक होने के कारण अधिकांश समय बाहर रहते हैं। सास-ससुर का भी निधन हो चुका है, जिससे परिवार में उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। वर्तमान में वह गर्भवती हैं, ऐसे में लगातार हो रही मारपीट और धमकियों से वह मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हैं। महिला ने आरोप लगाया कि उसके चचेरे देवर अंशू यादव, बाबा ससुर लालमणि यादव, चाचा ससुर अमृतलाल यादव, बड़े ससुर राजमणि यादव तथा चाचा ससुर हरीशंकर यादव आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। आरोप है कि कई बार घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की गई और परिवार के लोग उसे घर छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। महिला ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि आरोपियों ने एक बार उसके घर की चौखट तक उखाड़कर ले गए थे। इस पूरी घटना का वीडियो उसके पास मौजूद है, जिसे उसने पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किया है। महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि डायल-112 में तैनात वर्दीधारी एक अधिकारी ने केस बनाने के नाम पर उससे दो हजार रुपए की मांग की। महिला का कहना है कि उसके पास इतनी रकम नहीं थी, इसलिए उसने मजबूरी में 500 रुपए दिए। इसके बाद अधिकारी ने कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

### बेटी के घर जा रही वृद्धा की सड़क हादसे में मौत

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अमरकंटक रोड स्थित घानाघाट में बुधवार शाम करीब 7:30 बजे तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर उसे समनापुर तिराहा के पास पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।पुलिस के अनुसार धनुवासागर निवासी 65 वर्षीय मीराबाई, पति स्वर्गीय झल्लू सिंह, अपनी बेटी के ससुराल जाने के लिए निकली थीं। घानाघाट के पास सड़क पार करते समय अमरकंटक की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बिना रुके कार लेकर भाग निकला।

# दिव्यांग पीड़िता से सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियों को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

**मैहर।**

थाना बदेरा क्षेत्र में दिव्यांग युवती से सामूहिक दुष्कर्म के बहुचर्चित मामले में मैहर के तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी श्रीराम कोल,सूरज कोल एवं लेदू कोल को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(2)(k) एवं 70(1) के तहत 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 5-5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। वहीं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम,2016 की धारा 92(d) के तहत प्रत्येक आरोपी को 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1-1 हजार रुपये अर्थदंड की भी सजा सुनाई गई। न्यायालय ने आदेश में कहा कि आरोपियों द्वारा जमा की गई अर्थदंड की राशि अपील अवधि समाप्त होने के बाद पीड़िता को प्रदान की जाएगी। साथ ही पीड़िता की शिक्षा,स्वास्थ्य,पुनर्वास एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पीड़ित प्रतिकर योजना-2018 के अंतर्गत प्रतिकर दिलाने के लिए सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,सतना को निर्देशित किया गया है।

### 1 जनवरी 2025 की है घटना

अभियोजन के अनुसार 1 जनवरी 2025 की रात दिव्यांग पीड़िता पड़ोस में आयोजित जन्मदिन समारोह से लौटने के बाद शौच के लिए घर से बाहर गई थी।काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने तलाश की,तो वह पास के एक निर्माणाधीन मकान में अचेत अवस्था में मिली। होश आने पर पीड़िता ने इशारों के माध्यम से बताया कि तीन लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। अगले दिन परिजनों ने गांव के लोगों की तस्वीरें दिखाईं,जिनमें पीड़िता ने इशारों से श्रीराम कोल,सूरज कोल एवं लेदू कोल की पहचान की। इसके बाद थाना बदेरा में भारतीय न्यायसंहिता एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

### वैज्ञानिक साक्ष्यों से आरोप सिद्ध

विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए,पीड़िता एवं आरोपियों का चिकित्सीय परीक्षण कराया तथा डीएनए सहित अन्य वैज्ञानिक जांच कराई। जांच पूर्ण होने पर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया।मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मोहिना शर्मा एवं उपनिरीक्षक रामबालक अहिरवार ने की। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने 20 गवाहों के बयान,67 दस्तावेज,13 भौतिक साक्ष्य एवं वैज्ञानिक रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत कीं। शासन की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी नरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने प्रभावी पैरवी की। सभी साक्ष्यों और वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई।

### लापरवाही का कुआं: खेलते-खेलते बुझ गए दो चिराग, खोहरी गांव में पसरा मातम

**शहडोल।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र का खोहरी गांव बुधवार की शाम एक ऐसी दिल दहला देने वाली त्रासदी का गवाह बना, जिसने हर किसी की रूह कंपा दी। घर की बाड़ी में यमदूत बनकर खुले पड़े एक कुएं ने दो मासूम चचेरे भाई-बहन की सांसें छीन लीं। खेत में पसीना बहाकर लौट रहे माता-पिता को क्या मालूम था कि घर में उनका इंतजार नहीं, बल्कि उनके जिगर के टुकड़ों के शव कुएं के पानी में तैरती मिलेंगे। मृत बच्चों की पहचान तीन वर्षीय प्रयाग पिता गंभीर सिंह और चार वर्षीय सालवी पिता विश्वनाथ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, परिजन खेतों में धान की रोपाई करने गए हुए थे। घर पर मौजूद चाची जैसे ही खाना पकाने अंदर गईं, दोनों मासूम खेलते-खेलते बाड़ी में स्थित बिना मुंडेर/खुले कुएं की तरफ चले गए और हादसे का शिकार हो गए। शाम को जब थके-हारे परिजन घर लौटे और बच्चों को न पाकर तलाश शुरू की, तो कुएं का नजारा देखते ही उनकी चीख-पुकार से पूरा गांव दहल उठा।सूचना मिलते ही गोहपारू थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस भले ही इसे मर्ग कायम कर एक प्रारंभिक हादसा मानकर जांच कर रही हो, लेकिन यह घटना सीधे-सीधे हमारी लापरवाही पर करारा तमाचा है।

## चोरी के शक में युवक को खंभे से बांधकर पीटा, पुलिस जांच शुरू



**सतना।** जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी के संदेह में एक युवक को बिजली के खंभे से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार देर रात करीब 2 बजे अशोक होटल के सामने की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक,क्षेत्र में चाय-पान की दुकान चलाने वाली एक महिला ने अपनी दुकान से मोबाइल चोरी होने का आरोप युवक पर लगाया।इसके बाद महिला और उसके साथियों ने युवक को खंभे से बांधकर सार्वजनिक रूप से उसकी पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। चित्रकूट एसडीओपी राजेश सिंह बंजारे ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। यदि किसी पर अपराध का संदेह हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जानी चाहिए।

फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर ली है और वायरल वीडियो की तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा गार्ड की नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी, कलेक्टर से की शिकायत

**नरसिंहपुर।** फेसबुक पर सुरक्षा गार्ड भर्ती का विज्ञापन देकर देवास की एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा स्थानीय युवाओं से सिक्योरिटी मनी के नाम पर कुल 9 हजार रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवकों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कंपनी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हनुमान वार्ड करेली निवासी जय राजपूत, राजेश रैकवार एवं पलास पाटकर द्वारा दिए गए शिकायत पत्र के अनुसार, उन्होंने इमेजिनरी इनोवेटिव मैनेजमेंट एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के देवास स्थित पते पर आवेदन किया था। जून माह में देवास जाकर दस्तावेज जमा करने के दौरान कंपनी मैनेजर ने सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के लिए प्रति व्यक्ति 3 हजार रुपये सिक्योरिटी फीस मांगी, जिस पर आवेदकों ने कुल 9 हजार रुपये जमा करा दिए। आरोप है कि मैनेजर ने 15 दिनों में जॉइनिंग लेटर डाक द्वारा भेजने तथा सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी पर 18 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने का आश्वासन दिया था।

## अस्पताल की लिफ्ट के बाहर महिला ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म



**छतरपुर।** जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की एक बार फिर गंभीर लापरवाही सामने आई है। राजनगर थाना क्षेत्र के प्रतापपुरा गांव की एक गर्भवती महिला को समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण परिजन निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन यहां भी समय पर डॉक्टर और नर्स उपलब्ध नहीं होने से महिला ने अस्पताल की लिफ्ट के बाहर गैलरी में ही जुड़वा बच्चों को जन्म दे दिया। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई और लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जानकारी के अनुसार प्रतापपुरा निवासी अरुण यादव की पत्नी को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजनों ने एम्बुलेंस बुलाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन समय पर नहीं पहुंचा। मजबूरी में परिजन निजी वाहन से महिला को जिला अस्पताल लेकर आए। आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी डॉक्टर और नर्स समय पर नहीं मिले। परिजन स्टाफ की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे, जबकि प्रसूता दर्द से तड़पती रही। इसी दौरान अस्पताल की लिफ्ट के बाहर गैलरी में महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दे दिया।घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का कहना था कि यदि समय पर चिकित्सा स्टाफ उपलब्ध होता तो महिला को इस तरह खुले स्थान पर प्रसव कराने की नौबत नहीं आती। विरोध बढने के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और प्रसूता सहित दोनों नवजातों को वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कराया गया।प्रसूता के परिजन रोहित अवस्थी ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के बाद उन्होंने कई बार डॉक्टर और नर्स से मदद की गुहार लगाई, लेकिन काफी देर तक कोई भी स्वास्थ्यकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। उनका आरोप है कि अस्पताल की लापरवाही के कारण महिला को गैलरी में ही बच्चों को जन्म देना पड़ा।

### गैस कटर-देसी कट्टा समेत चोरी का सामान बरामद, खबरी से मिली सूचना पर घेराबंदी

# एटीएम लूट की साजिश नाकाम: पुलिस ने दो अंतरराज्यीय बदमाशों को धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज छिंदवाड़ा

बैतूल शहर के खेड़ी क्षेत्र स्थित एक एटीएम को गैस कटर से काटकर लाखों रुपये चोरी करने की साजिश को पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने महाराष्ट्र निवासी दो अंतरराज्यीय बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और चोरी की वारदातों में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस को आशंका है कि दोनों आरोपी मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडीओपी श्वेता पटले के मार्गदर्शन में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। थाना बैतूल बाजार प्रभारी निरीक्षक रविकांत डहेरिया के नेतृत्व में पुलिस ने सूचना मिलते ही संदिग्धों की घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा।

### दोनों आरोपी महाराष्ट्र के निवासी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महाराष्ट्र के अमरावती जिले के रहने वाले दो युवकों के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि दोनों एक संगठित गिरोह से जुड़े हैं और विभिन्न राज्यों में एटीएम व संपत्ति संबंधी अपराधों में उनकी भूमिका रही है।पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों, पूर्व में हुई वारदातों तथा चोरी के नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। इस कार्रवाई को बैतूल पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### रात में एटीएम काटने की थी तैयारी

पुलिस के अनुसार 29 जुलाई की रात सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक खेड़ी क्षेत्र के पास एटीएम मशीन को गैस कटर से काटने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने एटीएम में चोरी की योजना स्वीकार की। पुलिस ने उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### गैस कटर से लेकर देसी कट्टा तक मिला

तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, लोहे के औजार, देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन, बाइक तथा वारदात में उपयोग होने वाला अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस जब्त सामग्री की जांच कर रही है और आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

## कान्हा पार्क प्रबंधन पर कार्रवाई के लिए पत्रकारों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज मण्डला

बुधवार को जहां एक ओर कान्हा पार्क प्रबंधन विश्व बाघ दिवस मना रहा था। जिसमें जगह-जगह बाघों के संरक्षण का संदेश दिया जा रहा था तो वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में पत्रकार प्रबंधन के खिलाफ धरने में बैठे हुए थे। पत्रकारों का कहना था कि प्रबंधन एक ओर आमजनों को बाघों का महत्व बता रहा है, बाघों के संरक्षण का संदेश दे रहा है वहीं स्वयं बाघों की सुरक्षा को लेकर अब तक प्रबंधन लापरवाह बना रहा है। कभी बाघों की सुरक्षा तो कभी बाघों के इलाज में लापरवाही की खबरें लगातार सामने आती रही है, लगातार लापरवाही के कारण ही आज बाघों की मौत से जुड़ा मामला न्यायालय तक पहुंच गया है। जहां अब प्रबंधन को जवाब देना पड़ेगा कि उन्होंने अब तक बाघों को बचाने के लिए क्या-क्या किया है। पत्रकारों ने बताया कि प्रबंधन विश्व बाघ दिवस मनाकर वाहवाही लूटने का प्रयास कर रहा है। जबकि पिछले कुछ माहों में हुई बाघों की मौत के लिए काफी हद तक प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों की लापरवाही सामने आती रही है। प्रबंधन की लापरवाही को उजागर करने के लिए ही पत्रकारों द्वारा 28 और 29 जुलाई को दो दिवसीय धरना प्रदर्शन कलेक्ट्रेट मार्ग में किया गया है, 29 जुलाई को धरना समाप्ति पर राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें मांगे रखी गई कि कान्हा टाइगर रिजर्व में हो रही बाघों की असामयिक मौतों की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। कान्हा के बफर जोन में हो रहे अवैध अतिक्रमण को तुरंत चिन्हित कर अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की जाए। कान्हा में चल रही जिप्सी वाहनों की जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। कान्हा क्षेत्र को मांसाहार से मुक्त घोषित किया जाए। पत्रकारों की माह में एक बार कान्हा की मॉनिटरिंग कराई जाए। इसी के साथ बाघों की सुरक्षा को लेकर लापरवाह बने कान्हा प्रबंधन को तत्काल हटाने की मांग भी की गई है।

## खबर संक्षेप



### कुर्की करने पहुंचे निगम दल के पास लीज धारकों ने जमा कराई राशि

**भोपाल।** नगर निगम की सख्ती के आगे लीज रेंट के बकायादार आखिरकार झुक गए। कुर्की की कार्रवाई करने पहुंचे निगम के दल के सामने ही लीजधारकों ने संयुक्त रूप से 3,56,557 रुपए की बकाया राशि जमा करा दी, जिसके बाद कुर्की की कार्रवाई निरस्त कर दी। जोन-1 के वार्ड 5 में निगम अमला दिनेश दादलानी, रवि कुमार दादलानी, लखन दादलानी तथा मेसर्स आस्था ज्वेलर्स के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के लिए पहुंचा था। अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई शुरू होने से पहले ही संबंधित लीजधारकों ने पूरी बकाया राशि जमा कर दी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वनरक्षक संदीप को किया सम्मानित

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर आयोजित विशेष समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर इकाई के वनरक्षक संदीप कुमार तौहेल को उत्कृष्ट वन्यजीव संरक्षण कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मप्र के अंतर्गत कार्यरत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स राज्य में वन्यप्राणी अपराधों की रोकथाम और अन्वेषण की शीर्ष संस्था है। पुलिस विभाग की एसटीएफ, एटीएस और सीआईडी की तर्ज पर काम करने वाली इस विशेष इकाई का कार्यक्षेत्र केवल संरक्षित क्षेत्रों (टाइगर रिजर्व व राष्ट्रीय उद्यान) तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में फैला हुआ है।

### 12 नंबर परियोजना पर विवाद, निगम आयुक्त को शिकायत

**भोपाल।** 12 नंबर बस स्टॉप क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रस्तावित परियोजना को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। आरटीआई एक्टीविस्ट नितिन सक्सेना द्वारा नगर निगम आयुक्त और हाउसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ के जोनल अधिकारी को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 310 एलआईजी आवासों के लिए जारी निविदा प्रक्रिया पर्यावरणीय स्वीकृति और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आवश्यक अनुमति प्राप्त होने से पहले आगे बढ़ाई जा रही है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि ईआईए नोटिपिफकेशन-2006 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अनुसार पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी अनिवार्य है।

### मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बाजपेई प्रांताध्यक्ष, वर्मा बने प्रमुख सलाहकार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारी संगठन का पुनर्गठन गठन किया गया, जिसमें एनपी तिवारी संरक्षक, अनिल बाजपेई प्रांताध्यक्ष अरुण वर्मा प्रमुख सलाहकार, रामलाल कार्यकारी अध्यक्ष, एनपी दुबे उपाध्यक्ष, राकेश बघेल महामंत्री, अर्जुन सिंह कोषाध्यक्ष, सोहन सिंह, महेंद्र सिंह सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों को गजेंद्र कोठारी, हातिम अली अंसारी, संतोष मिश्रा, सुरसरी पटेल, राजू अवस्थी, आरए धारकर, आरएस रघुवंशी, एके ब्यौहार आदि ने बधाई दी है।

### ब्रिक्स सम्मेलनः शहर में 4,500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें सुधारीं

**भोपाल।** शहर की मुख्य सड़कों पर बीते कई दिनों से बंद स्ट्रीट लाइटों को सुधारने के लिए निगम ने बड़ा मेंटेनेंस ड्राइव शुरू किया है। शहर में ब्रिक्स सम्मेलन के आयोजन को देखते हुए बीते 15 दिनों में निगम की विद्युत शाखा ने विभिन्न क्षेत्रों में 4500 से अधिक स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर उन्हें फिर से चालू किया है। प्रमुख सड़कों, बाजारों और रहवासी इलाकों में खराब स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता से सुधारा जा रहा है।

# ग्वालियर बनेगा देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग हब, लगभग 15 हजार करोड़ रुपए निवेश और 5 हजार रोजगार का होगा सृजन

## मुख्यमंत्री की पहल से मप्र की दूरसंचार विनिर्माण के राष्ट्रीय मानचित्र पर बनेगी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर बढ़ रहा है। संचार मंत्रालय एवं दूरसंचार विभाग, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के तहत ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन स्थापित किया जा रहा है। इस संबंध में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में मप्र शासन एवं दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के बीच प्रस्तावित एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

यह एमओयू परियोजना के क्रियान्वयन के लिए विशेष प्रयोजन कंपनी के गठन का मार्ग प्रशस्त करेगा और देश में दूरसंचार विनिर्माण के नए युग की शुरुआत करेगा।

### 12 हजार से 15 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना

इस महत्वाकांक्षी परियोजना से आगामी वर्षों में लगभग 12 हजार से 15 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है तथा लगभग 5 हजार प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इनमें से करीब 3,500 रोजगार प्रथम चरण में ही उपलब्ध होने का अनुमान है। प्रारंभिक प्रतिबद्धताओं के अनुसार प्रथम चरण में 150 से 200 एकड़ क्षेत्र में लगभग . 5 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। परियोजना का संचालन विशेष प्रयोजन कंपनी के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें मप्र शासन की 51 प्रतिशत तथा दूरसंचार विभाग, भारत सरकार की 49 प्रतिशत भागीदारी होगी।



### 350 एकड़ में विकसित होगा

लगभग 350 एकड़ में विकसित होने वाला यह अत्याधुनिक प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक क्लस्टर मोबाइल उपकरण, सेमीकंडक्टर तथा 5जी और 6जी अनुसंधान एवं विकास सहित दूरसंचार क्षेत्र की सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक ही परिसर में विकसित करेगा। इस परियोजना के प्रथम चरण के लिए भारत सरकार ने 493 करोड़ रुपए का शत-प्रतिशत केंद्रीय अनुदान स्वीकृत किया है। राज्य सरकार की ओर से सडा क्षेत्र में 100 एकड़ तथा ग्वालियर आईटी पार्क में 70 एकड़, कुल 170 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

### एमएसएमई, स्टार्टअप्स, स्थानीय आपूर्ति कर्ताओं को विकसित होने का अवसर

यह परियोजना इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन तथा टेलीकॉम टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड जैसी राष्ट्रीय पहलों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अनुसंधान से लेकर कंपोनेंट निर्माण और अंतिम उत्पाद निर्माण तक की सम्पूर्ण श्रृंखला को एकीकृत करेगी। साथ ही एमएसएमई, स्टार्टअप्स और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं को बड़े उद्योगों के साथ विकसित होने का अवसर मिलेगा, जिससे देश की दूरसंचार सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिलेगी।

### औद्योगिक निवेश स्थलों में विकसित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन

टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन को देश के सबसे आकर्षक औद्योगिक निवेश स्थलों में विकसित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज भी उपलब्ध कराया गया है। इसके अंतर्गत पात्र स्थिर पूंजी निवेश पर अधिकतम 200 करोड़ रुपए तक 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान, मेगा परियोजनाओं के लिए रोजगार सृजन सहायता, प्रत्येक नए कर्मचारी के कौशल विकास पर वित्तीय सहायता, मात्र 1 रुपए प्रीमियम पर भूमि आवंटन तथा 30 वर्षों तक नाममात्र की लीज़ दर का प्रावधान किया गया है।

## सीएम ने एक हजार प्राथमिक शिक्षकों को दिए नियुक्ति पत्र

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा, उज्जैन में खुलेगी धन्वंतरी मेडिकल यूनिवर्सिटी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षा, संस्कार, तकनीक और सांस्कृति चेतना के अद्भुत समन्वय का संदेश देकर कहा है कि प्रदेश में विकसित हो रहे सांदीपनि विद्यालय भविष्य के भारत के निर्माण की आधारशिला सिद्ध होंगे। इन विद्यालयों से हम अपने लाखों विद्यार्थियों का एक सुनहरा भविष्य गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जबलपुर में एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी है। दूसरी की महती आवश्यकता महसूस हो रही है। इसलिए अब उज्जैन में ही नवीन धनवन्तरी चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है।

डॉ. यादव बुधवार को 'गुरू पूर्णिमा महोत्सव' के अवसर पर उज्जैन के माधव विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित 'महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व' समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उज्जैन के लिए 587.23 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न श्रेणी के 9 बड़े विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। डॉ. यादव ने तीन वर्ष तक बोर्ड परीक्षाओं में लगातार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले 6 प्राचार्यों को सांदीपनि अलंकरण से सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग में नव नियुक्त 7500 प्राथमिक शाला शिक्षकों में से 10 शिक्षकों को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

- गुरू पूर्णिमा पर उज्जैन से प्रदेश में नए शैक्षणिक युग का शुभारंभ
- उज्जैन जिले को 587.23 करोड़ के 9 विकास कार्यों की सौगात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने महर्षि सांदीपनि की पूजा-अर्चना की।

### कई प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा गीता भवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भव्य गीता भवन बनाने का संकल्प लिया है। आज उज्जैन में गीता भवन का लोकार्पण नागरिकों के लिए कई प्रकार से सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर केंद्रित 'मिशन बुनियाद' का शुभारंभ किया। यह मिशन प्रदेश के 8 जिलों के 500 शासकीय स्कूलों में चलाया जाएगा।



नवनियुक्त प्राथमिक शाला शिक्षिका को नियुक्ति पत्र देते डॉ. मोहन यादव।

### प्रदेश में 60 नए सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'गुरु पूर्णिमा महोत्सव' के अवसर पर प्रदेशभर में 60 नए सांदीपनि विद्यालयों की सौगात मिली है। इनमें 39 स्कूल शिक्षा विभाग और 21 जनजातीय कार्य विभाग के हैं। उन्होंने कहा कि पहले और दूसरे चरण में सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण पर हमारी सरकार करीब 25 हजार 500 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों के लिए हमारे पास धन की कोई कमी नहीं है। अब निजी स्कूलों के विद्यार्थी भी बड़े पैमाने पर हमारे सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश ले रहे हैं, लेकिन पहले सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ चुके विद्यार्थियों को मौका दिया जा रहा है।

### 10 हजार शिक्षकों की भर्ती का काम पूरा

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों में नई भर्तियों की शुरुआत की है। विगत दो साल में पुलिस विभाग में 18 हजार से अधिक पदों पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। स्कूल शिक्षा विभाग में 10 हजार शिक्षकों की भर्ती का काम पूरा हुआ है। आज 3 संभागों के लगभग 1000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिले हैं। उन्होंने कहा कि ये शिक्षक महर्षि सांदीपनि के वंशज के रूप में जाने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शासकीय विद्यालयों के ऐसे प्राचार्यों को, जिन्होंने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में तीन साल तक शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है, उन्हें सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ऐसे सभी स्कूलों के प्राचार्यों को 1 लाख रुपए की सम्मान राशि और प्राध्यापकों के साथ स्कूल में विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुआ दीपोत्सव

# 1313 मंडलों के 21 हजार स्थानों पर एक साथ जलाए गए दीपक



भाजपा प्रदेश कार्यालय में दीपोत्सव में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 तक देशव्यापी 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में दीपोत्सव आयोजित किया गया।

इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, महापौर मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति एवं अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एड. रामस्वरूप शुक्रवारे सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्जवलित किए। प्रदेश कार्यालय सहित पूरे मध्यप्रदेश के 62 संगठनात्मक जिलों, 1313 मंडलों के लगभग 21 हजार स्थानों पर एक साथ दीप प्रज्वलित कर संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज को नमन किया गया।

### समरसता, समानता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया

अभियान के अंतर्गत जिन स्थानों पर संत गुरु रविदास महाराज के मंदिर हैं, वहां विशेष रूप से दीप प्रज्ज्वलन किए गए। वहीं, जिन क्षेत्रों में मंदिर उपलब्ध नहीं हैं, वहां सार्वजनिक स्थलों पर संत रविदास महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समरसता, समानता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ कार्यक्रमों में सहभागिता कर समाज में एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## दो घंटे के भीतर जलस्तर में करीब 1.15 मीटर की बढ़ोतरी

# लगातार हो रही बरिश के कारण इंद्रावती नदी का जल स्तर बढ़ा, प्रशासन चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में लगातार हो रही बारिश का असर अब इंद्रावती नदी पर भी दिखाई देने लगा है। गुरुवार को नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। दोपहर 1 बजे इंद्रावती नदी का जलस्तर 13.500 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी स्तर को पार कर चुका है।

इसके चलते नदी किनारे बसे गांवों और निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह 11 बजे नदी का जलस्तर 12.350 मीटर दर्ज किया गया था।



महज दो घंटे के भीतर जलस्तर में करीब 1.15 मीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी में पानी का बहाव लगातार बढ़ रहा है। यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो शाम तक कई निचले क्षेत्रों में बाढ़ का पानी पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

### अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश

प्रशासन ने स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने के लिए राजस्व, पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा है। संवेदनशील इलाकों की निगरानी की जा रही है और जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की तैयारी की गई है। जिला प्रशासन ने इंद्रावती नदी के किनारे रहने वाले लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। लोगों से कहा गया है कि नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए अनावश्यक रूप से नदी के आसपास न जाएं और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। जिन क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा अधिक है, वहां के लोगों को आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

थाना शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम बचवार में हुई थी वारदात

# चार लाख की चोरी के मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

थाना शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम बचवार में हुई करीब चार लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी के आभूषणों को बैंक में गिरवी रखकर गोल्ड लोन लेने के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

प्रार्थी अर्पण कुमार उरांव, निवासी ग्राम बचवार, थाना शंकरगढ़ ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 31 दिसंबर 2025 को दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर और अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, तीन हजार रुपये नकद तथा दो सीसीटीवी कैमरे चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब चार लाख रुपये बताई गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान थाना गांधीनगर पुलिस से सूचना मिली कि वहां एक अन्य मामले में गिरफ्तार आरोपी आनंद कुमार पन्ना ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने अपने साथी आकाश गाईन के साथ मिलकर शंकरगढ़ में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आनंद पन्ना को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है।



### बैंक में गोल्ड रखकर आरोपियों ने राशि उठाई थी

इसके बाद फरार सह-आरोपी आकाश गाईन को पुलिस ने अंबिकापुर से हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि आनंद पन्ना चोरी किए गए सोने-चांदी के गहने उसके पास लेकर आया था। इन गहनों को आकाश की मां नीलिमा गाईन के माध्यम से अंबिकापुर स्थित मणप्पुरम बैंक में गिरवी रखकर 3.80 लाख रुपये का गोल्ड लोन लिया गया। बैंक से मिले ऋण की राशि में से 20 हजार रुपये आनंद पन्ना की बहन मंजुषा पन्ना के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305, 331(3) और 3(5) के तहत आकाश गाईन (23), निवासी सुभाषनगर, अंबिकापुर, नीलिमा गाईन (38), निवासी सुभाषनगर, अंबिकापुर तथा मंजुषा पन्ना (31), निवासी भगवानपुर, सुभाषनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

## सभी अतिथियों के सम्मान में विशेष भोज का किया आयोजन

बस्तर की सांस्कृतिक विरासत देश की अमूल्य धरोहर

# बस्तर पंडुम-2026 के विजेता कलाकारों, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने किया राष्ट्रपति भवन का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और लोक परंपराओं को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर पंडुम-2026 के विजेता कलाकारों, मांझी-चालकी, पद्म सम्मानित विभूतियों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों सहित 209 सदस्यीय दल ने राष्ट्रपति भवन का दौरा किया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी अतिथियों के सम्मान में विशेष भोज का आयोजन किया और स्वयं भोजन परोसकर उनका स्वागत किया।

राष्ट्रपति ने प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए बस्तर की जनजातीय संस्कृति, लोककला, पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था और बस्तर पंडुम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक विरासत देश की अमूल्य धरोहर है और इसका संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आग्रह पर राष्ट्रपति ने भविष्य में बस्तर दशहरा और बस्तर पंडुम में शामिल होने की इच्छा भी जताई। उन्होंने कहा कि बस्तर दशहरा से उनका विशेष भावनात्मक जुड़ाव है। राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि उनके पिता भी मांझी थे, इसलिए जनजातीय समाज की परंपरागत व्यवस्था से उनका गहरा संबंध रहा है।



### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिला रहे पहचान

राष्ट्रपति ने कहा कि बस्तर पंडुम जैसे आयोजन जनजातीय संस्कृति, लोककला और परंपराओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिला रहे हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने के साथ पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों और स्थानीय लोगों की भागीदारी से बस्तर अब शांति, विकास और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार इस बदलाव का प्रमाण है। राष्ट्रपति ने मांझी और चालकी की भूमिका की भी सराहना करते हुए उन्हें समाज और प्रशासन के बीच मजबूत कड़ी बताया।

## नोटिस के बावजूद चल रहा था निर्माण कार्य

# नगर निगम ने सार्वजनिक भूमि पर किए जा रहे कथित अवैध निर्माण को ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

नगर निगम ने वार्ड क्रमांक-9 के इमली डुग्गू स्थित पोखरी पारा में सार्वजनिक भूमि पर किए जा रहे कथित अवैध निर्माण को गुरुवार को ध्वस्त कर दिया। निगम का कहना है कि संबंधित पक्ष को पहले नोटिस देकर निर्माण रोकने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्माण कार्य जारी रहने पर जेसीबी की मदद से कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। नगर निगम के कोरबा जोन अंतर्गत हुई इस कार्रवाई के दौरान निर्माणाधीन हिस्से को हटाकर भूमि को प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया।



अधिकारियों के मुताबिक क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। जांच के बाद शिकायत सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। पूर्व वार्ड पार्षद सुफल दास ने बताया कि छठघाट के पास स्थित पोखरी क्षेत्र में अवैध कब्जे की शिकायत जिला प्रशासन से की गई थी। उनका कहना है कि इस पोखरी में हर वर्ष छठ पूजा सहित अन्य धार्मिक आयोजन होते हैं।

## खबर संक्षेप

### आशीर्वाद का प्रोटीन रोस्टेड चना सत्तू लांच

**नई दिल्ली।** आशीर्वाद ने पूर्वी भारत में आशीर्वाद चना सत्तू लांच करके अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और मजबूत किया। यह लॉन्च ब्रांड के उस बड़े लक्ष्य के अनुरूप है जिसके तहत ऐसे उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से प्रोटीन और फाइबर से भरपूर हों। साथ ही, यह किफायती दाम और असली स्वाद से समझौता किए बिना पौष्टिक और जरूरी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग को भी पूरा करता है। यह उत्पाद 47 ग्राम, 200 ग्राम, 250 ग्राम और 500 ग्राम के पैक में जनरल ट्रेड के माध्यम से उपलब्ध है।

### अमेजन की ग्रेट फ्रीडम सेल 7 अगस्त से शुरू

**भोपाल।** अमेजन ने अपनी बहुप्रतीक्षित ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 की घोषणा कर दी है। यह सेल 7 अगस्त 2026 की रात 12 बजे से शुरू होगी, जिसमें ग्राहकों को स्मार्टफोन, फैशन, अन्य श्रेणियों के उत्पादों पर आकर्षक ऑफर्स और भारी छूट मिलेगी। सेल के दौरान ग्राहकों को एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईजीएमआई ट्रांजेक्शन पर 10 फीसदी की इंस्टेंट छूट मिलेगी। चुनिंदा क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई के साथ 2,000 रुपए तक के कैशबैक रिवॉर्ड्स का लाभ भी दिया जाएगा।

### तनिष्क का 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' शुरू

**मुंबई।** टाटा समूह की ज्वेलरी रिटेल कंपनी तनिष्क ने बहुप्रतीक्षित 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' की वापसी की घोषणा की है। यह आयोजन कंपनी के प्राकृतिक हीरों के कलेक्शन का साल का सबसे बड़ा उत्सव माना जाता है, रोजमर्रा में पहनने योग्य हल्के आभूषणों से लेकर विशेष अवसरों के लिए तैयार प्रीमियम डायमंड ज्वेलरी तक की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी। इस वर्ष का फेस्टिवल खास तौर पर रोजमर्रा के उपयोग के लिए डिजाइन किए गए प्राकृतिक हीरों के नए कलेक्शन पर केंद्रित है।

## गुरु पूर्णिमा पर स्वामी रामदेव का संदेश

# बोले-फिल्मी सितारों को नहीं, माता पिता बनाएं महापुरुषों को रोल मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

- पुरुषार्थ का संवाहक पर्व गुरु पूर्णिमा : आचार्य बालकृष्ण
- पतंजलि में 111 कुण्डीय महायज्ञ का दिव्य आयोजन



संदेश देते हुए

पतंजलि फेज-दो योग भवन में दिव्य और भव्य तरीके से गुरु पूर्णिमा मनाया गया। इस दौरान पतंजलि योगपीठ पूरी तरह से गुरु-शिष्य परंपरा में डूबा रहा। यज्ञ, हवन से पूरा वातावरण बेहद 'भावमय' हो गया था। आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम में आज के पावन पर्व पर वैदिक रीति से 1176 विद्यार्थियों का उपनयन व वेदारंभ संस्कार संपन्न हुआ। वहीं, पतंजलि फेज-दो के योग भवन में 111 कुण्डीय महायज्ञ का दिव्य आयोजन किया गया।

स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण से आशीष लेने के लिए हजारों शिष्य मौजूद रहे। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि कुछ मुर्ख गुरु-शिष्य परंपरा को गुरु की गुलामी कहते हैं जबकि खुद वो विलासिता में डूबे हुए हैं। स्वामी रामदेव ने कहा कि नायक और नायिका को अपना आदर्श, रोल मॉडल और आईकन मत मानो, अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी को रोल मॉडल मानो। आचार्य बालकृष्ण ने गुरु-शिष्य परंपरा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए स्वामी रामदेव के चरण छूकर आशीर्वाद लेकर कहा कि गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व सकारात्मकता व पुरुषार्थ का संवाहक है। गुरु के बताये पथ पर चलने वाला कभी गलत रास्तों पर नहीं जा सकता। पतंजलि फेज-दो योग भवन में स्वामी रामदेव ने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को साक्षात ब्रह्मस्वरूप माना गया है। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को साक्षात ब्रह्मस्वरूप माना गया है और गुरु-शिष्य परंपरा समाज की महत्वपूर्ण धरोहर है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस परंपरा को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं।

### उपनयन संस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने स्वामी रामदेव के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और कहा कि गुरु पूर्णिमा सकारात्मकता, पुरुषार्थ और आत्मविकास का पर्व है। उन्होंने कहा कि गुरु के बताए मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कभी गलत दिशा में नहीं जाता। महापुरुषों के आदर्शों का अनुसरण ही जीवन को सार्थक बनाता है। कार्यक्रम के दौरान आचार्यकुलम में उपनयन संस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया गया। इस मौके पर भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह, अनिल आचार्य, कर्मचारी , श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक ने रचा इतिहास

# ओजीएल 4,000 इलेक्ट्रिक बसें उतारने वाली देश की पहली कंपनी बन गई

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इलेक्ट्रिक बस निर्माता ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड (ओजीएल) ने भारत में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने देश में 4,000 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतारकर नया रिकॉर्ड बनाया है और यह मुकाम हासिल करने वाली पहली इलेक्ट्रिक बस निर्माता कंपनी बन गई है।कंपनी की 4,000वीं इलेक्ट्रिक बस हिमाचल प्रदेश सरकार को सौंपी गई। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एचआरटीसी) के बेड़े में शामिल 297 इलेक्ट्रिक बसों का हिस्सा है।




हिमाचल के सीएम सुक्खू और डिप्टी सीएम अग्निहोत्री को 4 हजार वीं बस का मोमेंटो सौंपते हुए

### तय कर चुकी हैं 73 करोड़ किमी.की दूरी

ओलेक्ट्रा की इलेक्ट्रिक बसें देश के कई राज्यों में सार्वजनिक परिवहन के रूप में संचालित हो रही हैं। कंपनी के अनुसार, उसकी बसें अब तक 73 करोड़ किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुकी हैं, जिससे 6.5 लाख टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के प्रबंध निदेशक महेश बाबू ने कहा कि 4,000इलेक्ट्रिक बसों की उपलब्धि भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को नई दिशा देने वाली है।



## ADITYA COLLEGE

Applications are invited for the following Posts

| Post | Subject | No. Of Vacancies |
|---|---|---|
| Assistant Professor | Law | 06 |
| Assistant Professor | Commerce/Hindi/English /Computer Application /Political Science | 02 (Per Subject) |

Candidate must have PhD/NET/SET. The qualification for the above posts are as prescribed by the norms of College Code 28 RDVV, Jabalpur. Salary best in segment. Candidates may submit their application with Resume within 7 working days of publication between 1 to 4 PM at below mentioned address.

231, Gopal Vihar, Near Damoh Naka Jabalpur
adityacollegejabalpur@gmail.com
Whatsapp the resume 9425863954, 9424699984

Director Principal


## महाराष्ट्र एफडीए जांच में मशरूम-एड सूप पाउडर स्टेरॉयड-मुक्त, गुणवत्ता और सुरक्षा पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागपुर

**मशरूम प्राकृतिक पोषक तत्वों से होता है भरपूर**



स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में मशरूम-एड सूप पाउडर को महाराष्ट्र राज्य के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए ) की अधिकृत प्रयोगशाला द्वारा किए गए परीक्षण में स्टेरॉयड-मुक्त पाया गया है। कंपनी के अनुसार, यह रिपोर्ट उत्पाद की गुणवत्ता, शुद्धता और उपभोक्ता सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। कंपनी ने बताया कि मशरूम-एड सूप पाउडर प्राकृतिक औषधीय मशरूम और चयनित आयुर्वेदिक एवं हर्बल घटकों से तैयार किया गया फूड सप्लीमेंट है। आधिकारिक प्रयोगशाला जांच में इसमें किसी भी प्रकार के स्टेरॉयड की मौजूदगी नहीं मिली। कंपनी का कहना है कि इस परीक्षण परिणाम से उपभोक्ताओं, विक्रेताओं और वितरकों का भरोसा और मजबूत हुआ है। कंपनी ने दोहराया कि उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखना और उपभोक्ताओं का विश्वास कायम रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मशरूम-एड सूप पाउडर में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।

## 1,500 से अधिक प्रौद्योगिकी उपयोग मामलों का प्रदर्शन

# आईएमसी 2026 की थीम 'स्केल विदआउट बाउंड्रीज' घोषित, 7 से 10 अक्टूबर तक होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारत के प्रमुख डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 के 10वें संस्करण की आधिकारिक थीम ‘स्केल विदआउट बाउंड्रीज’ (सीमाओं से परे विस्तार) का अनावरण किया। यह आयोजन 7 से 10 अक्टूबर 2026 तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में होगा। आईएमसी का 10वां संस्करण भारत की डिजिटल प्रगति के एक दशक का उत्सव मनाएगा। इसका उद्देश्य नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत, स्टार्टअप, निवेशकों, शिक्षाविदों और वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर डिजिटल परिवर्तन की अगली दिशा तय करना है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 100 से अधिक देशों के 1.5 लाख से ज्यादा प्रतिभागियों, 300 से अधिक प्रदर्शकों और साझेदारों के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में 1,500 से अधिक प्रौद्योगिकी उपयोग मामलों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### 1.33 अरब लोगों के हाथ में मोबाइल फोन

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि तकनीक तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि आज देश में 1.33 अरब लोगों के हाथ में मोबाइल फोन है और डेटा की कीमत 287 रुपये प्रति जीबी से घटकर लगभग 8 रुपए प्रति जीबी रह गई है। संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने दूरसंचार क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है।



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./2026/940 रिसाली दिनाँक 28/07/26

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 22 मैत्री कुंज, वार्ड क्र. 23 एवं डुण्डेरा में जल आपूर्ति हेतु ओवर हैड टैंक का निर्माण कार्य। | 196260 | 299.82 | 18.08.2026 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन डी.डी, धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली


# ईबीजी ग्रुप ने डायवू एक्सपीरियंस स्टोर खोला

**नई दिल्ली।** ईबीजी ग्रुप ने गाजियाबाद में डायवू एक्सपीरियंस स्टोर लांच किया। यह शोरूम देश में डायवू के विकास के अगले चरण की शुरुआत का प्रतीक है, 3,200 वर्ग फीट में फैले इस फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन अभिनेता मुरली शर्मा ने पीओएसएसीओ इंटरनेशनल के प्रतिनिधियों, ईबीजी ग्रुप के वरिष्ठ नेतृत्व, उद्योग भागीदारों की उपस्थिति में किया। डॉ. इरफान खान, संस्थापक, ईबीजी ग्रुप ने कहा कि भारत का पहला डायवू एक्सपीरियंस स्टोर खोलना हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जिसमें हम डायवू को भारत के सबसे भरोसेमंद प्रमुख उपभोक्ता उपकरण ब्रांड्स में से एक बनाने का लक्ष्य रखते हैं।

# गोदरेज ग्रुप को मिली सुरक्षा की जिम्मेदारी

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप (जीईजी) के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस कारोबार को जीएमआर विशाखापटनम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीवीआईएएल) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) से भोगापुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकीकृत सुरक्षा समाधान उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण अनुबंध मिला है। इसके साथ ही कंपनी ने भारत के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और नई पीढ़ी की विमानन परिसंपत्तियों की सुरक्षा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी मजबूत स्थिति को और बेहतर बनाया है।



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक/2054/खनिज/2026 E-mail- modgmjab@mp.gov.in दिनांक 27/07/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

### द्वितीय सूचना पत्र

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री रामेश्वर सिंह राजपूत पिता श्री रणजीत सिंह राजपूत पता - 45, गुरूदेव कॉलोनी, दरगाह मार्ग, बेदी नगर, जबलपुर द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 31 / 05 / 2026 को प्रस्तुत किया गया था। आवेदित क्षेत्र के संबंध में आपत्ति हेतु प्रथम सूचना पत्र जारी किया गया था, परंतु अन्य कोई आपत्ति प्राप्त न होने से आपत्तियों के संबंध में पुनः प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक प्रस्तुत उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र के संबंध में आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती है। आपत्तियाँ कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती हैं।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | जबलपुर | ऐठाखेड़ा | 184 | 1.032 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकवा | 1.032 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा । 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।

खनि अधिकारी
जिला-जबलपुर (म. प्र.)

G-16443/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"








सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (प्रिन्ट एवं रंगिन क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।




## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला जबलपुर म.प्र.

दूरभाष- 0761-2676111, फैक्स-2676222 Email-Sp-Jabalpur@mppolice.gov.in

क्रमांक :- पुअ/जबल/रनि/एमटी/989-A/2026, दिनांक :- 29.07.2026

### विज्ञापन

जिला बल जबलपुर पुलिस विभाग के कंडम (निष्प्रयोज्य) घोषित मोटर पार्टस, टायर-ट्यूब, फ्लेप्स आदि जहाँ और जिस हालत में है की स्थिति में विक्रय हेतु खुली बोली के माध्यम से क्रय कताओं को आमंत्रित किया जाता है। नीलामी प्रक्रिया मे भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिभूति राशि रुपए 5,000/- (पाँच हजार रुपए मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो पुलिस अधीक्षक, जबलपुर के नाम से देय हो फार्म के साथ जमा करना होगा, इसके अतिरिक्त हाल ही के 02 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, आधार कार्ड की स्वसत्यापित छायाप्रति के साथ नीलामी फार्म भरकर स्वयं जमा करना होगा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा फार्म स्वीकार नहीं किये जावेंगे, एक व्यक्ति से केवल एक ही फार्म स्वीकार किया जावेगा। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 14.08.2026 के 16 :00 बजे तक है। नीलामी प्रक्रिया मे भाग लेने हेतु निर्धारित फार्म वाहन शाखा रक्षित केन्द्र जबलपुर से कार्यालयीन समय मे रुपए 100/- फार्म शुल्क जमा कर दिनांक 14.08.2026 के 14 :00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निम्नलिखित सामग्री की नीलामी दिनांक 17.08.2026 दिन सोमवार को खुली बोली के माध्यम से रक्षित केंद्र, पुलिस लाईन परिसर, जबलपुर में की जावेगी ।

| क्रं. | विवरण | सामग्री की मात्रा |
|---|---|---|
| 01 | लोहा (स्केप मटेरियल) | 2040 कि.ग्रा. |
| 02 | एल्यूमीनियम | 65.500 कि.ग्रा. |
| 03 | ताँबा (आर्मेचर) | 15.120 कि.ग्रा. |
| 04 | पीतल | 1.680 कि.ग्रा. |
| 05 | प्लास्टिक / फाईबर | 435 कि.ग्रा. |
| 06 | टायर-ट्यूब एवं फ्लेप्स | 614 नग टायर<br>261 नग ट्यूब<br>40 नग फ्लैप |

पुलिस अधीक्षक
जिला जबलपुर

G-16485/26


## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।


**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 6303



**बाएँ से दाए**

1.मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3.रुई की फसल-3
5.वंश,खानदान-2
6.आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7.जी,इच्छा,चित्त-2
9.पहनना-3
11.दास,नौकर,सेवक-5
14.अग्नि,आग-3
16.चयनित,स्वीकृत-4
17.जाति,संप्रदाय-2
18.उस समय-2
19.आदत,व्यवहार-4
23.माला का मोती-3
24.लालन-पालन-5
27.पूर्णिमा-3
28.वश,अधीन-2
30.खबर देने वाला-3
31.खदान,माइन-2
32.आश्रय,पनाह-3
33.संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1.घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2.धारा के बीच में,अधर में-2,2
3.आफत,आपदा-3
4.एक समान-2
5.गृहपति,चांसलर-4
6.दाना-2
8.प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10.रोकर धनराशि-3
12.प्रेम ,आसक्ति-3
13.नीर,जल-2
15.भाग्य,तकदीर-3
17.जंबुल,जांब-3
18.टेंशन,परेशानी-3
20.काया,बदन-2
21.उष्णता-3
22.नाश होने योग्य-4
23.साम्राज्ञी,रानी-3
25.रमण करने योग्य-4
26.अदा,चोंचला-3
27.पूड़ी,गोलगप्पा-2
29.पिता की बहन-2
31.उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 6302 का हल



## सूडोकू नवताल- 6313

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल- 6312 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# जब दोस्त हैं साथ खुशियां हैं पास

हर बच्चे का कोई ना कोई दोस्त जरूर होता है। टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दोस्त बनाने में पीछे नहीं रहते। इनकी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है? इनका अपने फ्रेड्स के साथ बिताया कोई मेमोरेबल मोमेंट कौन-सा है? इस बार ये फ्रेंडशिप-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे? फ्रेंडशिप-डे के मौके पर इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का अपने सभी फ्रेंड्स को क्या मैसेज है, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

## फ्रेंड्स खुलकर जीने का मौका देते हैं उर्वा सवालिया



**सोनी सब** के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में बाल अर्जुन की भूमिका में उर्वा सवालिया दर्शकों की खूब तारीफ बटोर रहा है। अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की इंपॉर्टेंस के बारे में उर्वा बताता है, 'मेरे फ्रेंड्स मुझे बिना किसी फिल्टर के हंसने और खुलकर जीने का मौका देते हैं। मेरे लिए दोस्ती का मतलब है- बिना शर्त के एक-दूसरे का साथ देना और खूब मस्ती करना।' अपने फ्रेंड्स के साथ एक मेमोरेबल मोमेंट को याद करते हुए उर्वा बताता है, 'एक बार मेरा डांस परफॉर्मेंस था। मैं काफी नर्वस हो रहा था। मेरे पैरेंट्स के साथ मेरे फ्रेंड्स भी इस इवेंट में आए थे। उन्होंने चार्ट पेपर पर 'यू कैन डू इट!' लिखकर मेरा हौसला बढ़ाया। मैंने जमकर परफॉर्म किया। इससे मुझे फर्स्ट प्राइज मिला। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि जब दोस्त साथ हों, तो बड़े से बड़ा डर दूर भाग जाता है।'

इस फ्रेंडशिप-डे पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में उर्वा बताता है, 'इस बार मैंने अपने सभी क्लोज फ्रेंड्स के साथ 'नो मोबाइल, ओनली फन डे' प्लान किया है। हम सब मिलकर एक पार्क में जाएंगे, जहां कोई भी मोबाइल या आईपैड नहीं छुएगा। हम अपने पुराने खेल जैसे छुपन-छुपाई, खो-खो और पिट्ठू खेलेंगे। इसके अलावा, मैं अपने हाथों से सबके लिए कस्टमाइज्ड फ्रेंडशिप बैंड्स बना रहा हूं, जिसमें उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स होंगे।' फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए उर्वा का प्यारा सा मैसेज है, 'ऐसे हर दोस्त को दिल से शुक्रिया कहो, जो बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहता है। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## सच्ची दोस्ती का मतलब है एक-दूसरे का साथ देना भूमि रामोला



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली का रोल प्ले कर रही भूमि रामोला को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। भूमि की लाइफ में उसके फ्रेंड्स बहुत इंपॉर्टेंस रखते हैं। वह कहती है, 'मेरे लिए दोस्त भगवान का दिया सबसे प्यारा उपहार है। अपने फ्रेंड्स के साथ हंसना-खेलना और नई-नई बातें सीखना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरे लिए सच्ची दोस्ती का मतलब सिर्फ साथ खेलना नहीं, एक-दूसरे का साथ देना, एक-दूसरे की खुशियों में खुश होना और हमेशा अच्छे दोस्त बने रहना है।' अपना मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट शेयर करते हुए भूमि बताती है, 'मेरी स्कूल की दोस्त (नायरा) ने फ्रेंडशिप-डे पर अपने हाथों से मेरे लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाया था। वो मेरा पहला फ्रेंडशिप गिफ्ट था, इसलिए वो मोमेंट आज भी मेरे दिल के बहुत करीब है।'

इस बार फ्रेंडशिप-डे की प्लानिंग के बारे में भूमि बड़े उत्साह से बताती है, 'फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड दूंगी, उनके साथ खूब बातें करूंगी, गेम्स खेलूंगी और बहुत सारी मस्ती करूंगी। साथ ही मैं अपने हर दोस्त को दिल से 'थैंक यू' बोलूंगी, क्योंकि अच्छे दोस्त हर दिन को और ज्यादा खास बना देते हैं।'

फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने सभी फ्रेंड्स के लिए भूमि का मैसेज है, 'हमेशा सच्चे दोस्त बनो, एक-दूसरे की मदद करो, दोस्तों के साथ खूब हंसो, कुछ अच्छा सीखो और कभी किसी दोस्त का दिल मत दुखाओ। अपनी दोस्ती को हमेशा दिल से निभाओ। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा कनेक्टेड रहें अबान खान



**स्टार प्लस** के शो 'उड़ने की आशा' में अबान खान को लक्ष्य की भूमिका में खूब पसंद किया जा रहा है। अबान से पूछने पर कि तुम्हारी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है, वह मुस्कराते हुए जवाब देता है, 'जिंदगी में दोस्तों का होना बहुत जरूरी है। दोस्तों के साथ हम सिर्फ एंज्वॉय ही नहीं करते, अपने कामों में उनकी मदद भी लेते हैं। मेरे फ्रेंड्स तो नोट्स कंप्लीट कराने में मेरी हेल्प करते हैं। मेरे साथ क्रिकेट भी खेलते हैं। शो 'उड़ने की आशा' में मेरे साथ काम करने वाले पंखुरी और आर्या मेरे बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। हम लोग सेट पर भी खूब मस्ती करते हैं।'

अबान का अब तक का मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट कौन-सा था, वह याद करते हुए बताता है, 'एक बार ईद के दिन मैं मम्मी को बिना बताए अकेले अपने फ्रेंड्स के घर ईद मनाने चला गया था। मैंने दोस्तों के साथ खूब एंज्वॉय किया। उधर घर वाले मुझे ढूंढ़ रहे थे, परेशान हो रहे थे। जब मैं वापस घर गया तो मुझे डांट पड़ी कि त्योहार पर दोस्तों से मिलना अच्छी बात है, लेकिन घर वालों को पता होना चाहिए कि तुम कहां जा रहे हो?'

इस बार फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करने की क्या खास प्लानिंग है, पूछने बर अबान बताता है, 'मैं फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड्स के साथ टाइम स्पेंड जरूर करूंगा। उनके साथ क्रिकेट खेलूंगा और मूवी देखूंगा। फ्रेंडशिप-डे पर जब अपने शो की शूटिंग पर जाऊंगा तो मैं अपने सेट वाले दोस्तों के लिए भी चॉकलेट्स लेकर जाऊंगा।'

फ्रेंडशिप-डे के मौके पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए अबान का मैसेज है, 'अपने फ्रेंड्स की हमेशा हेल्प करें, उनके साथ एंज्वॉय करें और हमेशा उनसे कनेक्टेड रहें। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है हरिति जोशी



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा की भूमिका निभा रही हरिति जोशी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का मन मोह रखा है। वह अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप को बहुत इंपॉर्टेंट मानती है। हरिति कहती है, 'दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है। फ्रेंड्स के साथ मैं खुलकर बोलती हूं, हंसती हूं, खेलती हूं, उनसे नई-नई बातें सीखती हूं। अच्छे दोस्त हर खुशी को और भी खास बना देते हैं। मुश्किल समय में भी हमेशा साथ खड़े रहते हैं।'

फ्रेंड्स के साथ मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति चहकते हुए बताती है, 'वैसे तो दोस्तों के साथ का अपनी लाइफ का कोई खास मेमोरेबल मोमेंट याद नहीं आ रहा है, लेकिन मेरे लिए सबसे यादगार पल तब हो जाता है, जब 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' की शूटिंग के बीच हमें थोड़ा ब्रेक मिलता है, हम सब फ्रेंड्स मिलकर गेम खेलते हैं, खूब मस्ती करते हैं।' अबकी फ्रेंडशिप-डे पर हरिति की क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'इस बार फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों के साथ टाइम स्पेंड करूंगी। अगर शूटिंग होगी तो वहीं सेट पर अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करूंगी। अगर छुट्टी मिली तो बाहर घूमने या साथ में कोई मजेदार एक्टिविटी करने का प्लान बनाऊंगी।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए हरिति का फ्रेंडशिप-डे पर स्पेशल मैसेज है, 'हमेशा अपने दोस्तों का साथ दें। दोस्ती सबसे खूबसूरत रिश्ता है, इसलिए इसे हमेशा प्यार और भरोसे के साथ निभाएं। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## मेहनत का महत्व बताती कहानियां

बच्चो, इस बार हम तुम्हें एक ऐसी पुस्तक के बारे में बता रहे हैं, जिसमें मेहनत के महत्व को समझाती चार कहानियां हैं। किशोर श्रीवास्तव द्वारा रचित इस पुस्तक का नाम है- मेहनत का फल। पुस्तक की पहली कहानी 'नाम नहीं काम बड़ा' में तुम पढ़ोगे कि बुद्धूमल के नाम को लेकर स्कूल में उसके दोस्त उसे चिढ़ाया करते थे। दोस्तों के चिढ़ाने से उसने अपनी क्लास में जाना ही छोड़ दिया। यह तो अच्छा हुआ कि उसे एक ऐसे साधु मिले, जिन्होंने नाम को लेकर उसकी आंखें खोल दी। जब बुद्धूमल अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाकर क्लास में अव्वल आया तो वह सभी का चहेता बन गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि नाम से बड़ा और महत्वपूर्ण काम होता है।



पुस्तक की शीर्षक कहानी 'मेहनत का फल' में एक घटना में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रोमू को बड़ी मुश्किल से स्कूल में प्रवेश मिला था, लेकिन उसने पैरों से लिखना सीखकर जब बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया तो उसकी सफलता के आगे सब नतमस्तक हो गए। तीसरी कहानी 'अपना घर सबसे प्यारा' में सोमू से जब उसकी मां ने घर में इस्तेमाल किए गए कप धोने के लिए कहा तो यह बात उसे बहुत बुरी लगी। उसने गुस्से में घर छोड़ दिया। भूख लगने पर जब उसे होटल में जूठे बर्तन धोने के लिए मजबूर होना पड़ा तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और वह वापस अपने घर की ओर चल पड़ा।

किताब की अंतिम कहानी 'बुराई की हार' यह सिखाती है कि कभी भी झूठ बोलकर दूसरों के साथ धूर्तता नहीं करनी चाहिए। अगन, मगन, छगन और ठगन चारों मिलकर लोहे की मूर्ति को चांदी की बताकर लोगों को ठगा करते थे, लेकिन भोलाशंकर की चतुराई से उन सभी की पोल खुल गई और उन्हें कारावास की सजा मिली। *

**किताब:** मेहनत का फल (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** किशोर श्रीवास्तव, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** के. बी. एस. प्रकाशन, दिल्ली

---

## दोस्तों की सुलह

तन्मय और मोनू बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन दोनों आपस में झगड़ पड़े। बातचीत बंद कर दी। अब एक दूसरे के साथ कोई खेलने वाला नहीं था। दोनों अकेले पड़ गए। तन्मय और मोनू को अपनी दोस्ती खूब याद आती। क्या दोनों में सुलह हो पाई? दोनों फिर से दोस्त बन पाए?



कहानी

सरस्वती रमेश



एआई इमेज

तन्मय और मोनू बहुत पक्के दोस्त थे। दोनों साथ-साथ खेलते, स्कूल जाते। एक दिन दोनों क्रिकेट खेल रहे थे। तन्मय ने बैटिंग करते समय बॉल इतनी जोर से मारी कि पता नहीं किधर चली गई। दोनों दोस्तों ने इधर-उधर चारों तरफ बॉल खोजी, लेकिन बॉल नहीं मिली। बॉल मोनू की थी। वह तन्मय से झगड़ने लगा, 'तुमने मेरी बॉल जानबूझकर जोर से मारकर खो दी। तुम मुझे मेरी बॉल कहीं से भी लाकर दो, चाहे बाजार से खरीद कर दो।'

'मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, जो मैं खरीद कर दूं।' तन्मय ने अपनी मजबूरी बताई।

'मुझे नहीं पता, कहीं से भी लाकर दो। नहीं तो मैं तुमसे कट्टी कर लूंगा।' मोनू तेज आवाज में बोला।

तन्मय भी चिढ़ गया, 'कट्टी करनी है तो कर ले।'

इस कहा-सुनी के बाद दोनों दोस्तों के बीच बोलचाल बंद हो गई। मोनू को देख तन्मय मुंह फेर लेता। मोनू का गुस्सा भी कोई कम नहीं था। वह भी तन्मय की अनदेखी करने लगा।

दोनों के बीच बातचीत बंद होने के बाद अब मोनू के साथ खेलने वाला कोई साथी ना था। शाम को पार्क में वह साइकिल अकेला ही चलाता। पहले तन्मय कभी-कभी उसकी साइकिल के पीछे-पीछे दौड़ लगाता था या फिर कभी-कभी मोनू की साइकिल के पीछे लगे कैरियर पर बैठ जाता। दोनों खूब मस्ती करते। अब अकेले साइकिल चलाने में मोनू को जरा भी मजा नहीं आता। उसे तन्मय की याद आती।

उधर तन्मय का भी मोनू के बिना मन नहीं लग रहा था। एक दिन उसने सोचा, आज जब पार्क में मोनू दिखेगा, उससे सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेगा। तन्मय पार्क जाकर मोनू का इंतजार करने लगा। काफी देर बीत गई, लेकिन मोनू ना आया। उदास होकर तन्मय घर वापस आ गया।

असल में उस दिन मोनू के पापा रिमोट से चलने वाली नई कार लेकर लाए थे। मोनू कार पाकर बहुत खुश था, लेकिन वह कार किसके साथ चलाए, उसे समझ में नहीं आ रहा था। उसका पक्का दोस्त तन्मय तो नाराज चल रहा था। मोनू ने अपनी परेशानी पापा को बताई। पापा ने कहा, 'बेटा, हम सबका कभी-कभी आपस में झगड़ा हो जाता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों को लेकर ज्यादा समय तक नाराज रहना अच्छा नहीं।'

'पापा गलती तो तन्मय ने की। उसने मेरी बॉल क्यों खो दी।' मोनू बोला।

'कोई बात नहीं बेटा। मैं नई बॉल लाकर तुम्हें दे दूंगा। तुम जाओ और तन्मय से सुलह कर लो।' पापा ने मोनू का समझाया।

मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। वह अपनी रिमोट से चलने वाली कार लेकर तन्मय के घर चल दिया। रास्ते में उसने कप केक खरीद लिए। कप केक तन्मय को बहुत पसंद है। उसने सोचा, वह सॉरी बोलकर तन्मय को कप केक पकड़ा देगा। तन्मय खुश होकर उसे माफ कर देगा।

मोनू कप केक खरीद कर तन्मय के घर की ओर जा ही रहा था कि तभी दोनों दोस्त रास्ते में आमने-सामने टकरा गए। तन्मय को देखकर मोनू ने कहा, 'अरे तन्मय तुम यहां, मैं तो तुम्हारे घर जा रहा था।'

तन्मय ने खुश होकर कहा, 'मैं भी तुम्हारे घर जा रहा था, तुमसे माफी मांगने।'

'अच्छा! लेकिन अब माफी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अब मैं तुमसे बिल्कुल नाराज नहीं हूं।' यह कहते हुए मोनू ने झट से तन्मय को कप केक पकड़ा दिया। तन्मय कप केक पाकर बहुत खुश हुआ। उसने अपने दोस्त मोनू को थैंक्स कहा। मोनू ने तन्मय को अपनी रिमोट वाली कार दिखाई और बोला, 'चलो दोस्त, हम अब साथ में कार चलाते हैं। दोबारा कभी आपस में न लड़ने का वादा करते हैं।'

तन्मय ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। दोनों दोस्त गले मिले और एक-दूसरे से प्रॉमिस किया- 'यह दोस्ती कभी नहीं तोड़ेंगे।' *

---

कविता

सूर्य कुमार पांडेय

## सच्चे मित्र

जिनसे अपने मन मिलते हैं
भीतर नए फूल खिलते हैं
वे ही सच्चे मित्र हमारे।
जिनके साथ खुशी से रहते
अपने मन की बातें कहते
वे ही अच्छे मित्र हमारे।
जिनके साथ करें हम चैटिंग
जिनके साथ करें हम बैटिंग
वे ही सारे दोस्त हमारे।
जिनसे हों पढ़ने की बातें
काम मुसीबत में जो आते
वे ही प्यारे दोस्त हमारे।



---

## जीके क्विज-216

1. हाल में किस केंद्रीय मंत्री को शिक्षा मंत्रालय का भी दायित्व सौंपा गया है?
2. पिछले दिनों वाराणसी में स्थित किस धार्मिक स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया?
3. स्पेन में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में किस महिला भारोत्तोलक ने स्वर्ण पदक जीता?
4. इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
5. ऋग्वेद किस भाषा में लिखा गया है?
6. प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?
7. ऑक्सीजन का रासायनिक प्रतीक क्या होता है?
8. पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
9. देश के उपराष्ट्रपति संसद के किस सदन के सभापति होते हैं?
10. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-216 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-215 का उत्तर :** 1.स्पेन, 2.जेनिक सिनर, 3.विक्रम-1, 4.दिसपुर, 5.सी.पी. राधाकृष्णन, 6.विष्णुगुप्त/कौटिल्य, 7.मुंशी प्रेमचंद, 8.मध्य प्रदेश, 9.बाल गंगाधर तिलक, 10.26 जुलाई

**जीके क्विज-215 का सही उत्तर देने वाले :** जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, मिशा-रायपुर, कोमल-दुर्ग, राजन-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, उत्तम-भोपाल, शिखा-महासमुंद, तनुजा-महेंद्रगढ़, सुमन-बालोद

---

## रंग भरो-207

**रंग भरो-207** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।







**मोक्षित, ब्यावर**




आशना, जांजगीर



सार्थक, कोरबा



देवांश, महेंद्रगढ़



कुंजल, रायपुर



दिशा, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्या-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सान्वी-बिलासपुर, केतन-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रिया-जांजगीर, रेणु-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, शौर्य-गुना, पूजा-करनाल, हंसिका-बालोद

---

## रंग भरो 208




बच्चो, यहां बेस्ट-फ्रेंड्स टीना और मीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# राष्ट्रमंडल खेल : नीरज, रोहित और यशवीर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ दो अन्य भारतीय बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष 12 में जगह बनाकर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। चोपड़ा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण करते हुए भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता था। वह बृहस्पतिवार को क्वालीफिकेशन राउंड में 79.61 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे। रोहित यादव (78.37 मीटर) और यशवीर सिंह (78.36 मीटर) क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर रहे। इससे इस स्पर्धा में हिस्सा लेने वाला पूरा भारतीय दल पदक दौर में पहुंचा। प्रत्येक राउंड में आखिरी थ्रोअर रहने वाले चोपड़ा ने अपना तीसरा और आखिरी प्रयास नहीं किया क्योंकि तब तक वह पदक दौर में जगह बना चुके थे।



भाला फेंक
नीरज चोपड़ा
79.61
मीटर थ्रो

## नीरज ने अपनाई संयमित रणनीति

हालांकि कठिन परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने संयमित रणनीति अपनाई। पूर्व विश्व चैंपियन चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 76.28 मीटर का थ्रो किया जिससे वह पहले दौर के बाद छठे स्थान पर रहे। दूसरे प्रयास में उन्होंने 79.61 मीटर का थ्रो कर पांचवें स्थान पर जगह बना ली। इसके बाद उन्होंने अपना तीसरा और अंतिम प्रयास नहीं किया।

## 84 मीटर के मानक को कोई नहीं कर सका पार

बता दें कि 18 प्रतिभागियों में से कोई भी 84 मीटर के स्वतः क्वालीफिकेशन मानक को पार नहीं कर सका। इसके चलते शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने शुक्रवार को होने वाले फाइनल दौर के लिए क्वालीफाई किया। केवल चार प्रतिभागी ही 80 मीटर दूर भाला फेंक पाए। क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रहीं जिसमें लगातार सामने से तेज हवा चल रही थी और तापमान 18 डिग्री सेल्सियस बना हुआ था।

## यशवीर-रोहित का शानदार रहा प्रदर्शन

यशवीर का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर है और उन्होंने भी प्रतियोगिता के दौरान लगातार सुधार किया। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले प्रयास में 73.89 मीटर, दूसरे में 74.45 मीटर और अंतिम प्रयास में 78.36 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालीफिकेशन सुनिश्चित किया। रोहित का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 87.05 मीटर है। उन्होंने पहले प्रयास में 77.04 मीटर और दूसरे प्रयास में 78.37 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने भी अपना अंतिम प्रयास नहीं किया।






## श्रीलंका के रूमेश प्रथम व ग्रेनाडा के पीटर्स द्वितीय

इस सत्र में दोहा और रोम डायमंड लीग जीतने वाले शानदार फॉर्म में चल रहे श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने पहले ही प्रयास में 82.84 मीटर का थ्रो कर क्वालीफिकेशन राउंड में पहला स्थान हासिल किया। पिछले चरण के रजत पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 81.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

# चोट से उबरे मुरली ने लगातार दूसरे राष्ट्रमंडल में जीता रजत



लंबी कूद
श्रीशंकर
8.09
मीटर

मुरली श्रीशंकर ने भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में एक और अध्याय जोड़ दिया जब वह राष्ट्रमंडल खेलों में लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक के साथ लगातार दो पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए और घुटने की चोट से दो साल जूझने के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी की। बर्मिंघम 2022 में रजत पदक जीतने वाले 27 वर्षीय श्रीशंकर ने इस बार 8.09 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाकर एक और रजत पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि उनके लिए इसलिए भी खास रही क्योंकि पिछले साल गंभीर घुटने की चोट के बाद उनके करियर पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। श्रीशंकर से पहले इस स्पर्धा में भारत के लिए केवल सुरेश बाबू (पुरुष कांस्य, 1978), अंजू बॉबी जॉर्ज (महिला कांस्य, 2002) और एम प्रजुषा (महिला रजत, 2010) ही पदक जीत पाए थे।

## गेले ने स्वर्ण व मैकेंजी ने कांस्य पदक जीता


जमैका के पूर्व विश्व चैंपियन ताजे गेले ने 8.15 मीटर की कूद के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि मेजबान स्कॉटलैंड के स्टीफन मैकेंजी ने 8.08 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक हासिल किया।

## भारत के लिए खेलकर काफी खुशी हुई : मुरली

श्रीशंकर ने कहा ,'' मैं बहुत खुश हूं कि इन खेलों में भाग ले रहा हूं। विश्व स्तर पर फिर भारत के लिये खेलकर काफी खुशी महसूस कर रहा हूं। दो साल पहले मुझे लगा नहीं था कि ग्लास्गो में खेल पाऊंगा।'' स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने की निराशा हालांकि उनकी बातों में नजर आई। उन्होंने कहा ,'' मैं बर्मिंघम के रजत को स्वर्ण में बदलना चाहता था। अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं और लगातार बेहतर करने का प्रयास करता रहूंगा। उन्होंने कहा मुझे अपनी तकनीक पर काम करना होगा लेकिन इस पदक से एशियाई खेलों के लिये मेरा आत्मविश्वास बढेगा।

**गेले ने श्रीशंकर को छोड़ दिया पीछे** : अपने दूसरे राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे श्रीशंकर ने पहले प्रयास में 8.03 मीटर की कूद लगाई। दूसरे प्रयास में उन्होंने 8.09 मीटर का प्रदर्शन कर बढ़त बना ली। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर नहीं रही। जमैका के ताजे गेले ने 8.15 मीटर की कूद लगाकर पहला स्थान हासिल कर लिया। इसके बाद श्रीशंकर के तीसरे और चौथे प्रयास फाउल रहे। पांचवें प्रयास में उन्होंने 7.94 मीटर की कूद लगाई।

## खबर संक्षेप



### पुरूष टीम सेमीफाइनल में, महिला टीम बाहर

**ओंटारियो।** पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरूष टीम इंग्लैंड को हराकर विश्व स्क्वाश जूनियर टीम चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि महिला टीम अमेरिका से हारकर बाहर हो गई। भारतीय पुरूष टीम ने तीसरी वरीयता प्राप्त इंग्लैंड को हराया और मुकाबला अमेरिका से होगा। पिछले साल भारत ने इस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आर्यवीर दीवान ने रॉनी हिकलिंग को हराकर भारत को बढत दिलाई लेकिन इस्माइल खलील ने युशा नफीस को हराकर इंग्लैंड को बराबरी दिलाई। भारत के गुरवीर सिंह ने निर्णायक मुकाबला जीता। महिला वर्ग में हाल ही में विश्व जूनियर चैम्पियन बनी अनाहत सिंह ने दिया यादव को हराकर भारत को बढत दिलाई। लेकिन चार्लोट जे ने भारत की रूद्रा सिंह को हराया और अनिका दुबे को लिली बूरेल के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा।

### रूट फिर बने इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने दिग्गज बल्लेबाज जो रूट को फिर से टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बेन स्टोक्स के संन्यास लेने के बाद बोर्ड ने रूट को ये जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ-साथ ईसीबी ने स्टीफन फ्लेमिंग को अपनी टेस्ट टीम का नया कोच बनाया है। वह ब्रेंडन मैकुलम की जगह लेने के लिए तैयार हैं। ईसीबी ने गुरुवार 30 जुलाई को आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। ईसीबी ने कहा कि फ्लेमिंग का कोचिंग अनुभव टीम के काम आएगा। बोर्ड ने अपने बयान में कहा, फ्लेमिंग दुनिया के सबसे सम्मानित क्रिकेट कोच में से एक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका 18 साल का जुड़ाव रहा है। एक खिलाड़ी के तौर पर 111 मैचों के करियर में वे न्यूजीलैंड के सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहे। बतौर खिलाड़ी फ्लेमिंग न्यूजीलैंड के सबसे लंबे समय तक (80 टेस्ट) और सबसे सफल (28 जीत) टेस्ट कप्तान रहे।

# अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में कभी टेस्ट नहीं हारी भारतीय टीम, शानदार रहा उनका नेतृत्व

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आखिरकार अजिंक्य रहाणे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले ही लिया। लगभग डेढ़ दशक तक देश का प्रतिनिधित्व करने वाले रहाणे ने 2023 में अपना आखिरी मैच खेला।

अपने शानदार टेस्ट करियर में उन्होंने 38.46 की औसत के साथ 5,077 रन बनाए थे। उन्होंने भारतीय टीम की कप्तानी भी की। दिलचस्प रूप से रहाणे के नेतृत्व में भारतीय टीम कभी मैच नहीं हारी। उनकी कप्तानी में टीम के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

## रहाणे की कप्तानी में भारत ने जीते 4 टेस्ट

रहाणे ने पहली बार 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में कप्तानी की थी, जो भारत ने 8 विकेट से जीता था। कोहली की गैरमौजूदगी में रहाणे को कप्तानी का मौका मिला था। 2018 में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में भारतीय टीम पारी और 262 रन से जीती थी। 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न और ब्रिसबेन टेस्ट में टीम जीती, जबकि सिडनी टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ (कानपुर) टेस्ट में भी भारतीय टीम जीती थी।

## बतौर कप्तान बल्लेबाजी

रहाणे ने कप्तानी करते हुए 11 पारियों में 39.88 की औसत के साथ 359 रन बनाए थे। उन्होंने एक शतक भी लगाया था। भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए रहाणे ने अपना इकलौता शतक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न टेस्ट में



## इन कप्तानों की सूची में शामिल हुए रहाणे

भारत के 38 टेस्ट कप्तानों में से सिर्फ 4 ही ऐसे हैं जो कभी हारे नहीं। इनमें क्रिस श्रीकांत शामिल हैं, जिन्होंने भारत की कप्तानी 4 टेस्ट मैचों में की और एक भी मैच नहीं हारे। साथ ही हेमू अधिकारी और रवि शास्त्री भी हैं, जिन्होंने एक-एक बार टीम की कप्तानी की और कोई मैच नहीं हारे। रहाणे इनमें इकलौते ऐसे कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में भारत ने विदेश में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती है।

## शानदार रहा था रहाणे का अंतरराष्ट्रीय करियर

रहाणे ने भारत की ओर से जुलाई 2023 में अपना आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने भारत के लिए 85 टेस्ट की 144 पारियों में 38.46 की औसत से 5,077 रन बनाए। इसमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 90 वनडे में 35.26 की औसत के साथ 2,962 रन बनाए थे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 20 पारियों में 20.83 की औसत के साथ 375 रन बनाए थे।

# बचपन में गावित का काटना पड़ा था हाथ

## टी-47 100 मीटर में जीता स्वर्ण, बेसिल को रजत



ग्लासगो में खेले जा रहे राष्ट्रमंडल खेल 2026 में बुधवार को भारत के लिए ट्रैक एंड फील्ड में यादगार दिन रहा। दरअसल, पुरुषों की टी-47 100 मीटर दौड़ में दिलीप गावित ने 10.71 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी धावक मोहम्मद बेसिल ने 10.83 सेकंड के साथ जीता रजत। यह ग्लासगो खेलों में भारत का सिर्फ तीसरा ही स्वर्ण पदक रहा। इससे पहले मीराबाई चानू और शर्मिला धनखड़ ने अपने-अपने खेलों में स्वर्ण जीते थे।

## बचपन में पेड़ से गिर गए थे

गावित का जन्म 21 अप्रैल, 2003 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के छोटे से गांव तोरण डोंगरी में हुआ। वह एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उन्होंने इस पदक को जीतने के लिए कई आर्थिक चुनौतियों का सामना किया। वह बचपन में पेड़ से गिर गए थे, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई थी। अस्पताल में नहीं ले जाने के कारण संक्रमण बढ़ गया और आखिर में उनका हाथ काटना पड़ा था।

**राष्ट्रमंडल खेल 2026 पदक तालिका :** भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में अब तक कुल 15 पदक जीते हैं, जिनमें 3 स्वर्ण शामिल हैं। ग्लासगो खेलों में भारत ने 9 रजत और 3 कांस्य पदक जीते हैं। पदक तालिका में भारत फिलहाल 8वें स्थान पर है।

पाकिस्तान को हराया

# वेस्टइंडीज की जीत के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में 90 रन से शिकस्त मिली। जीत के लिए मिले 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की दूसरी पारी सिर्फ 120 रन पर ही सिमट गई। ब्रायन लारा स्टेडियम में हुए मैच का परिणाम चौथे दिन पर निकल गया। वेस्टइंडीज को जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में फायदा पहुंचा है।

## पाकिस्तान तालिका में आखिरी स्थान पर पहुंची

वेस्टइंडीज ने डब्ल्यूटीसी 2025-27 में अपनी सिर्फ दूसरी जीत दर्ज की है। कैरेबियाई टीम ने इस चक्र में अब तक 7 मैचों में हार (ड्रॉ-2) झेली है। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज की टीम 22.73 प्रतिशत अंको के साथ 8वें स्थान पर पहुंच गई है। दूसरी तरफ पाकिस्तान की यह चौथी हार है। मौजूदा चक्र में सिर्फ एक जीत दर्ज करने वाली पाकिस्तानी टीम आखिरी 9वें स्थान पर पहुंच गई है।

## ऐसी है भारत की स्थिति

भारतीय टीम 48.15 प्रतिशत अंक के साथ 5वें स्थान पर मौजूद है। इस चक्र में भारत ने 4 मैच जीते हैं और इतने ही मैचों में हार झेली है। इसके अलावा एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत से ऊपर बांग्लादेश की टीम चौथे स्थान पर है। वहीं, भारत से नीचे श्रीलंका छठे और इंग्लैंड सातवें स्थान पर है। श्रीलंकाई टीम ने एक मैच जीता है और एक ड्रॉ खेला है, जबकि इंग्लैंड ने 4 मैच जीते (हार- 8) हुए हैं।

## अन्य टीमों की स्थिति

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 87.50 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर मौजूद है। कंगारू टीम ने इस चक्र में 7 टेस्ट जीते हैं और एक में हार झेली है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 75.00 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। प्रोटियाज टीम ने 3 मैच जीते हैं और एक में हार का सामना किया है। न्यूजीलैंड की टीम 72.22 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। कीवी टीम ने 4 मैच जीते हैं और 1 में हार झेली है।

# डूरंड कप : एफसी रेंगदाई ने इंडियन नेवी को 1-0 से हराया

**इंफाल।** एफसी रेंगदाई ने बृहस्पतिवार को अपने पहले ही डूरंड कप मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले चरण के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली इंडियन नेवी फुटबॉल टीम को ग्रुप डी मुकाबले में 1-0 से हरा दिया।

एफसी रेंगदाई की ओर से स्थानापन्न खिलाड़ी खैदेम अमरजीत सिंह ने 58वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। यह डूरंड कप में एफसी रेंगदाई का पहला गोल भी था और इसी के दम पर टीम ने यादगार जीत दर्ज की।

# पैरा साइकिलिस्ट लिशा परसूट क्वालीफाइंग में ही हुईं बाहर

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो



भारतीय पैरा साइकिलिस्ट लिशा दास बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की सी 4 - सी 5 4,000 मीटर व्यक्तिगत परसूट क्वालीफाइंग स्पर्धा में छठे और अंतिम स्थान पर रहने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

## ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड की खिलाड़ी रहीं अव्वल

ऑस्ट्रेलिया की तारा नेलैंड ने 4:45.796 के समय के साथ क्वालीफाइंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि इंग्लैंड की मॉर्गन न्यूबेरी ने 5:06.470 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक की दौड़ में अपनी जगह पक्की कर ली। न्यूजीलैंड की निकोल मरे (5:06.878) और ऑस्ट्रेलिया की एरिन नॉर्मोयल (5:24.264) कांस्य पदक के मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया।

## नीले से केसरिया रंग पर हॉकी इंडिया ने दिया जवाब

# नीली जर्सी, नीला पिच, होती थी परेशानी, इसलिए केसरिया रंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने हॉकी विश्व कप 2026 के लिए हाल ही में भारतीय हॉकी टीम की नई जर्सी जारी की, जो कि केसरिया रंग की है। अब तक नीले रंग की जर्सी भारतीय टीम की पहचान रही है और नई केसरिया जर्सी की प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर खूब आलोचना की।

पूर्व भारतीय कप्तान विरेन रास्किन्हा ने भी जर्सी के रंग बदलने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। अब हॉकी इंडिया से इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



## एक जैसा रंग होने से खिलाड़ियों को दिक्कत

आलोचना का जवाब देते हुए हॉकी इंडिया ने कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों, कोचों और सपोर्ट स्टाफ के साथ बातचीत करने के बाद लिया गया था। हॉकी इंडिया ने बयान में कहा, मुख्य वजह तकनीकी थी। नीले रंग की प्लेइंग यूनिफॉर्म, नीली सिंथेटिक प्लेइंग सतह के साथ घुल-मिल जाती थी। नीली रंग की सतह अब इंटरनेशनल हॉकी पिचों का आदर्श रंग है। इस तरह एक जैसा रंग होने से खिलाड़ियों को मैदान पर देखने में दिक्कत होती थी।

## केसरिया रंग का है देश के लिए महत्व- हॉकी इंडिया

हॉकी इंडिया ने आगे कहा, इन बातों को ध्यान में रखते हुए, कोच और खिलाड़ियों ने पीले या केसरिया जैसे वैकल्पिक रंगों का सुझाव दिया। अच्छी तरह से विचार करने के बाद केसरिया रंग को चुना गया। तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के अलावा केसरिया रंग का गहरा महत्व भी है क्योंकि यह हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में से एक है और साहस, त्याग और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।

## पीली जर्सी भी पहन चुकी है टीम इंडिया : टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस फैसले का बचाव करते हुए कहा कि 2014 विश्व कप में टीम ने पीली जर्सी पहनी थी। जर्सी को लेकर यह बहस ऐसे समय में हो रही है जब भारत 2026



एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप की तैयारियों के अहम पड़ाव पर है।कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में एफआईएच प्रो लीग के आखिरी दौर में अच्छे प्रदर्शन के बाद भारत अपनी पूरी मजबूत टीम के साथ विश्व कप में उतरेगा।

# 27% OBC आरक्षण मामले में सरकार की दलीलों पर हाईकोर्ट सख्त

# '2019 में किस डेटा के आधार पर बढ़ाया दायरा?'

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े बहुचर्चित मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार की दलीलों पर कई तीखे सवाल उठाए। जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष हुई बहस में कोर्ट ने विशेष रूप से यह जानना चाहा कि 2019 में आरक्षण संशोधन करते समय सरकार ने किन ठोस आंकड़ों और ताजा क्वांटिफिएबल डेटा पर भरोसा किया था।हाईकोर्ट ने सरकार से 2019 के संशोधन के समय उपलब्ध वास्तविक आंकड़ों और उनके मूल्यांकन का ब्योरा मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को सुबह 11 बजे होगी, जहां राज्य सरकार अपनी शेष दलीलें पेश करेगी। सुनवाई के दौरान ओबीसी पक्ष की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह ने संविधान सभा की 23 नवंबर 1948 की बहस का हवाला देते हुए कहा कि आबादी के अनुपात में ओबीसी को आरक्षण मिलना चाहिए।दूसरी ओर, राज्य सरकार की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता के.एम. नटराजन ने महाजन आयोग (1982) और 2011 की जनगणना का तुलनात्मक विवरण रखा। सरकार ने तर्क दिया कि 2011 की जनगणना में OBC आबादी 53.29% थी, जबकि महाजन आयोग के समय नौकरियों में प्रतिनिधित्व मात्र 8.71% था, जिसे आधार बनाकर आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% किया गया। सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की 2022 की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया, जिसमें कुल प्रतिनिधित्व बढ़कर 28% होने की बात कही गई।



### हाईकोर्ट के तीखे सवाल

अदालत ने सरकार की दलीलों पर सवाल उठाते हुए, कहा कि जब महाजन आयोग के समय प्रतिनिधित्व 8.71% से बढ़कर 28% हो चुका है, तो यह स्वयं प्रतिनिधित्व में सुधार का संकेत है। 2019 में संशोधन करते समय 1982 की पुरानी रिपोर्ट का आधार क्यों लिया गया? 1982 से 2019 के बीच हुए बदलावों का आकलन किए बिना प्रतिशत कैसे तय हुआ?इंदिरा साहनी व एन.एम. थॉमस केस के संदर्भ पर पीठ ने स्पष्ट किया कि 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक आरक्षण केवल असाधारणजा परिस्थितियों और ठोस न्यायिक आंकड़ों के आधार पर ही टिक सकता है।

## सुनवाई का अवसर दिए बगैर आदेश पारित नहीं करें
### हाई कोर्ट का मप्र वक्फ बोर्ड को निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने मप्र वक्फ बोर्ड को निर्देश दिया है कि वक्फ सदर जामा मस्जिद के अध्यक्ष अब्दुल शफीक कुरैशी को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई आदेश पारित नहीं किया जाए। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने यह आदेश कुरैशी की ओर से दायर रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई के बाद दिया गया। सदर निवासी मोहम्मद इदरीस ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सदर बाजार स्थित जामा मस्जिद की वक्फ संपत्तियों और उनसे होने वाली आय में अनियमितता व वित्तीय गड़बड़ी के आरोप लगाए थे। हाई कोर्ट ने आठ जुलाई, 2026 को वक्फ बोर्ड को याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर 60 दिन में निर्णय लेने के निर्देश दिए थे। रिव्यू पिटीशन में अधिवक्ता तकमील नासिर ने तर्क दिया कि उनके पक्षकार को न नोटिस दिया गया और न ही अपना पक्ष रखने का अवसर मिला। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उक्त निर्देश जारी किए। याचिकाकर्ता की ओर से मुख्तार अहमद तथा वक्फ बोर्ड की ओर से उत्कर्ष अग्रवाल ने पैरवी की।

## पीएससी पास प्रोफेसर को प्रमोशन में पीछे किया
### हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

जबलपुर। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खंडवा के प्रोफेसर डा. सोमपाल सिंह ने वरिष्ठता, नियमितीकरण और पदोन्नति में कथित भेदभाव के खिलाफ हाई कोर्ट की शरण ली है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद राज्य सरकार, पीएससी सहित संबंधित अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। याचिका के अनुसार डा. सोमपाल सिंह ने वर्ष 1991 में पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन उनकी नियमित सेवा वर्ष 1994 से मानी गई। आरोप है कि दूसरी ओर डा. अविनाश दुबे ने पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी, फिर भी उन्हें वर्ष 1989 की नियुक्ति तिथि से नियमित सेवा का लाभ दिया गया। इसी वरिष्ठता के आधार पर डा. दुबे को वर्ष 2006 में प्रोफेसर पद पर पदोन्नति मिली, जबकि डा. सोमपाल को समान लाभ नहीं मिला। याचिका में अनुच्छेद 14 व 16 के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए वर्ष 1989 से वरिष्ठता और वर्ष 2006 से प्रोफेसर पद का लाभ मांगा गया है।

# रेलवे इंजन से कॉपर केबल चोरी करते युवक को आरपीएफ ने दबोचा



**जबलपुर।** रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) जबलपुर ने रेलवे यार्ड के जेईएसजी साइडिंग, गोहलपुर-रांझी क्षेत्र में रेल इंजन से कॉपर केबल चोरी करते एक युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान राजामन (19), निवासी आंचल नगर, छुई खदान, थाना सिविल लाइन, जबलपुर के रूप में हुई है। आरपीएफ के अनुसार आरोपी के कब्जे से 1.7 किलोग्राम कॉपर वायर, जिसकी अनुमानित कीमत 1,530 रुपये है, बरामद की गई। कार्रवाई आरक्षक हरिकेश दुबे की सतर्कता से संभव हुई, जबकि उपनिरीक्षक अरविंद सिंह ने मौके पर पहुंचकर जब्ती की कार्रवाई की। अभियान में उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह एवं प्रधान आरक्षक जितेंद्र तिवारी भी शामिल रहे। आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह कर रहे हैं।

## प्रयागराज-तिरुनेलवेली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी 4-4 फेरे
### जबलपुर सहित चार स्टेशनों पर ठहराव



जबलपुर। रेल यात्रियों की अतिरिक्त यात्रा मांग को देखते हुए रेल प्रशासन ने गाड़ी संख्या 04171/04172 प्रयागराज जंक्शन–तिरुनेलवेली जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन चार-चार ट्रिप के लिए करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन प्रयागराज से 1 अगस्त से 22 अगस्त 2026 तक प्रत्येक शनिवार तथा तिरुनेलवेली से 3 अगस्त से 24 अगस्त 2026 तक प्रत्येक सोमवार संचालित होगी।पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर और इटारसी स्टेशनों पर इस स्पेशल ट्रेन का ठहराव रहेगा। प्रयागराज से ट्रेन सुबह 10:20 बजे रवाना होकर जबलपुर शाम 4:40 बजे तथा तीसरे दिन दोपहर 1:15 बजे तिरुनेलवेली पहुंचेगी। वहीं वापसी में तिरुनेलवेली से रात 11:30 बजे चलकर तीसरे दिन जबलपुर शाम 6:05 बजे और चौथे दिन सुबह 3:30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। रेल प्रशासन के अनुसार ट्रेन में 2 एसी थर्ड, 9 स्लीपर, 6 सामान्य द्वितीय श्रेणी तथा 2 एसएलआरडी सहित कुल 19 कोच लगाए जाएंगे।

# ठगी : मोबाइल हैक कर 95 हजार उड़ाए
## एटीएम कार्ड बदलकर 1.33 लाख की ठगी



जबलपुर। शहर में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अधारताल और ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में सामने आए दो अलग-अलग मामलों में साइबर बदमाशों ने अलग-अलग तरीके अपनाकर दो लोगों से कुल 2 लाख 28 हजार 923 रुपये की ठगी कर ली। दोनों मामलों में पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अधारताल पुलिस के अनुसार रविंद्र नगर निवासी शुभम जैन ने शिकायत दर्ज कराई कि 4 जून को उनका मोबाइल अचानक हैक हो गया। बाद में जब उन्होंने अपने पिता कमल कुमार जैन के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते की जांच की तो उसमें से 95 हजार 123 रुपये गायब मिले। बैंक से जानकारी लेने पर पता चला कि राशि एसबीआई के एक खाते में ट्रांसफर की गई है। पीड़ित का आरोप है कि अज्ञात साइबर ठग ने मोबाइल हैक कर खाते से रकम निकाल ली।

वहीं, ग्वारीघाट थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक 77 वर्षीय सतीशचंद्र भारद्वाज एटीएम से नकदी निकालने चंडी माता के सामने स्थित एसबीआई एटीएम पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे खड़े एक व्यक्ति ने उनका ध्यान भटकाते हुए उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। अगले दिन बैंक से कॉल आने पर उन्हें पता चला कि उनके खाते से 1 लाख 33 हजार 800 रुपये निकाल लिए गए हैं। कार्ड की जांच करने पर पता चला कि उनके पास मौजूद कार्ड उनका नहीं था। दोनों मामलों में पुलिस ने धारा 318(4)

### झूठी पहचान बताकर शादीशुदा ने किया शोषण बनाया धर्मपरिवर्तन का दबाव

# महिला आरक्षक हुई प्रेमजाल की शिकार

**जबलपुर।** शहर की एक महिला आरक्षक ने एक अधिवक्ता पर फर्जी पहचान के जरिए विश्वास जीतकर लंबे समय तक शारीरिक और मानसिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने खुद को अविवाहित बताकर विवाह का भरोसा दिलाया, जबकि बाद में पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है और अपनी वास्तविक पहचान भी छिपाए हुए था।

शिकायत के अनुसार वर्ष 2024 में दोनों की मुलाकात न्यायालय परिसर में हुई थी। आरोपी ने अपना नाम बदलकर परिचय दिया और धीरे-धीरे विवाह का विश्वास दिलाते हुए संबंध स्थापित किए। इस दौरान उसने पीड़िता को यह भी भरोसा दिलाया कि तलाक के बाद वह उससे विवाह करेगा। इतना ही नहीं, सरकारी नौकरी का हवाला देकर दो से अधिक बच्चों पर कानूनी परेशानी आने की बात कहकर उसने पीड़िता को एक बच्चे की कस्टडी उसके पूर्व पति को सौंपने के लिए भी तैयार कर लिया।



कुछ समय बाद सोशल मीडिया के माध्यम से पीड़िता को आरोपी की वास्तविक पहचान और उसके पहले से विवाहित होने की जानकारी मिली। विरोध करने पर आरोपी द्वारा कथित रूप से मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया और कई धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया।

महिला का यह भी आरोप है कि वर्तमान में गर्भवती होने के बावजूद आरोपी बच्चे को स्वीकार करने से इनकार कर रहा है तथा गर्भपात कराने का दबाव बना रहा है।

पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित महिला के साथ-साथ हिन्दू संगठनों ने भी आरोपी का डीएनए टेस्ट कराने और उसे तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।

# चेन स्नेचिंग का नया तरीका

**जबलपुर।** शहर में चेन स्नेचिंग की वारदातों के बीच विजयनगर क्षेत्र में बदमाशों ने वारदात का नया तरीका अपनाया है। झपट्टा मारने के बजाय आरोपी ने किसी नुकीली वस्तु या हुकनुमा उपकरण से महिला के गले में पहनी सोने की चेन फंसाकर पलभर में छीन ली और फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

**हुक फंसाकर महिला के गले से 10 ग्राम सोने की चेन उड़ाई**

विजयनगर पुलिस के अनुसार एचबी कॉलेज के पास रहने वाली आशा शमा सुबह रोज की तरह मॉर्निंग वॉक कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक पहले उनके आगे निकला, फिर कुछ दूरी पर लौटकर खड़ा हो गया, मानो उनका इंतजार कर रहा हो। जैसे ही महिला उसके पास पहुंचीं, आरोपी ने किसी नुकीली वस्तु से उनके गले में पहनी करीब 10 ग्राम वजनी सोने की चेन फंसाकर झटके से खींच ली और तेज रफ्तार से फरार हो गया।

पीड़िता की शिकायत पर विजयनगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# खितौला श्मशान घाट में पत्थर पटककर वृद्धा की हत्या, पति गंभीर
## झोपड़ी बनाकर रहते थे दंपत्ति, अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज

**जबलपुर।** खितौला थाना क्षेत्र में श्मशान घाट के समीप गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक टपरिया में रह रहे बुजुर्ग दंपती पर अज्ञात हमलावरों ने देर रात हमला कर दिया। हमले में वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा के अनुसार, चम्पू बर्मन अपनी पत्नी कृष्णाबाई बर्मन के साथ पिछले लगभग 10 वर्षों से श्मशान घाट के पास बनी टपरिया में रह रहे थे। बुधवार देर रात दोनों सो रहे थे, तभी अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे और किसी भारी पत्थरनुमा वस्तु (चीप) से कृष्णाबाई के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।पत्नी की चीख सुनकर चम्पू बर्मन ने हमलावरों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी उसी वस्तु से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।



सुबह करीब 9 बजे कृष्णाबाई के भाई सुरेश बर्मन टपरिया पहुंचे तो बहन का शव खून से लथपथ पड़ा मिला, जबकि चम्पू बर्मन घायल अवस्था में तड़प रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। दोनों को तत्काल सिहोरा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने कृष्णाबाई को मृत घोषित कर दिया। वहीं चम्पू बर्मन की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर जांच जारी है।



# बीटी तिराहा में मकान में जमा था जुए का फड़

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने बुधवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए बीटी तिराहा स्थित एक मकान में संचालित जुआ फड़ पर छापा मारकर 20 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जुआ फड़ से 84 हजार 870 रुपये नकद तथा 52-52 पत्तों की तीन गड्डियां जब्त की हैं। पुलिस के अनुसार मकान मालिक ही अपने घर से जुए का संचालन करा रहा था।विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीटी तिराहा स्थित अर्पित सिंह के मकान की पहली मंजिल पर दबिश दी। वहां बंद कमरे में ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी जुआरियों को मौके से पकड़ लिया। पूछताछ में मकान मालिक अर्पित सिंह ने अपने घर से जुआ फड़ संचालित करना स्वीकार किया।

# अमृतकाल में जर्जर सड़क ने मानवता को झकझोरा
## हाथ ठेले पर गांव पहुंचा 11 वर्षीय बच्ची का शव

**जबलपुर।** बरगी क्षेत्र के ग्राम मोठार में गुरुवार को एक ऐसी मार्मिक घटना सामने आई, जिसने विकास और मूलभूत सुविधाओं के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। इलाज के दौरान दम तोड़ चुकी 11 वर्षीय बच्ची का शव सड़क की बदहाली के कारण परिजनों को हाथ ठेले पर गांव तक ले जाना पड़ा। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। आजादी के अमृतकाल में इस तरह की मार्मिक घटनाएं हृदय को पीड़ा पहुंचाती है और जनप्रतिनिधियों के कथित वायदों व संवेदनशीलता पर भी सवाल उठाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोठार निवासी रामस्वरूप मरावी की 11 वर्षीय पुत्री माया मरावी का नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। परिजन निजी वाहन से शव लेकर गांव लौट रहे थे, लेकिन गांव से पहले ही कीचड़ और जर्जर सड़क में वाहन फंस गया। काफी प्रयासों के बावजूद वाहन आगे नहीं बढ़ सका और उसे वापस लौटाना पड़ा।



मजबूरी में ग्रामीणों ने बरगी नगर से एक हाथ ठेला मंगवाया। इसके बाद मासूम बच्ची के शव को उसी ठेले पर रखकर गांव तक पहुंचाया गया। इस दर्दनाक घटना ने ग्रामीणों को झकझोर दिया और क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति को उजागर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मोठार गांव की सड़क वर्षों से बदहाल है। बरसात के मौसम में गांव का संपर्क लगभग कट जाता है। मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को अस्पताल तक पहुंचाना बड़ी चुनौती बन जाता है। उनका आरोप है कि कई बार 108 एम्बुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंचती और मरीजों को मुख्य सड़क तक लाना या वहीं छोड़ने की नौबत आ जाती है। घटना के बाद शंकर लाल वरकड़े, लेखराम, वृंदावन वरकड़े, धुरन सिंह, साजन यादव, पुन्नलाल, पंजीलाल कुलस्ते, राजू गोंड, नर्मदा प्रसाद, रतीराम, ओम सिंह, प्रकाश मसराम, वीर सिंह परस्ते, ब्रजकिशोर, महेश यादव, रंजीत मरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क निर्माण, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और आपातकालीन सेवाओं की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी परिवार को भविष्य में ऐसी पीड़ा और विवशता का सामना न करना पड़े, इसके लिए क्षेत्र की बदहाल सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं में शीघ्र सुधार किया जाना आवश्यक है।

# साइबर ठगों ने 4 लोगों को बनाया निशाना

**जबलपुर।** शहर में साइबर ठग लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। कोई खुद को सीआरपीएफ जवान बताकर सस्ता फर्नीचर बेचने का झांसा दे रहा है, तो कोई बंद पड़ी बीमा पॉलिसी का पैसा दिलाने का दावा कर लोगों से रकम ऐंठ रहा है। वहीं व्हाट्सएप पर भेजे गए लिंक और इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच देकर भी लोगों के बैंक खाते खाली किए जा रहे हैं। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सामने आए चार मामलों में साइबर अपराधियों ने कुल 2 लाख 49 हजार 32 रुपये की ठगी को अंजाम दिया है। पुलिस ने सभी मामलों में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**फर्नीचर, बीमा, व्हाट्सएप लिंक के नाम पर ढाई लाख की ठगी**

**रिटायर्ड इंजीनियर से 30 हजार रुपये ठगे-** लार्डगंज थाना क्षेत्र के यादव कॉलोनी निवासी एवं एमपीईबी के सेवानिवृत्त एसई सुधीर खरे को एक साइबर ठग ने खुद को सीआरपीएफ जवान बताकर फोन किया। आरोपी ने ट्रांसफर होने का हवाला देते हुए घर का फर्नीचर बेचने की बात कही और व्हाट्सएप पर तस्वीरें भेजीं। 70 हजार रुपये में सौदा तय होने के बाद एडवांस के रूप में 30 हजार रुपये खाते में जमा करा लिए। बाद में इंश्योरेंस के नाम पर और पैसे मांगने पर पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बीमा पॉलिसी की राशि दिलाने का झांसा-** माढ़ोताल निवासी अजय चड़ार को एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को संतोष मिश्रा बताया और बंद पड़ी बीमा पॉलिसी की राशि दिलाने का भरोसा दिया। प्रोसेसिंग फीस और विदेश में फंसी राशि निकालने के नाम पर अलग-अलग किश्तों में कुल 46,239 रुपये यूपीआई से जमा करा लिए। इसके बाद आरोपी ने संपर्क बंद कर दिया। पुलिस साइबर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

**व्हाट्सएप लिंक खोलते ही खाते से 75 हजार रुपये साफ-** गोहलपुर निवासी वेल्डिंग कारीगर मोहम्मद रिजवान के मोबाइल पर दोस्त के नंबर से एक व्हाट्सएप लिंक आया। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो गया और कुछ ही देर में केनरा बैंक खाते से 75 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर गोहलपुर थाना पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अंचित महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240